www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, गुरुवार,21 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-166 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश **02**

■ प्रदूषण को लेकर सरकार गंभीर
■ शकूरबस्ती ट्रेन सेट डिपो वंदेभारत सेवाओं का प्रमुख... **03**

■ यूक्रेन ने युद्ध समाप्त करने को लेकर दुनिया से...
■ सिख फॉर जस्टिस प्रमुख पन्नून सुरक्षा एजेंसियों की... **07**

गणेशोत्सव पर वरुण धवन ने लालबागचा राजा ... **10**

## सार संक्षेप

### मांगें पूरी न होने पर टिकैत ने दी आंदोलन करने की चेतावनी



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि अगर सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। राकेश टिकैत ने संवाददाताओं से कहा कि लखनऊ में किसानों का हालिया आंदोलन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर किसी राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित नहीं था।

### असम-नागालैंड सीमा पर सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत



**गुवाहाटी।** असम-नागालैंड सीमा क्षेत्र के मारियानी इलाके में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। असम के जोरहाट जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक वाहन कोहिमा से मरियानी आ रहा था जब विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। ट्रक के ड्राइवर और उसके सहायक की हालत गंभीर है।

### रामबन में बिजली गिरने से 40 भेड़-बकरियों की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बिजली गिरने से कम से कम 40 भेड़ और बकरियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर शाम रामबन जिले के बनिहाल के हिंजल घास के मैदान में बिजली गिरी। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और भेड़ पालन विभाग के अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने कहा, अभी तक बिजली गिरने से 40 भेड़-बकरियों के मरने की पुष्टि हुई है।

### इंडिगो फ्लाइट में यात्री ने की गेट खोलने की कोशिश



**नई दिल्ली।** चेन्नई जाने वाली इंडिगो की उड़ान से पहले एक यात्री ने आपातकालीन गेट खोलने की कोशिश की। इससे सभी सहयात्री घबरा गए। घटना बुधवार तड़के दिल्ली से चेन्नई जा रही इंडिगो की उड़ान में हुई। यात्री मणिकंदन को चेन्नई पहुंचने पर सीआईएसएफ को सौंप दिया गया।

### गाजियाबाद में मिड-डे मील से 26 बच्चे बीमार पड़े

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के प्रेम नगर कॉलोनी के एक प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मिड-डे मील के दौरान दूध पीने से 26 बच्चे बीमार पड़ गए। दूध से बच्चों को मतली और उल्टी होने लगी। इसके बाद उन्हें स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पास

## पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 व विरोध में 2 वोट पड़े



कुछ लोगों के लिए महिला सशक्तीकरण चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी के लिए यह राजनीति नहीं, मान्यता का मुद्दा है: अमित शाह, गृह मंत्री

■ आज राज्यसभा में पेश किया जाएगा बिल
■ बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने रखे विचार

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। अब गुरुवार को यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा कि यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

### ये 2024 का चुनावी जुमला : ललन सिंह



ये 2024 का चुनावी जुमला है। इंडिया गठबंधन से सरकार घबरा गई और ये बिल लेकर आई। इनकी मंशा सही होती तो 2021 में जनगणना शुरू करवा दी होती। इससे अब तक जनगणना पूरी हो जाती और महिला आरक्षण 2024 से पहले लागू हो जाता।

**यह युग बदलने वाला विधेयक : शाह**

महिला आरक्षण बिल पर डिबेट का जवाब देने अमित शाह आए। उन्होंने कहा- संविधान के संशोधित करने वाले 128वें संशोधन पर बात करने के लिए मैं यहां खड़ा हूं। ये कहते ही विपक्ष का हंगामा शुरू कर दिया। इस पर शाह मुस्कुराते हुए राहुल गांधी की तरह बोले, डरो मत। शाह ने कहा, महिला आरक्षण बिल युग बदलने वाला विधेयक है। कल का दिन भारतीय संसद के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा। देश में एससी-एसटी के लिए जितनी सीटें आरक्षित हैं, उनमें से भी 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित हो जाएंगी। कुछ लोगों के लिए महिला सशक्तीकरण चुनाव जीतने का मुद्दा हो सकता है, लेकिन मेरी पार्टी और मेरे नेता मोदी के लिए यह मुद्दा राजनीति नहीं, बल्कि मान्यता का मुद्दा है। मोदी ने ही भाजपा में महिलाओं को पार्टी पदों पर 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाया।

## महिला आरक्षण बिल सबसे पहले राजीव लाए : सोनिया



सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में 7 वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ये सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी का बिल है, जिसने गोल किया, नाम उसी का होता है। हमारे प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ये बिल लेकर आई है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है।

# ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा : राहुल

## कांग्रेस नेता ने कहा, यह बिल आज से ही लागू होना चाहिए



**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर बहस में हिस्सा लिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक बहुत महत्वपूर्ण है। इस बिल को तुरंत ही लागू किया जाना चाहिए। राहुल ने कहा कि वे इस विधेयक के समर्थन में हैं, लेकिन ओबीसी आरक्षण के बिना महिला आरक्षण अधूरा रहेगा। यह एक बड़ा कदम है, लेकिन मेरे लिए यह अधूरा है, क्योंकि ओबीसी महिलाओं के एक बड़े हिस्से के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

**90 में से सिर्फ तीन सचिव ओबीसी**

इस देश में केंद्र सरकार में 90 सचिव हैं और उनमें से सिर्फ तीन ही अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं और यही पांच फीसदी लोग बजट को कंट्रोल करते हैं। यह ओबीसी समुदाय का अपमान है। राहुल ने कहा कि सवाल यह है कि इस देश में कितने ओबीसी, कितने दलित, कितने आदिवासी हैं... इसका जवाब सिर्फ जातिगत जनगणना से मिल सकता है। महिला आरक्षण विधेयक को आज पारित कीजिए और लागू कीजिए। परिसीमन और जनगणना की कोई जरूरत नहीं है। सीधे 33 फीसदी आरक्षण महिलाओं को दे दीजिए। आप जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी कीजिए। अगर आपने जारी नहीं किए तो हम जारी कर डालेंगे।

**राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था**

राहुल ने संसद भवन के बारे में कहा कि यह एक अच्छी इमारत है। इसकी दीवारों पर सुंदर मोर बने हैं, लेकिन मैं इस भवन में भारत के राष्ट्रपति को भी देखना पसंद करूंगा। जब सांसदों को पुरानी संसद से नई संसद में ले जाया जा रहा था तो राष्ट्रपति को मौजूद होना चाहिए था।

## कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए परामर्श जारी

# भारत सरकार ने सतर्क रहने की दी सलाह

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। सरकार ने कनाडा में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों, राजनीति प्रेरित घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा को देखते हुए वहां रह रहे सभी भारतीय नागरिकों और वहां यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने और भारतीय मिशनों के सतत संपर्क में रहने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक यात्रा परामर्श जारी करके यह आग्रह किया है। कनाडा में हाल ही में विशेष रूप से उन भारतीय राजनयिकों और भारतीय समुदाय के उन वर्गों को धमकाने का काम किया गया है जो भारत विरोधी एजेंडे का विरोध करते हैं। परामर्श में कहा गया है, इसलिए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे कनाडा के उन क्षेत्रों और संभावित स्थानों की यात्रा करने से बचें जहां ऐसी घटनाएं हुई हैं। भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने की सलाह दी गई है।



■ भारतीय मिशनों के लगातार संपर्क में रहने का किया आग्रह

### ट्रूडो का बयान, तनाव नहीं बढ़ाना चाहते

टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक कैनेडियन प्रधानमंत्री का रुख कुछ नर्म दिखा। उन्होंने कहा कि हम इस तनाव को बढ़ाना नहीं चाहते। हमने कुछ फैक्ट्स सामने रखे हैं। हम चाहते हैं कि इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ काम करें ताकि हर चीज क्लीयर हो सके।

## सर्वोच्च अदालत ने दो मुद्दों पर दी सुनवाई की तारीख

# अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर को सुनवाई

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में अवैध प्रवासियों की नागरिकता पर 17 अक्टूबर और लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी आरक्षण पर 21 नवंबर को सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पांच जजों की संविधान बेंच इन मामलों की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट बुधवार 20 सितंबर को इन दोनों मामलों के अलावा क्रिमिनल केसों में सांसदों को सदन में वोट या भाषण देने की छूट देने से जुड़े कुल तीन मामलों पर सुनवाई करने वाली थी। 15 अगस्त 1985 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने असम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसमें 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक राज्य में आए अवैध प्रवासियों को वहां का नागरिक माना गया था। इन लोगों को धारा 18 के तहत खुद को देश के नागरिक के रूप में रजिस्टर्ड करना था।



■ लोकसभा-विधानसभा में एससी-एसटी आरक्षण पर भी मिली तारीख

**आरक्षण की अवधि बढ़ाने को लेकर याचिका दायर की थी**

सुप्रीम कोर्ट में संसद और राज्य की विधानसभाओं में एससी-एसटी के लिए आरक्षण की अवधि 10 साल से बढ़ाने के मामले में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। जिनमें आरक्षण देने वाले 79वें संविधान संशोधन अधिनियम 1999 की वैधता को चुनौती दी गई थी। 2 सितंबर 2003 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाएं पांच जजों की संविधान बेंच को ट्रांसफर कर दी थीं। संविधान के अनुच्छेद 330 में संसद और विधानसभा में एससी-एसटी को आरक्षण देने का प्रावधान है।

### सांसदों को मुकदमे से छूट देने के फैसले पर होगा पुनर्विचार

सुप्रीम कोर्ट ने पीवी नरसिम्हा राव मामले में अपने 1998 के फैसले पर पुनर्विचार करने पर सहमति जता दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए सात न्यायाधीशों की एक बड़ी पीठ गठित करने का फैसला किया है। पीठ यह देखेगी कि क्या कोई सांसद या विधायक सदन में भाषण देने या किसी विशेष तरीके से वोट देने के लिए रिश्वत लेने के लिए अभियोजन से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि वह मामले पर नए सिरे से सुनवाई के लिए सात सदस्यीय पीठ गठित करेगी।

**सात सदस्यीय पीठ गठित की जाएगी**

# महाराष्ट्र में पिछले 72 घंटों में 7 किसानों ने की आत्महत्या



**यवतमाल**, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में पिछले 72 घंटे में सात किसानों ने आत्महत्या कर ली है। इस घटना से पूरा महाराष्ट्र हिल गया है।

विदर्भ जन आंदोलन समिति के अध्यक्ष और शिवसेना (यूबीटी) नेता किशोर तिवारी ने कहा, पिछले तीन दिनों से भी कम समय में यवतमाल से 6 और वर्धा से 1 किसान के आत्महत्या की खबर आई है। तिवारी ने कहा, आत्महत्या करने वालों में यवतमाल में हिवारी के प्रवीण काले, खिडकी के ट्रैबैंक केरम, शिवनी के मारोती चव्हाण, अर्जुन के गजानंद शिंदे, बनेगांव के तेवीचंद राठोस, जामवाडी के नितिन पाणे और वर्धा के रन्तापुर के दिनेश मडावी किसान शामिल हैं। तिवारी ने कहा कि इनमें से 6 आत्महत्याएं पिछले 48 घंटों में और एक आत्महत्या एक दिन पहले रविवार को हुई थी।

■ कर्ज के भारी बोझ और फसल की बर्बादी से परेशान थे किसान
■ इस साल आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या 1586 हुई

**'सरकार से नहीं मिल रही मदद'**

उनमें से अधिकांश समाज के वंचित वर्गों से हैं और उन्होंने भारी कर्ज के बोझ, फसल की बर्बादी और राज्य सरकार से बहुत कम या कोई मदद नहीं मिलने के कारण यह कदम उठाया। वीजेएएस नेता ने कहा कि लेटेस्ट मौतों के साथ जनवरी 2023 से राज्य में आत्महत्या करने वाले किसानों की संख्या बढ़कर 1586 हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि विदर्भ जैसे छोटे से क्षेत्र से हर रोज एक-दो किसानों की आत्महत्या की खबरें मिल रही हैं।

## अयोध्या में होगा भव्य समारोह

# 16-24 जनवरी के बीच गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

**लखनऊ,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को व्यापक बनाने के लिये विश्व हिंदू परिषद ने अपनी संगठनात्मक शक्ति लगानी शुरू कर दी है। देश भर के संतों का प्रतिनिधित्व समारोह में शामिल होगा। आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विहिप की अखिल भारतीय धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 16 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीरामलला विराजमान हो जाएंगे। प्राणप्रतिष्ठा समारोह में देश भर के करीब चार हजार संतों को आमंत्रित करने की योजना है। विहिप उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने देश के विभिन्न प्रांतो से आए धर्माचार्य संपर्क प्रमुखों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा।



■ चार हजार संत समारोह में होंगे शामिल

# कांग्रेस नेता सज्जन कुमार बरी

## 1984 में सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या का आरोप था

**नई दिल्ली**, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। 1984 सिख दंगों से जुड़े दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 लोगों की हत्या मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया है। सुल्तानपुरी इलाके में 1984 के सिख दंगों के दौरान 3 लोगों की हत्या हुई थी। सुल्तानपुरी दंगे में सीबीआई की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन कुमार भीड़ को भड़का रहे थे। जुलाई 2010 में कड़कड़डूमा कोर्ट ने सज्जन कुमार , ब्रह्मानंद, पेरु, कुशल सिंह और वेद प्रकाश के खिलाफ 3 लोगों की हत्या के मामले में आरोप तय किया था। अब करीब 13 साल बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार सहित अन्य आरोपियों को इस मामले में बरी कर दिया है। सिख दंगों से जुड़े जनकपुरी और विकासपुरी में सिखों की हत्या के मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय किए थे।

राजनीति

## विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में रिपोर्ट की जारी

# हाई बीपी पर नियंत्रण कर भारत रोक सकता है 46 लाख मौत

**नई दिल्ली, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत हाई बीपी की बीमारी पर नियंत्रण पाकर 2040 तक 4.6 मिलियन मौतों को रोक सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के दौरान हाई बीपी के विनाशकारी वैश्विक प्रभाव पर अपनी पहली रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 188.3 मिलियन वयस्क हाई बीपी से पीड़ित हैं।**

50 प्रतिशत नियंत्रण दर हासिल करने के लिए, हाई बीपी से पीड़ित 67 मिलियन से अधिक लोगों का प्रभावी ढंग से इलाज करने की आवश्यकता होगी। कुल 37 प्रतिशत भारतीयों में हाई बीपी की समस्या पाई गई है। पुरुषों में 32 प्रतिशत और महिलाओं में 42 प्रतिशत इस रोग से पीड़ित हैं। कुल पीड़ितों में से 30 प्रतिशत लोगों को ही इलाज मिल पाता है। महिलाओं में 35 प्रतिशत और पुरुषों में 25 प्रतिशत को इलाज का लाभ मिला है।



■ भारत में 30-79 वर्ष की आयु के 188.3 मिलियन लोग हैं पीड़ित

**केवल 15 फीसदी का हाई बीपी नियंत्रण में**

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में केवल 15 प्रतिशत लोगों का हाई बीपी नियंत्रण में है (महिलाओं में 19 प्रतिशत और पुरुषों में 11 प्रतिशत)।

अनियंत्रित हाई बीपी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और समय से पहले मौत का कारण माना जाता है। रिपोर्ट से पता चला है कि देश में हृदय रोगों से होने वाली 52 प्रतिशत मौतों का कारण हाई बीपी हो सकता है।

**विश्व स्तर पर तीन में से एक व्यस्क है प्रभावित**

विश्व स्तर पर हाई बीपी दुनिया भर में तीन वयस्कों में से एक को प्रभावित करता है। हाई बीपी से पीड़ित हर पांच में से चार लोगों का पर्याप्त इलाज नहीं किया जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर देश कवरेज बढ़ा सकते हैं, तो 2023 और 2050 के बीच 76 मिलियन मौतों को रोका जा सकता है।

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, 'हाई बीपी को सरल, कम लागत वाली दवा के साथ प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन हाई बीपी वाले पांच में से केवल एक व्यक्ति ने ही इसे नियंत्रित किया है।'

देश

उवाच

हमें किसी भी विधेयक से कोई नुकसान नहीं है। हमें नुकसान केवल इसलिए हुआ है क्योंकि प्रशासन जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से डरता है। वे यहां पर बेताज बादशाहों की तरह बैठे हुए हैं। हम उन लोगों से डरे हुए हैं जो यहां चुनाव कराने से भाग रहे हैं।

-उमर अब्दुल्ला, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 27.0 |

# नारी शक्ति वंदन बिल आधा-अधूरा : अखिलेश

## महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर केंद्र की मोदी सरकार पर उठाए सवाल



**जब जनगणना व परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता तो भाजपा को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी : अखिलेश यादव**

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में नारी शक्ति वंदन विधेयक पर विपक्ष व सत्तापक्ष ने अपनी राय रखी। इस कड़ी में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाते हुए इसे आधा-अधूरा विधेयक करार दिया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा, नई संसद के पहले दिन ही भाजपा सरकार ने 'महाझूठ' से अपनी पारी शुरू की है। जब जनगणना और परिसीमन के बिना महिला आरक्षण बिल लागू हो ही नहीं सकता, जिसमें कई साल लग जाएंगे, तो भाजपा सरकार को इस आपाधापी में महिलाओं से झूठ बोलने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार न जनगणना के पक्ष में है न जातिगत गणना के, इनके बिना तो महिला आरक्षण संभव ही नहीं है। ये आधा-अधूरा विधेयक 'महिला आरक्षण' जैसे गंभीर विषय का उपहास है, इसका जवाब महिलाएं आगामी चुनावों में भाजपा के विरुद्ध वोट डालकर देंगी।

### महिला आरक्षण बिल सरकार का एक और जुमला : जदयू

जनता दल यू के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने विधेयक का समर्थन किया लेकिन कहा कि आम चुनाव से छह महीने पहले लाया गया नारी शक्ति वंदन विधेयक, 2023 मोदी सरकार का एक और जुमला है। उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि विशेष सत्र बुलाकर पेश किए गए इस विधेयक में यह नहीं पता है कि निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन कब होगा और यह विधेयक कब लागू होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का गरीबों, पिछड़ों, अति पिछड़ों के कल्याण में कोई विश्वास नहीं है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के वक्त जो वादे जनता से किए थे, वे सब जुमले साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ रोजगार देने और विदेशों से काला धन लाकर गरीबों में वितरित करने के वायदे किए थे, जो पूरे नहीं हुए।

उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार को अच्छी तरह समझ चुकी है और इसकी बातों में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का विधेयक भी जुमला ही साबित होगा।

## महिलाओं को वंदन की नहीं, सम्मान व समानता की जरूरत : कनिमोझी



**नई दिल्ली।** द्रविण मुनेत्र कषगम ने बुधवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर महिला आरक्षण विधेयक को राजनीतिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया और कहा कि महिलाओं को पूजा और वंदन की जरूरत नहीं है, उसे समानता और सम्मान की जरूरत है। लोकसभा में 'संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023' पर चर्चा में भाग लेते हुए द्रमुक की सदस्य कनिमोझी ने इसका समर्थन किया और कहा, ''लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा ने इसे भी राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। वर्ष 2024 के चुनावों को ध्यान में रखकर यह विधेयक लाया गया है।

## महिला आरक्षण बिल मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा : स्टालिन



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने महिला आरक्षण विधेयक को मौजूदा स्वरूप के लिए चुनावी हथकंडा करार देते हुए कहा कि 2029 में ही लागू होने वाली किसी चीज के लिए अभी विधेयक को अपनाना अजीब चाल है। इसके लिए समय सीमा की कोई गारंटी नहीं है। द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने यह सुनिश्चित करने को लेकर भी जोर दिया कि क्या इसमें पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए भी आरक्षण है। उन्होंने यह भी मांग की कि केंद्र तमिलनाडु और पूरे दक्षिण भारत के लोगों को आश्वस्त करे कि परिसीमन अभ्यास उन राज्यों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा जो अपनी आबादी को नियंत्रित करने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा, परिसीमन तमिलनाडु और दक्षिण भारत के सिर पर लटकी तलवार की तरह है। दक्षिण भारत के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की राजनीतिक साजिश को नाकाम किया जाना चाहिए। स्टालिन ने यहां एक बयान में जनगणना के आधार पर परिसीमन का जिक्र किया और कहा कि राजनीतिक रूप से सतर्क तमिलनाडु के साथ विश्वासघात करने के प्रयास को नाकाम किया जाना चाहिए। महिला विधेयक को चुनावी हार की आशंका से पहले शुरू किया गया हथकंडा करार देते हुए द्रमुक प्रमुख ने कहा कि जनगणना और परिसीमन नहीं हुआ है तो से पहले 2029 में लागू होने वाले इस विधेयक को अभी अपनाना अजीब चाल है, जिसके लिए इस बात की भी कोई गारंटी नहीं है कि यह कब होगा। स्टालिन ने जानना चाहा कि केंद्र ने महिला विधेयक को पारित कराने में उतनी दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई, जिस तरह से उसने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 फीसदी आरक्षण लाने के लिए विधेयक पारित किए। लोग भाजपा शासन को समझ गए हैं, जो पिछले नौ वर्षों से इस मामले पर उदासीन होने के बाद अब विधेयक लाकर उनकी आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रही है, यह एक चुनावी हथकंडा है।

## तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय तेलंगाना सीएमओ के व्हाट्सएप चैनल का उपयोग करके लोग सीएम केसीआर की खबरों से अपडेट रह सकते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि किस प्रकार उम्मीदवार इस चैनल से जुड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि सबसे व्हाट्सएप एप्लिकेशन खोलें। मोबाइल पर अपडेट अनुभाग चुनें। डेस्कटॉप पर चैनल टैब पर क्लिक करें। फिर प्लस बटन पर क्लिक करें और चैनल ढूंढें चुनें। टेक्स्ट बॉक्स में तेलंगाना सीएमओ टाइप करें और सूची से चैनल चुनें। सुनिश्चित करें कि चैनल नाम के आगे हरा टिक मार्क है। फॉलो करें बटन पर क्लिक करें और तेलंगाना सीएमओ चैनल से जुड़ें। सीएमओ द्वारा भेजे गए विज्ञापन सीधे व्हाट्सएप पर देखें। अधिकारी ने बताया कि नागरिक ऊपर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी तेलंगाना सीएमओ व्हाट्सएप चैनल से जुड़ सकते हैं।

### तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कहा कि विधानसभा सत्र राज्य सचिवालय परिसर के विधानसभा हॉल में सुबह 10 बजे शुरू होगा। सत्र के संक्षिप्त होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के खर्चों के लिए अतिरिक्त अनुदान को मंजूरी प्रदान की जाएगी। इस सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक एक धनशोधन मामले में मंत्री वी.सेंथिलबालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाए रखने सहित कई मुद्दों को उठाना चाहता है।




# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

टीचर : अगर एक तरफ पैसा हो और दुसरी तरफ अक्ल हो तो तुम क्या चुनोगे ?
गट्टू : टीचर मै तो पैसा लूंगा।
टीचर : गलत, मैं अक्ल चुनूंगी।
गट्टू : आप की मरजी। जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो उस चीज को चुनता है।

# प्रदूषण को लेकर सरकार गंभीर

## पर्यावरण मंत्री ने पराली के मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण व कृषि मंत्री को लिखा पत्र



**सर्दी में प्रदूषण के खिलाफ सार्थक कार्य योजना बनाने के लिए समीक्षा बैठक हो : गोपाल राय**

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को दिल्ली में सर्दी के मौसम में पराली से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर संबंधित राज्यों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक करने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में पर्यावरण मंत्री ने सर्दी के दिनों में पराली से प्रदूषण के बढ़ने वाले खतरे से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए सार्थक कार्य योजना बनाने और उसके कार्यान्यवन को लेकर केंद्रीय मंत्री से समीक्षा

बैठक करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के अंदर पूरी गंभीरता के साथ प्रदूषण के खिलाफ काम कर रही हैं और आगे भी करती रहेगी, लेकिन सर्दियों के मौसम में दिल्ली में होने वाली प्रदूषण की जो समस्या है, उसका निपटान बिना संयुक्त अभियान के करना कठिन है। ऐसे में हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार इस वर्ष के विंटर एक्शन प्लान को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए दिल्ली सरकार का सहयोग करे। ऐसे में हमने आज इस पत्र के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि पराली पर सभी सम्बन्धित राज्यों के साथ जल्द से जल्द समीक्षा बैठक करें।

बीते तीन अगस्त को पराली को लेकर एनसीआर के राज्यों के संबंधित मंत्रियों के साथ बैठक हुई थी। फिर भी पराली जलाने की घटनाएं सामने आ रही है। इसलिए सभी संबंधित राज्यों के साथ समीक्षा बैठक करने की आवश्यकता है।

### ठंड में प्रदूषण की समस्या काफी बढ़ जाती है

पत्र के बारे में जानकारी देते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर ठंड के मौसम में प्रदूषण की समस्या काफी बढ़ जाती है। सर्दियों के मौसम में प्रदूषण बढ़ने के बहुत से कारण हैं। इसमें पराली जलाना, पटाखे, वाहन प्रदूषण, धूल प्रदूषण आदि शामिल हैं। इन्ही सब कारकों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार इस बार 15 फोकस बिंदुओं पर आधारित विंटर एक्शन प्लान तैयार कर रही है। 15 फोकस बिंदुओं में मुख्यत: हॉट स्पॉट, पराली, धूल प्रदूषण, वाहनों से होने वाले प्रदूषण, खुले मेंकूड़ा जलाना, औद्योगिक प्रदूषण, ग्रीन वार रूम एवं ग्रीन एप, रियल टाइम अपोरशमेंट स्टडी, ई-वेस्ट ईको पार्क, हरित क्षेत्र को बढ़ाना, वृक्षारोपण, अर्बन फार्मिंग, जन भागीदारी को बढ़ावा, पटाखे जलाने पर रोक और केंद्र सरकार एवं पड़ोसी राज्यों के साथ संवाद जैसे बिंदु शामिल है। साथ ही सभी विभागों को विंटर एक्शन प्लान को लेकर 15 फोकस बिंदुओं पर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत पर्यावरण विभाग विंटर एक्शन प्लान की संयुक्त कार्ययोजना तैयार करेगा। दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदम के परिणाम स्वरूप पिछले 9 सालों में पीएम-10 में 42 प्रतिशत और पीएम-2.5 में 46 प्रतिशत की कमी आई है। इस वर्ष भी केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए तमाम उपायों के परिणाम स्वरूप दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। हम चाहेंगे कि केंद्र सरकार हमारा सहयोग करे, ताकि सर्दियों में वायु प्रदूषण के खतरे से दिल्ली को बचाने के लिए हम सार्थक कार्ययोजना बना सकें और उसे कार्यान्वित कर सकें।

# पांच नए स्कूल बना रही है दिल्ली सरकार : शैली



**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार पांच नए स्कूल बना रही है। दो माह के भीतर इन स्कूलों का उद्घाटन कर दिया जाएगा। इसके अलावा पांच स्कूलों के लिए नई बिल्डिंग का शिलान्यास दिसम्बर तक हो जाएगा। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने इस संबंध में कहा कि नरेला, बवाना, प्रेम नगर, जनता विहार और विष्णु गार्डन में दो माह के भीतर स्कूल बनकर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा निगम के स्कूलों में चौथी और पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे छात्रों के लिए ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर मेयर ने नरेला, बवाना, प्रेम नगर, जनता विहार और विष्णु गार्डन में निगम विद्यालयों के नए बनाए जा रहे भवनों की प्रगति रिपोर्ट मांगी। इनके संबंध में अधिकारियों ने बताया कि इन स्कूलों का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।

# शकूरबस्ती ट्रेन सेट डिपो वंदेभारत सेवाओं का प्रमुख अनुरक्षण केंद्र

## रेलयात्रियों को बेजोड़ सुविधा प्रदान कर रही है वंदेभारत एक्सप्रेस

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर रेलवे का ट्रेन सेट डिपो, शकूरबस्ती भारत का पहला अनुरक्षण ट्रेनसेट डिपो है जो इस समय वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के तीन रैकों का रखरखाव करता है और जो वंदेभारत एक्सप्रेस के 3 मार्गों पर सेवाएं प्रदान कर रहा है। वंदेभारत एक्सप्रेस समयबद्धता के शानदार रिकॉर्ड के साथ रेलयात्रियों को सुविधा और आराम दोनों मामलों में बेजोड़ सेवाएं प्रदान कर रही है।

पहले रैक, जिसने कुल 1.3 मिलियन किलोमीटर की दूरी तय कर ली है, को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली- वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में भारत के उद्घाटन के लिए हरी झंडी दिखाई गई थी। इस सेवा के दूसरे रैक को गृह मंत्री द्वारा पांच अक्टूबर 2019 को नई दिल्ली-श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली मार्ग पर हरी झंडी दिखाई गई। डिपो ने कुल मिलाकर तीन मिलियन किलोमीटर से अधिक के लिए 99 प्रतिशत से अधिक विश्वसनीयता के साथ वंदेभारत सेवाएं प्रदान की हैं। 19 अक्टूबर 2022 को वंदे भारत के बेड़े में एक और सेवा नई दिल्ली-अंब अंदौरा-नई दिल्ली वंदेभारत एक्सप्रेस को माननीय



प्रधानमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वंदेभारत एक्सप्रेस के नाम से मशहूर रैक श्रेणी की पहली सेवा वर्ष 2019 से बेजोड़ सेवाएं प्रदान कर रही है। लेकिन 1.2 मिलियन किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद, रैक का विशेष अनुरक्षण किया गया।

ट्रेनसेट डिपो इस बात का जीवन्त उदाहरण है कि कैसे अच्छी तरह से प्रशिक्षित और समर्पित कर्मचारी एक जटिल परियोजना की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनके समर्पित सेवा भाव ने वंदेभारत एक्सप्रेस को एक विश्वस्तरीय ट्रेन बनाने में मदद की है जो भारत में यात्री रेल यात्रा के नए मानक स्थापित कर रही है। वंदेभारत प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने के नाते, डिपो ने वंदेभारत के रखरखाव में 1300 से अधिक कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है।

## सार संक्षेप

### सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन पर 5वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएसई इंडिया हैबिटेट सेंटर में संपन्न हुआ, जिसे यूनेस्को, यूएनईपी, सीईई, टेरी और अन्य तीन दर्जन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया था। 19 सितंबर को जलवायु परिवर्तन और सस्टेनेबिलिटी के लिए शिक्षा विषय पर शुरू हुए कार्यक्रम में 10 से अधिक देशों के लगभग 600 वैश्विक विचारकों, शिक्षकों, नीति निर्माताओं और पर्यावरणविदों की भागीदारी देखी गई, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ ठोस प्रयासों के लिए एकजुट हुए। मोबियस फाउंडेशन द्वारा आयोजित आईसीएसई, सस्टेनेबिलिटी एजुकेशन के लिए एक प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में विकसित हुआ है। आईसीएसई 2023 में मोबियस फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप बर्मन भी शामिल थे, जिन्होंने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। अन्य में व्यक्तियों में, जादव पाऐंग, जिन्हें भारत के वन पुरुष के रूप में जाना जाता है, द माउंटेन मैन डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, हेस्को के संस्थापक, डॉ.जेन गुडॉल, डीबीई; जेन गुडॉल इंस्टीट्यूट और यूएन मैसेंजर ऑफ पीस, डोना गुडमैन, अर्थ चाइल्ड इंस्टीट्यूट, यूएसए की संस्थापक, पूनम मुत्तरेजा, पीएफआई की कार्यकारी निदेशक, और पर्यावरणविद्-श्री कार्तिकेय साराभाई, सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन सीईई के संस्थापक निदेशक शामिल थे।

### लेनोवो ने तीन हाइब्रिड गेमिंग स्टोर किए लॉन्च

**नई दिल्ली।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने दिल्ली में हाइब्रिड गेमिंग स्टोर के रूप में अपने तीन स्टोर की लांचिंग की। नेहरू प्लेस में स्थित स्टोर, लैपटॉप, डेस्कटॉप, मॉनिटर और एक्सेसरीज सहित लेनोवो गेमिंग और कंजूमर प्रोडक्ट की एक विस्तृत श्रंखला पेश करेंगे। लेनोवो इंडिया के उत्तर और पूर्वी भारत के महाप्रबंधक और बिजनेस हेड विपुल माथुर ने कहा कि हम दिल्ली में तीन हाइब्रिड गेमिंग स्टोर लॉन्च करके बेहद उत्साहित हैं। यह लेनोवो की गेमिंग कम्युनिटी को अत्याधुनिक तकनीक और इमर्सिव गेमिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। हम अपनी तकनीक को युवा पेशेवरों और कॉलेज के छात्रों के लिए आसानी से सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं उन्हें गेमिंग की दुनिया का पता लगाने और उसमें शामिल होने के लिए एक सेंट्रल हब प्रदान कर रहे हैं। इस लॉन्च के साथ, हम गेमिंग में क्रांति लाने और दिल्ली और उसके बाहर अपने उपभोक्ताओं के लिए अपने बहुमुखी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ असीमित संभावनाओं को खोलने की अपनी यात्रा जारी रखते हैं।

### पास्को अर्थमूवर्स एलएलपी का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने दिल्ली एनसीआर में अपनी नई डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स एलएलपी का उद्घाटन किया। यह नई उद्घाटित अत्याधुनिक सुविधा दिल्ली-एनसीआर में बेमिसाल ग्राहक अनुभव देने के लिए तैयार है। इस डीलरशिप का मुख्यालय फरीदाबाद में है। 40,000 वर्गफीट में बनी इस सुविधा में लगभग 160 कर्मचारी हैं जो बिक्री, सेवा एवं पार्ट्स की सेवाएं देने वाले कुशल पेशेवर हैं। इस फैसिलिटी में 5-बे इंटिग्रेटिड वर्कशॉप है, साथ ही दो मोबाइल सर्विस वैन, एक पार्ट्स वैन और एक लाइवलिंक कमांड सेंटर है जो सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव एवं सहयोग सुनिश्चित करता है। जेसीबी इंडिया के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक दीपक शेट्टी ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में विश्व स्तरीय डीलरशिप पास्को अर्थमूवर्स का उद्घाटन करते हुए हम बहुत खुश हैं।

# निगम में स्थाई समिति न बनने के कारण जनहितैषी कार्य हो रहे प्रभावित : इकबाल

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को निगम की आप सरकार की अकर्मण्यता पर प्रश्न उठाते हुए निगम में स्थाई समिति एवं वार्ड समिति का गठन न होने पर दिल्ली की महापौर से जवाब मांगा। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जबसे निगम में आप सरकार आई है दिल्ली की तरक्की में व्यवधान उत्पन्न हो गया है। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मेयर को स्पष्टीकरण देना चाहिए कि निगम में स्थाई समिति का गठन न होने के कारण जो संकट पैदा हुआ है इसका जिम्मेदार कौन होगा। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि स्थाई



- आप सरकार की अकर्मण्यता पर उठाए प्रश्न
- राजधानी के विकास में उत्पन्न हो गया है व्यवधान

समिति का गठन न होने के कारण साफ सफाई का काम करने वाली एजेंसी का अनुबंध समाप्त होने की दिशा में इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

### कर्मचारियों के साथ नहीं होंने देंगे नाइंसाफी

हम कर्मचारियों के साथ ऐसी नाइंसाफी नहीं होने देंगे तथा उनको पूरा वेतन दिलवा कर रहेंगे। राजा इकबाल सिंह ने वार्ड नंबर 20 के दो स्वच्छता कर्मियों के दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला भी उठाया जिसमे एक कर्मचारी की जान चली गई एवं एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल है। मृत कर्मचारी के परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं दोनो कर्मचारियों के आश्रितों को उचित मुआवजा भी जल्दी देना चाहिए।

# एमसीडी स्कूल में अनुपस्थित शिक्षकों पर की जाए सख्त कार्रवाई : आतिशी

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को संगम विहार जी ब्लॉक स्थित एमसीडी स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रिंसिपल को बिना बताए दो शिक्षक ड्यूटी से गायब मिले। यही नहीं, शिक्षकों की लंबे समय से अनुपस्थित के चलते मिशन बुनियाद से जुड़े डाटा में भी अनियमितता मिली। शिक्षा मंत्री ने इस पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार सुबह संगम विहार के जी ब्लॉक स्थित एमसीडी स्कूल



**शिक्षा मंत्री ने एमसीडी स्कूल का किया औचक निरीक्षण**

का निरीक्षण किया। इस दौरान एक कक्षा में शिक्षक अनुपस्थित थे और विद्यार्थी क्लासरूम से बाहर घूम रहे थे। जब प्रिंसिपल से शिक्षक की अनुपस्थिति का कारण पूछा गया तो उनके पास इसका कोई जबाव नहीं था। फोन करके जब शिक्षक की जानकारी ली गई तो पता चला कि वह स्कूल से बाहर हैं। शिक्षकों के हाजिरी रजिस्टर के साथ जब क्लासरूम की जांच की गई तो पता चला कि एक और शिक्षक गायब है। इस पर आतिशी ने प्रिंसिपल को फटकार लगाते हुए दोनों शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने पाया कि कुछ शिक्षक ऐसे हैं, जो लगातार कई बार महीनों तक अनुपस्थित रहे हैं।

# वॉट्सऐप चैनल से जुड़े केजरीवाल, सबसे पहले साझा की तस्वीरें

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बुधवार को वॉट्सऐप चैनल से जुड़ गए। वॉट्सऐप चैनल से जुड़ने के चंद घंटे में ही मुख्यमंत्री के 23 हजार से अधिक फालोवर्स हो गए हैं। वॉट्सऐप चैनल के जरिए देशभर के लोग अब सीएम अरविंद केजरीवाल से सीधा संपर्क कर पाएंगे। सोशल मीडिया में सक्रिय रहने और जनता से मिलते-जुलते रहने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री वॉट्सऐप चैनल से जुड़े हैं। केजरीवाल ने वॉट्सऐप चैनल पर जुड़ने पर खुशी व्यक्त करते हुए दिल्ली और देश के लोगों को अपने



- मुख्यमंत्री ने वॉट्सऐप चैनल पर जुड़ने पर जताई खुशी

मित्रों और परिवारजनों में साझा करने और उनसे अधिक से अधिक से जुड़ने की अपील की है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने वॉट्सऐप चैनल पर रामेश्वरम् की तीर्थ यात्रा पर गए दिल्ली के बुजुर्गों से मुलाकात करते हुए की कुछ तश्वीरें भी साझा की हैं। इन बुजुर्गों को दिल्ली सरकार ने अपने खर्चे पर तीर्थ यात्रा पर भेजा है। सीएम ने वॉट्सऐप चैनल से जुड़ने पर कहा कि इस चैनल के माध्यम से आपसे जुड़कर बेहद खुशी हुई।

### केजरीवाल ने लोगों से की अपील

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को वॉट्सऐप चैनल पर अपील करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की उपलब्धियों, नए कार्यक्रमों एवं अन्य जानकारियों को लगातार प्राप्त करने के लिए इस चैनल के साथ जुड़े रहें। हम दिल्ली को एक ऐसा शहर बनाने की दिशा में काम रहे हैं, जिस पर हर भारतीय को गर्व हो सके। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा है कि मुझे ये बताते हुए भी खुशी हो रही है कि पिछले ही हफ्ते हमने 780 बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री रामेश्वरम के दर्शन के लिए भेजा है। जाने से पहले मैं खुद सभी बुजुर्गों से मिला, उनका प्यार मिला। आपके साथ उस मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर कर रहा हूं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों** (नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला) पर दो-पहिया और अन्य पार्सल की पैकिंग सेवाएँ के लिए 03 (तीन) वर्षो का अनुबंध पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॅडयूल के माध्यम से बोलियां अमंत्रित की जाती है।

| क्रम संख्या | ई-निलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है: |
|---|---|---|
| 1 | 03.10.2023 को प्रातःकाल 11:00 बजे | नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला (5 पांच रेलवे स्टेशनो) पर दो-पहिया और अन्य पार्सल की पैकिंग सेवाएँ के लिए 03 (तीन) वर्षो का अनुबंध । |

**महत्वपूर्ण सूचना :महत्वपूर्ण सूचना :**

1 ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है।

2 **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।

3 रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों बंद करने/जारी रखने के संबंध मे कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2923/23


# डेंगू को लेकर जागरुकता अभियान चलाएगी सरकार : भारद्वाज

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को कहा कि राजधानी में मच्छरों के पैदा होने वाले स्थलों की संख्या स्थिर हो गई है और अधिकारियों को पूरी दिल्ली में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली में डेंगू की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले सप्ताह, हमने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। उस बैठक के दौरान, एमसीडी अधिकारियों ने हमारे साथ डेटा साझा किया जिससे पता चलता है कि मच्छर पैदा होने वाले स्थलों की संख्या स्थिर हो गई है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वास्थ्य विभाग और मुख्य सचिव को डेंगू जागरूकता के लिए एक व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया है क्योंकि हम पीक सीजन के करीब हैं। इस बार यह अभियान नहीं चलाया गया है। सात अगस्त को जारी एमसीडी रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 5 अगस्त तक डेंगू के 348 मामले दर्ज किए गए। एमसीडी ने पिछले कई हफ्तों से डेंगू और मच्छर जनित अन्य बीमारियों पर रिपोर्ट जारी नहीं की है, जबकि पिछले हफ्ते एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया था कि वह उनके प्रसार को रोकने के लिए अपना नियमित काम कर रहा है और स्थिति नियंत्रण में है।

**राजधानी में पांच अगस्त तक दर्ज किए गए डेंगू के 348 मामले**

# युवाओं के हाथ में देश का भविष्य सुरक्षित : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्वांचल छात्र मिलन समारोह में पूर्वांचली भाजपा नेताओं ने छात्रों से एवीबीपी उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि



युवाओं के हाथ में देश का भविष्य सुरक्षित है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश भक्त युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है अपातकाल की चुनौती से लेकर जब जब देश के उपर संकट आया है एवीबीपी के युवाओं ने भारत माता की सेवा की है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में) |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 02 वर्ष |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 83.79 लाख केवल |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 1,67,600/- |
| 5. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) | रू शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 25.09.2023 से दिनांक 16.10.2023 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 16.10.2023 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 02.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गयी है। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते है। |

संख्याः 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-एच.एच-17-23-24
दिनांकः 19.09.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2919/23



**रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ट्रेन नंबर में बदलाव**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों की संख्या को बदलने का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाडियां उनके समक्ष दर्शाई गई तिथि से नई रेलगाड़ी संख्या के साथ संचालित की जाएंगी :-

| मौजूदा | | | संशोधित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. | से | तक | रेलगाड़ी सं. | से | तक | प्रभावी तिथि |
| 14811 | सीकर | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 14713 | सीकर | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 04.10.2023 |
| 14812 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | सीकर | 14714 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | सीकर | 04.10.2023 |
| 14711 | ऋषिकेश | श्रीगंगानगर | 14816 | ऋषिकेश | श्रीगंगानगर | 01.10.2023 |
| 14712 | श्रीगंगानगर | ऋषिकेश | 14815 | श्रीगंगानगर | ऋषिकेश | 01.10.2023 |
| 19791 | जयपुर | हिसार | 14734 | जयपुर | बठिण्डा | तत्काल प्रभाव से |
| 14825 | हिसार | जयपुर | 14733 | बठिण्डा | जयपुर | |
| 09603 (79603*) | जयपुर | बठिण्डा | 04704 (54704*) | जयपुर | बठिण्डा | 01.10.2023 |
| 09604 (79604*) | बठिण्डा | जयपुर | 04703 (54703*) | बठिण्डा | जयपुर | 01.10.2023 |
| 01625 (54765*) | धूरी | बठिण्डा | 04765 (54765*) | धूरी | बठिण्डा | 01.10.2023 |
| 01626 (54766*) | बठिण्डा | धूरी | 04766 (54766*) | बठिण्डा | धूरी | 01.10.2023 |
| 04643 (54785*) | फिरोजपुर कैंट | फाजिल्का | 04785 (54785*) | फिरोजपुर कैंट | फाजिल्का | 01.10.2023 |
| 04644 (54786*) | फाजिल्का | फिरोजपुर कैंट | 04786 (54786*) | फाजिल्का | फिरोजपुर कैंट | 01.10.2023 |

2931/23

किसी भी जानकारी के लिए रेलयात्री कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो एक्सपोमार्ट में आयोजित हो रहा है। एक्वा लाइन का नॉलेज पार्क-2 स्टेशन इसे सीधे कनेक्ट करता है। स्टेशन से आयोजन स्थल की दूरी महज 500 मीटर है। इसलिए लोग इसका ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करेंगे:-

**लोकेश एम, एनएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर**

## 7.5 मिनट के अंतराल पर मिलेगी मेट्रो सेवा

### आठ मेट्रो स्टेशनों पर रहेगी पार्किंग



**नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में कल से दो बड़े इंटरनेशनल इवेंट होने जा रहे हैं। 21 सितम्बर से यूपी का पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो और दूसरा 22 सितम्बर से मोटो जीपी बाइक रेस होने जा रही है। इन दोनों इवेंट में आने वाले मुसाफिरों के लिए नोएडा मेट्रो ने अपनी फ्रिक्वेंसी में बदवाल किया है। आज से 7.5 मिनट के अंतराल पर सुबह आठ से रात 10 बजे तक मेट्रो चलेंगी। इसके अलावा एक्सप्रेस ट्रेन अपने समय से चलेगी। एक्वा लाइन के आठ मेट्रो स्टेशन पर पार्किंग की सेवा रहेगी। इसमें सेक्टर-51, सेक्टर-76, एनएसईजेड, सेक्टर-142, सेक्टर-137 , परी चौक , अल्फा-1 और डेल्टा-1 स्टेशन शामिल है। वर्तमान में एक्वा लाइन से 50 हजार से ज्यादा मुसाफिर रोजाना सफर कर रहे है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी एक सप्ताह में यहां राइडर शिप में तेजी से बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा स्टेशन की सुरक्षा को भी चाकचौंबद कर दिया गया है। एनएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर लोकेश एम ने बताया कि यूपी इंटरनेशन ट्रेड शो एक्सपोमार्ट में आयोजित हो रहा है। एक्वा लाइन का नॉलेज पार्क-2 स्टेशन इसे सीधे कनेक्ट करता है। स्टेशन से आयोजन स्थल की दूरी महज 500 मीटर है। इसलिए लोग इसका ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करेंगे।

## वीडियो लाइक कराकर ठगी करने वाले 4 गिरफ्तार

### वाहट्एप और टेलीग्राम से जोड़कर देते थे टास्क, 24 लाख से ज्यादा की कर चुके ठगी

**नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। वाहट्सऐप पर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर अलग-अलग प्रकार के टास्क देकर ठगी करने वाले 4 बदमाशों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग अब तक 25 लाख से ज्यादा की ठगी कर चुके है। मई में मिली एक शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस ने जांच की। इनकी पहचान तरुण कौशिक, मनीष, अरुण और सिद्धार्थ हुई है। इनका एक साथी अभी फरार है। साइबर प्रभारी रीता यादव ने बताया कि नोएडा निवासी शोभित गुप्ता ने बताया कि 11 मई 2023 को उनके वाट्सएप नंबर पर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर आया। इस जॉब में घर बैठे सिर्फ छोटे-छोटे यू ट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक करने का टास्क दिया गया। इसके बदले में बैंक के खातों में छोटी-छोटी धनराशि ट्रांसफर की गई। इसके बाद



बड़ी धनराशि का लालच दिया गया। उसे एक फर्जी टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। इसके बाद अलग-अलग खातों में करीब 7 लाख 94 हजार 800 रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद बदमाशों ने अपने फोन बंद कर दिए।

#### ठगी के दौरान बदमाशों की भूमिका

रीता यादव ने बताया कि बदमाश तरुण कौशिक धोखाधड़ी से प्राप्त पैसों को क्रिप्टोकरेंसी में कंवर्ट कराकर राजीव बंसल के जरिए अन्य खातों में पैसा मंगवाया जाता था। मनीष बैंक में फर्म के नाम पर करंट आकउंट खुलवाकर अरुण के जरिए तरुण को देता था। इन खातों से मनीष धोखाधाड़ी कर आए पैसों का 15 प्रतिशत कमीशन लेता था। वहीं अरुण 20 प्रतिशम कमीशन लेता था। सिद्धार्थ शर्मा का काम वर्चुअल मोबाइल नंबर लेकर पीड़ित को कॉल करना और वाट्सऐप पर अपडेट करना और पैसा इन्वेस्ट करना था। इसको 20 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी दी जाती थी। जो पैसा धोखाधड़ी कर इन बैंक खातों में आता था। उसे एटीएम से निकालकर ये आपस में बांट लेते थे। इसमे राजीव बंसल की तलाश की जा रही है।

#### महिलाओं को वृद्धा पेंशन का देते थे लालच

ये जो डेटा लेते थे उनमे इनका टारगेट पर बुजुर्ग महिलाएं भी होती थी। ये उनको वृद्धा पेंशन का लालच देकर उनके करंट एकाउंट खुलवाते थे। साथ ही वर्चुअल मोबाइल नंबर से टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब के नाम पर कालिंग करते थे। फर्जी टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर यूजर आईडी पासवर्ड लिंक देकर इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर वीडियो लाइक कराते थे। बड़ी अमाउंट होने पर उसे क्रिप्टो करेंसी में बदलते थे। ये अब तक इस तरह के 10 से 15 खाते खुलवा चुके है।

## एचपीडीए उपाध्यक्ष निकले निरीक्षण में तत्काल कराए अवैध निर्माण सील

### मानचित्र स्वीकृत कराकर कराए निर्माण : डॉ. नितिन गौड़

**हापुड़,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। हापुड़-पिलखुआ विकास प्राधिकरण के नवनियुक उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान शुरू





कर दिया है। इसी कड़ी में शिकायत मिलने पर उन्होंने गढ़ गेट पर खुद निरीक्षण किया और मौके पर किये जा रहे अवैध निर्माण को सील करने के निर्देश दिए। श्री गौड़1

गौड़ ने गढ़ गेट पुलिस चौकी क्षेत्र में मीट की दुकान के पीछे हाजी दानिश एवं हाजी बदरू द्वारा किये जा रहे अनाधिकृत निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर स्वयं मौके का निरीक्षण किया। जहां अवैध निर्माण चलता हुआ पाया गया। उपाध्यक्ष ने निर्देष दिये हैं कि अनाधिकृत निर्माण को तत्काल नियमानुसार सील किया जाये। जिसके क्रम में प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने आदेशो का त्वरित अनुपालन सुनिष्चित करते हुए अनाधिकृत निर्माण को सील कर दिया। उपाध्यक्ष नितिन गौड़ ने यह भी निर्दश दिये गये कि प्राधिकरण विकास क्षेत्र के अन्तर्गत कहीं भी अनाधिकृत निर्माण अथवा अनाधिकृत कालोनी किसी भी दशा में विकसित न होने दी जाये तथा अनाधिकृत निर्माण अथवा अनाधिकृत कालोनी का विकास प्रारम्भ होते ही उ0 प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाये।

उपाध्यक्ष ने जन-सामान्य से भी अपील की गई कि प्राधिकरण से नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही भवन निर्माण प्रारम्भ करें, ताकि बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। प्राधिकरण सचिव एके सिंह भीउनके साथ रहे।

## सार संक्षेप

### नोएडा सेक्टर 104 स्थित एक लक्जरी होटल 'विश लेजर' का हुआ भव्य उद्घाटन

नोएडा। नोएडा सेक्टर 104 स्थित एक उत्कृष्ट लक्जरी बुटीक होटल, विश लीजर के भव्य उद्घाटन हुआ। इस होटल तक प्रस्तावित जेवर हवाई अड्डे के साथ-साथ आनंद विहार और नई दिल्ली रेलवे स्टेशनों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। नोएडा में आगामी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपो की प्रत्याशा के साथ, विश लेज़र विश्राम और शानदार जीवन अनुभव की इच्छा रखने वालों के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरा है। इसकी रणनीतिक स्थिति इसे व्यापारिक यात्रियों के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। विश लेज़र अपने शानदार डिज़ाइन, विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ विलासिता को फिर से परिभाषित करता है जिसमें सुचारू नेटवर्क/वाई-फाई, डिजिटल लाकर और चाभिया, वॉलेट पार्किंग इत्यादि भी शामिल है जिसका लक्ष्य मेहमानों की संतुष्टि के लिए निरंतर प्रतिबद्धता है।

### घर में बैठे पार्ट टाइम नौकरी करने का झांसा देकर युवती से 21 लाख ठगे

**नोएडा**। साइबर अपराधी ने घर बैठे पार्ट टाइम नौकरी कर लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर युवती से 21 लाख 10 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता को टेलीग्राम ऐप के एक ग्रुप में जोड़कर ठगी की गई। साइबर क्राइम ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भंगेल निवासी निकिता कुमारी ने बताया कि वह ऑनलाइन पार्ट टाइम नौकरी तलाश रही थीं। इसी दौरान एक अनजान नंबर से उसके पास मैसेज आया, जिसमें टास्क पूरा कर घर बैठे प्रति माह लाखों रुपये कमाने की बात कही गई। मैसेज में दिए गए नंबर पर कॉल करने पर महिला को टास्क देकर टेलीग्राम ऐप के एक ग्रुप में जोड़ दिया गया। टास्क पूरा करने से पहले कुछ धनराशि जमा करवाई गई। इसके बाद जालसाज ने एक वेबसाइट पर युवती की एक यूजर आइडी बनवाई। साथ ही, कहा कि जमा धनराशि इस वेबसाइट पर दिखाई देगी। उसका लिंक भी दिया। शुरुआती टास्क पूरा करने पर जालसाज ने 100 रुपये पेटीएम में ट्रांसफर किए। युवती ने अपनी कुल जमा पूंजी के साथ ही दोस्तों और करीबियों से रकम उधार लेकर उक्त खातों में ट्रांसफर की। साइबर क्राइम थाने की प्रभारी रीता यादव ने बताया कि नाइजीरियन गिरोह द्वारा ठगी करने की आशंका है। लोग ऐसे लुभावने काम के झांसे में न आएं।

## रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के लिए 27 को होगी पहली बैठक

**नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना और नए नोएडा क्षेत्र का रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम तैयार करने के लिए 27 सितंबर को पहली बैठक होगी। इसमें प्राथमिक स्तर पर किए जाने वाले काम को लेकर चर्चा होगी। इसके बाद सलाहकार कंपनी नियुक्त करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी की जाएगी। रीजनल प्लान तैयार करने के प्रस्ताव पर 13 अगस्त को हुई बोर्ड बैठक में मुहर लगी थी। अब जिले के तीनों प्राधिकरण की एक समिति गठित की जानी है, जिसका अध्यक्ष नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को नियुक्त किया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने समिति के सदस्य नामित करने के लिए ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण को पत्र लिख दिया है। समिति के निर्णय के हिसाब से आगे की प्रक्रिया होगी।

**इसके लिए समिति का गठन किया, सीईओ होंगे अध्यक्ष**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना, डीएनजीआईआर (दादरी-नोएडा-गाजियाबाद-निवेश क्षेत्र) क्षेत्र का ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन मोबिलिटी प्लान बनाया जाएगा। इन क्षेत्रों में आने वाले समय में यातायात की कोई समस्या न उत्पन्न हो, इसको देखते हुए यह योजना तैयार की जाएगी। इसके साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए रीजनल प्लान तैयार करने के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति की जाएगी। इस काम पर आने वाले खर्चे का वहन नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण मिलकर वहन करेंगे। अधिकारियों की मानें नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के क्षेत्र के अलावा नए नोएडा को औद्योगिक टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मोदीनगर, हापुड़ आदि पर भी प्रभाव पड़ेगा, इसलिए पूरे पश्चिमी क्षेत्र को आर्थिक जोन सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जो रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा उसमें अर्बन प्लानिंग, एरनवायमेंटर इंजीनियरिंग, ट्रांसपोर्ट प्लानिंग और शहरी अर्थशास्त्र क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि रीजनल प्लान बनाने के लिए तमिलनाडु राज्य द्वारा तैयार किए गए रीजनल कनेक्टिविटी प्लान के आधार पर आरएफपी तैयार की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं,कई का मौके पर हुआ निस्तारण

**गाजियाबाद**, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बुधवार



को अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान अनेक पीड़ित अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आये, जिनमें जिले की लगभग सभी विधानसभाओं से अनेक शिकायतकर्ता शिकायतें लेकर आऐं। जिसमें कुछ शिकायतों को मौके पर जिलाधिकारी द्वारा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया और कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## बंद पड़े घरों की रेकी करके चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, सुनार समेत चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना साहनी गेट परिषद बुधवार को घरों में राखी करने के बाद चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 51 हजार रुपए नकद एक तमंचा दो चाकू तथा तथा चोरी किए गए सोने में चांदी के आभूषण व लोहे की रोड बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि यह लोग साइकिल पर सवार होकर दिन में त्योहारों के आसपास कॉलोनी में जाकर रेकी करते थे उसके बाद जिस मकान में ताला लगा होता था उसको तोड़कर सामान चुरा लेते थे। यह लोग साइकिल पर इसलिए रहते थे ताकि ऊपर कोई शक ना हो। पुलिस उपायुक्त नगर में अग्रवाल ने बताया कि अंकुर कुमार निवासी ए-40 अशोक नगर व अक्षय कुमार शर्मा निवासी बी-104 अशोक नगर के मकान से ताला तोड़कर चोरी किये गये जाने के सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया था । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद टीम ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना व लोकल इनपुट के आधार पर कामिल, चांद मौहम्मद,नूरूद्दीन व मेवाराम पुत्र मूलचन्द को चेकिंग के दौरान होली चाईल्ड चौराहा रेलवे लाईन के पास से गिरफ्तार किया गया है। बन्द घरों को टारगेट करके दिन में चोरी करते हैं। उपरोक्त घटनाओं में चोरी किये गये आभूषण मेवाराम नामक सुनार को बेच दिये हैं। इससे पूर्व भी ये अभियुक्त दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ एवं एनसीआर क्षेत्र में चोरी कर चुके हैं ।



**51 हजार नगद, तमंचा, तमंचा, चाकू, आभूषण व लोहे की रॉड बरामद**

## प्राधिकरण अधिकारियों के जवाब से संतुष्ट नहीं, समिति नोएडा आकर करेगी जांच

**नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण की तरफ से चार सालों में अलग-अलग काम पर बिना वजह और गलत ढंग से खर्च किए गए 2313 करोड़ रुपए को लेकर लखनऊ में सुनवाई हुई। तीन मामलों में आंतरिक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों से जवाब मांगा लेकिन संतुष्ट नहीं हो सके। ऐसे में नोएडा से जुड़े मामले अधिक होने के कारण अब निर्णय लिया गया है कि समिति की उपसमिति बनाई जाएगीए जो नोएडा में ही रहकर सुनवाई करेगी। बता दें स्थानीय निधि लेखा परीक्षा की रिपोर्ट इस साल जुलाई में विधानसभा में रखी गई थी। यह आडिट प्राधिकरण के 2012.2016 के बीच अलग.अलग काम पर किए खर्च पर आधारित है। इस रिपोर्ट में 49 मामलों में 2313 करोड़ रुपए के खर्च को अनियमित और गैर जरूरी बताया था। मामले में पहली बार आंतरिक लेखा समिति ने लखनऊ में सुनवाई की। 25 मामलों का जवाब देने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों लखनऊ गए थे लेकिन समिति ने सिर्फ चार आपत्तियों को लेकर सुनवाई की। इनमें तीन आपत्ति नियोजन विभाग और एक आपत्ति नियोजन एवं व्यावसायिक विभाग के काम से जुड़ी थी।

नियोजन विभाग के महाप्रबंधक इश्तियाक अहमद ने बताया कि चार में से जिन दो महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई हुई उनमें पहला सेक्टर-93ए सुपरटेक ट्विन टावर के मंजूर हुए नक्शों से संबंधित था और दूसराए सेक्टर-25ए और 32 में वेब बिल्डर को दी गई जमीन के अधिकांश हिस्से को सरेंडर करने से जुड़ा था। करीब दो घंटे तक चली बैठक में प्राधिकरण अधिकारियों के जवाब से आंतरिक लेखा समिति के सभापति एवं अन्य सदस्य संतुष्ट नजर नहीं आए। ऐसे में इन आपत्तियों को लेकर कुछ और जानकारी समिति ने अधिकारियों से मांगी है। नोएडा के कामकाज से जुड़ी अधिक आपत्तियां हैं।

## कैग की आपत्ति के बाद अब प्रशासन के पास जमा मुआवजा राशि वापस लेगा प्राधिकरण

नोएडा, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण की ओर से किसानों को दिया जाने वाली 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि का 250 करोड़ रुपए वर्षों से जिला प्रशासन के खाते में जमा हैं। जिसका ब्याज भी प्राधिकरण को नहीं मिल पा रहा है। जिस पर सीएजी भी आपत्ति लगा चुकी है। ऐसे में अब इस रकम को वापस लेने की तैयारी शुरू हो गई है क्योंकि कुछ औपचारिकताएं पूरी नहीं होने और किसानों के खुद रुपए नहीं लेने आने के कारण यह धन जिला प्रशासन के ही खाते में पड़ा है। बता दें अधिसूचना जारी होने के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया जिला प्रशासन के जरिए ही होती है। पिछले कुछ समय से प्राधिकरण सीधे किसानों से भी जमीन खरीद रहा है। जिला प्रशासन के जरिए अधिग्रहण की जाने वाली प्रक्रिया में प्राधिकरण किसानों की मुआवजा राशि का धन जिला प्रशासन के खाते में ही जमा कर देता है। जिला प्रशासन के जरिए किसानों को मुआवजे का धन मिलता है। पिछले सालों में न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण को किसानों को मुआवजे की अतिरिक्त 64.7 प्रतिशत राशि का पैसा देना पड़ा।

**मुआवजा राशि का 250 करोड़ रुपए वर्षों से जिला प्रशासन के खाते में जमा**

अलग-अलग साल में कई गांवों के किसानों से संबंधित यह मुआवजा राशि प्राधिकरण ने जिला प्रशासन के खाते में जमा कर दी थी। अभी तक करीब 250 करोड़ रुपए जिला प्रशासन के खाते में ही जमा हैं। किसान भी इस मुआवजा राशि को लेने नहीं आ रहे हैं। यह राशि जिला प्रशासन के चालू खाते में जमा है। ऐसे में प्राधिकरण को उसका ब्याज भी नहीं मिल पा रहा है। प्राधिकरण उस राशि को वापस अपने खाते में लाने की तैयारी में है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि जब किसान रुपए मांगने आएंगे तो तुरंत जिला प्रशासन के खाते में यह रकम भेज दी जाएगी।

## भूमाफिया महबूब अली की 76 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**गाजियाबाद,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पुलिस ने भू-माफिया महबूब अली की अवैध रूप से अर्जित की गई 76 करोड़ रुपए कीमत की भूमि पुलिस ने कुर्क कर ली। इससे पहले भी महबूब की 91 करोड़ रुपए की भूमि अर्जित की जा चुकी है। अब तक उसकी कुल कुर्क की गई सम्पत्ति रुपए दो सौ उन्सठ करोड़ सडसठ लाख (2,59,67,84,336) हो गयी है, जबकि वर्ष 2022 में कुल 30 मामलो में 33 करोड़ 80 लाख रुपए की सम्पत्ति कुर्क की गयी थी।

**■ अब तक कुर्क की जा चुकी है दो सौ उनसठ करोड़ की सम्पति**

पुलिस कमिशर अजय मिश्र के मुताबिक महबूब ग्राम पावी सादकपुर, थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद का निवासी है और उसका मुख्य पेशा सरकारी जमीनों पर कब्जा कर प्लाटिंग करना है। उन्होंने बताया कि 4 सितम्बर 2023 को पुलिस आयुक्त ने 91 करोड़ की कुल 09 अचल सम्पत्तियां (गाजियाबाद, रामपुर, बदायूं एवं मुरादाबाद में स्थित) कुर्क की गयी थीं, के क्रम में आज दिनांक 20.09.2023 को उक्त कुर्क सम्पत्तियों के अतिरिक्त दिल्ली एवं गाजियाबाद में स्थित 07 अन्य अचल सम्पत्तियों, जिनका बाजार मूल्य लगभग रु0 76 करोड़ है, को कुर्क करने के आदेश निर्गत किये गयें हैं। भू-माफिया महबूब अली द्वारा वर्ष 2001 से ही आपराधिक कृत्य किये जा रहे हैं, जिसमें मुख्यत: धोखा-धड़ी करके जमीनों की खरीद-फरोख्त करना एवं खाली पड़ी जमीनों पर अवैध कब्जा करना सम्मिलित हैं। गैंग लीडर महबूब अली वर्तमान में थाना ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद का हिस्ट्री शीटर है, जिसका एच.एस. संख्या 16ए प्रचलित है। इसके परिवार में इसके एवं इसकी तीन पत्नियों के अतिरिक्त 12 पुत्र/ पुत्रियां हैं।

## जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट को किया गया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) को दिल्ली में आयोजित ईमोबिलिटी कॉन्क्लेव-2023 में सम्मानित किया गया। कॉलिज के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों और कॉलिज परिसर में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन उत्कृष्टता केंद्र के लिए जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने प्रसंशा पत्र देकर सम्मानित किया। यह कॉन्क्लेव इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में एक कदम आगे बढ़ाने और हरित भविष्य में योगदान देने का एक प्रयास था। जिसमें परिवहन परिस्थिति विज्ञान में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और एकीकरण पर चर्चा को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों के प्रमुख लोगों को एक मंच पर लाया गया। आपको बता दें कि जीएल बजाज में 'ईवीएम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस- द वर्ल्ड ऑफईवी' के नाम से उत्तर भारत में अपनी तरह का पहला इलेक्ट्रिक वाहन केंद्र स्थापित किया गया है जिसका उद्घाटन हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह ने किया था। इस केंद्र के विकास में कॉलिज के पूर्व छात्र और ईवी मिंडा के निदेशक आलोक त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## श्री दाउजी मंदिर परिसर में आज से शुरू होगा 164वां बल्देव छट मेला

**जेवर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री दाउजी मंदिर परिसर में गुरूवार को ध्वजारोहण के साथ 164वें बल्देव छट मेला का शुभारंभ किया जायेगा। मेला कमेटी द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शरारती तत्वों पर निगरानी के लिये मेला परिसर में तीसरी आंख से निगरानी की जायेगी। मेले में महिला व पुरूष कबड्डी, कुश्ती दंगल, रागनी कम्पटीशन व नाट्य प्रदर्शन आदि आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।



**■ तीसरी आंख से होगी चप्पे चप्पे की निगरानी, महिला व पुरूष कबड्डी, कुश्ती दंगल, रागनी कम्पटीशन व नाट्य प्रदर्शन होंगे आकर्षण का केन्द्र**

श्री दाउजी मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष ओपी शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा 21 सितम्बर से 28 सितम्बर तक चलने वाले आठ दिवसीय मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में उत्पाती व शरारती तत्वों पर निगरानी के लिये प्रशासन द्वारा 16 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। मेला पुलिस चौकी में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 सितम्बर को दोपहर 12बजे ध्वजारोहण के साथ मेले का शुभारम्भ तथा दो बजे से महिला कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जायेगा। 21 से 23 सितम्बर तक रात्रि में रागिनी कम्पटीशन होगा तथा उसके बाद 27 सितम्बर तक रात का बृजलोक केन्द्र मथुरा द्वारा नाट्य प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। 23 सितम्बर को पुरूष कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ तथा 25 सितम्बर से 28 सितम्बर तक कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। 28 सितम्बर को महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

भूपेन्द्र कुमार बने चौकी प्रभारी- कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि उपनिरीक्षक भूपेन्द्र कुमार को मेला चौकी प्रभारी बनाया गया है। मेले में पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर रहेगी तथा शरारती तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## सैनिटरी एंड हाईवेयर की दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। बीटा-टू कोतवाली क्षेत्र के साइट-4 स्थित एक सैनिटरी एंड हाईवेयर की दुकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए की नगदी व भारी मात्रा में सामान चोरी कर ले गए। सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी गायब है। पीड़ित व्यापारी को घटना की जानकारी बुधवार सुबह हुई,जब वह दुकान पर पहुंचे। चोरी हुए सामान की कीमत कई लाख रुपए बतायी जा रही है। इस मामले में अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर पुलिस बदमाशों के बारे में पता लगा रही है। शहर के सेक्टर चाई-3 स्थित पूर्वांचल रॉयल सिटी सोसायटी में रहने वाले नवनीत बंसल की औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 में अग्रवाल एंड कंपनी के नाम से सैनिटरी एंड हार्डवेयर की दुकान है। रोज की तरह बुधवार सुबह नवनीत बंसल ने दुकान खोलकर देखा तो अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। चोरी हुए सामान की कीमत का आंकलन किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## विकास खंड में पांच सौ लोगों ने बी-पैक्स की सदस्यता ली

**जेवर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विकास खंड परिसर में बुधवार को संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता की अध्यक्षता में सहकार से समृद्धि के तहत बी-पैक्स सदस्यता महासदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पांच सौ लोगों को सदस्यता दिलाई गई। सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आलोक रंजन सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर सहकार से समृद्धि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये एक सितम्बर से तीस सितम्बर तक बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता संजीव कुमार राय की अध्यक्षता में विकास खंड जेवर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में तीन सौ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, दौ सौ किसान व मजूदरों को बी-पैक्स की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लायकराम, खंड विकास अधिकारी अषोक पाल सिंह एआर कोआपरेटिव विवेका सिंह, ब्लाक मिशन प्रबंधक ब्लाक जेवर के समस्त सचिव सहकारिता उपस्थित रहे।

**संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता की अध्यक्षता में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम आयोजित**

उवाच

मोटो जीपी बाइक रेस को ध्यान में रखते हुए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) के सामने यमुना एक्सप्रेसवे पर बने रैंप टोल फ्री रहेंगे। यातायात व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए तीन दिन तक यह सुविधा आम जन को मिल सकेगी। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट बना हुआ:-

**डॉ. अरूणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**



# 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी 'द बिगेस्ट सोर्सिंग शो' का आगाज

## 2000 स्टॉल पर प्रदेश के उद्यमी प्रोडक्ट की करेंगे शोकेसिंग, राष्ट्रपति करेंगी शुरुआत







**नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लिए 'द बिगेस्ट सोर्सिंग शो ऑफ उत्तर प्रदेश' का आगाज हो गया है। आज से यहां 75 जिलों के उद्यम और अन्य विशेषताओं के कारोबारी के 2000 स्टॉल बी2बी और आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। अब इसे हर साल इन्ही दिनों आयोजित किया जाएगा। इसका औपचारिक उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोपहर बाद करेंगी। उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आंनदी बेन, सीएम योगी आदित्यनाथ, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहेंगे। यूपी तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रमाण हाल ही में हुई ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट है। जिसमें यूपी ने 35 लाख करोड़ रुपए निवेश के लिए एमओयू साइन किए। अब इनका ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। जिसे जीबीसी में लेकर जाएंगे। इसलिए उप्र के बोर्ड पर लिखा है 'यूपी नहीं देखा तो इंडिया नहीं देखा' यहां ओडीओपी, एमएसएमई, वृहद इंडस्ट्रीज, आईटी-आईटीएस, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी, एजुकेशन और फाइनेंशियल सर्विसेज, हेल्थ, टेक्सटाइल्स, एग्रो और प्रोसेसिंग, स्टार्टअप, जीआई टैग, टॉय एसोसिएट्स और क्लस्टर, ट्रांसफार्मिंग इंडिया, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिजिटल इंडिया मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, एमएसई, सॉफटवेयर टेक्नोलॉजी पॉर्क ऑफ इंडिया जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर की शोकेसिंग की गई है। जिसमें बी2बी होगा।

### ट्रेड शो में प्रवेश करते ही मिलेगा 75 जिलों के यूनिक प्रोडक्ट (ओडीओपी)

इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके लेआउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टॉल किया गया। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल (300 स्क्वायर मीटर) ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। हॉल में दो एंट्रेंस होंगे, जिसमें एंट्री के बाद फ्रंट पर यही दोनों स्टॉल आमने-सामने नजर आएंगे। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास और यूनीक उत्पादों की श्रृंखला रहेगी, जो बायर्स को अपनी ओर आकर्षित करेगी। इसमें सूचना जनसम्पर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे। इसी क्रम में आगे नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग और ऊर्जा विभाग व नेडा का स्टॉल होगा जिसे 100 स्क्वायर मीटर का स्थान मिला है। इसके आगे आवास एवं शहरी नियोजन (95 स्क्वायर मीटर) और उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, पशु धन एवं दुग्ध विकास व मत्स्य विभाग (सभी 50 स्क्वायर मीटर) का स्टॉल होगा। इस गैलरी में सबसे अंत में कृषि विभाग (60 स्क्वायर मीटर) और गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग (50 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।

### ट्रेड शो में सजा 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' जहां मिलेगा यूपी का जाएका

ट्रेड शो में चाहें बात परोसी जाने वाली कुजीन्स की हो या फिर मैनेजमेंट की फूड हर जगह छाया रहेगा। ट्रेड शो में डिग्निटरीज को जो पकवान परोसे जाएंगे उनमें प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के उन भोज्य पदार्थों को ट्रेड शो में परोसा जाएगा जिनका जाएगा प्रदेश में ही नहीं बल्कि दूर-दूर से लोग इस जाएका की तलाश में प्रदेश के विभिन्न शहरों में जाते है। वैश्विक पटल पर 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' के तौर पर भी अपनी पहचान को बनाएगा। इस मेगा ट्रेड शो में फूड, डेयरी और एग्रो सेक्टर से जुड़ी व प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली कंपनियों को एक बड़ा मंच प्रदान किया गया है। जिसमें पतंजलि, हल्दीराम, प्रिया गोल्ड, बीकानेरवाला, बैद्यनाथ, रिचुअल फूड्स, फ्रेश फूड्स, ऑगस्टिया फूड्स, इंडियन बी कीपर श्री गिरिजा, पारस, अमूल, प्राइम फूड्स, ज्ञान डेयरी, क्रीमी फूड फेयर एक्सपोर्ट व अन्य प्रमुख हैं। इंटरनेशनल ट्रेड की मुख्य थीम में प्रभु श्रीराम है। कार्यक्रम की पहचान श्रद्धा, सम्मान के साथ सांस्कृतिक विरासत के तौर पर भी है। इसमें थाइलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, साउथ कोरिया से श्री राम से जुड़े संस्मरण, लोक कलाओं, गायन व नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया जाएगा। यहां 400 विदेशी महमान आएंगे।

### सुरक्षा के लिए 10 हजार पुलिसकर्मी व सीपीएमएफ की तैनाती

नोएडा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 और मोटोजीपी बाइक रेस में सुरक्षा के लिए पूरे जनपद को सात जोन में बांटा गया है। सभी एसीपी रैंक के अधिकारियों को इनका प्रभारी बनाया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि कुल 10,000 से ज्यादा सिविल और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 12 कंपनी पीएसी और सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स को लगाया गया है। गाजियाबाद, बुलंदशहर, हापुड़ और मेरठ से अतिरिक्त पुलिस बल मांगा गया है। ट्रैफिक व्यवस्था को 1400 जवान संभालेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो और इंडियन मोटोजीपी दोनों इंटरनेशनल कार्यक्रम है। इन कार्यक्रमों में लाखों लोग आएंगे। हजारों की संख्या में विदेशी मेहमान भी ग्रेटर नोएडा आएंगे। उनकी सुरक्षा को लेकर नोएडा पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। ग्रेटर नोएडा के मार्ग पर कहीं पर भी जाम की स्थिति पैदा ना हो, इसको लेकर 1400 ट्रैफिक पुलिस के जवान व्यवस्था संभालेंगे।




# प्रदेश में पहली बार इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज होगा आगाज

- **उत्तर प्रदेश अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने जा रहा है, 500 अधिक विदेशी मेहमान होंगे शामिल: नंदी**
- **इस ट्रेड शो का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे**

***ग्रेटर नोएडा।*** *जी-20 की सफलता के बाद भारत ने जिस तरह दुनिया भर में देश का डंका बजा। अब पांच दिन उत्तर प्रदेश पर दुनिया की नजर रहेगी। ग्रेटर नोएडा में 21 सितम्बर से एक्सपो मार्ट में प्रारंभ हो रहा प्रथम यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो भव्य होने के साथ उपयोगी भी सिद्ध होगा। इसी के साथ 22 से 24 सितम्बर तक मोटोजीपी भारत का भी आयोजन किया जा रहा है। इन दो बड़े इवेंट का आयोजन होने से उत्तर प्रदेश किस तरह उत्तर प्रदेश से सर्वोत्तम प्रदेश बन रहा है। इसका नजारा देश-विदेश के लोगों को ग्रेटर नोएडा में देखने को मिलेगा। यह बात उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2000 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। इनमें तीन सौ बड़े ब्रांड शामिल हैं जबकि पांच सौ से अधिक विदेशी प्रदर्शकों ने भी बुकिंग कराई है। इससे पहले प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी बुधवार को एक्सपो मार्ट सेंटर पहुंचे और कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी निरीक्षण किया गया।*

*उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा प्रथम यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो कई मायनों में अनूठा होगा। इसका सबसे बड़ा आकर्षण पैंसठ हजार ग्राहकों की ग्राहकों से मीटिंग है। एक छत के नीचे व्यापार और उद्योग जगत के इतने लोगों की परस्पर मुलाकात से राज्य में निवेश, उत्पादन और बाजारीकरण के नये अवसर पैदा होंगे। एम एस एम ई, हस्तशिल्प, फूड बाजार, विभिन्न जनपदों से संबंधित उत्पाद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट सज-धजकर तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश के अवस्थापना एवं उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने स्वयं इस शो कार्यक्रम की कमान संभाली हुई है। उनके साथ अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद, उद्योग निदेशक सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर जुटे हैं। प्रेस वार्ता में मंत्री श्री नंदी ने बताया कि निवेशकों व उत्पादकों के साथ स्टार्टअप उद्यमियों तथा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसे प्रगति मैदान में लगने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष आयोजित करने का निर्णय योगी सरकार द्वारा ले लिया गया है। गौरतलब है कि इस ट्रेड शो का विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कल शाम चार बजे किया जाएगा*

*प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा 500 से अधिक विदेश मेहमान शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने जा रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पांच ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश की आबादी अन्य राज्यों से सबसे अधिक है। उत्तर प्रदेश में निर्यात की बहुत संभावनाएं हैं। इंटरनेशनल ट्रेड शो में अभी तक 68000 प्रदर्शकों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा दिया है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की प्रदेश के प्रति धारण बदल चुकी है। प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए लोग आवेदन कर रहे हैं। सरकार वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को प्रोत्साहन दे रही है। ग्रेटर नोएडा में सबसे बड़ा डाटा सेंटर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो में स्टार्टअप को भी बढ़ावा मिलेगा।*

*प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने कहा कि ट्रेड शो में दो हजार से अधिक छोटे बड़े उद्यमी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा शो में बैंकिंग, हेल्थ, आयुष, मेडिकल क्षेत्र के जुड़े उद्यमियों ने अपने प्रोडक्ट प्रदर्शित किए हैं। इस ट्रेड शो मिनी ऑटो एक्सपो की भी झलक दिखेगी। जहां पर 300 ऑटो ब्रांड मिलेंगे। इस शो में जीबीयू, शारदा व शिव नाडर यूनिवर्सिटी के इंडस्ट्री क्षेत्र के जुड़े छात्र शामिल होंगे। छात्रों को यहां काफी सीखने को मिलेगा। उनके लिए सेमिनार का आयोजन होगा। साथ ही उन्हें स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस शो को आम आदमी से भी जोड़ने का प्रयास किया गया है। जिसके लिए निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था की गई है। कोई भी व्यक्ति मेला देखने आ सकता है। आम आदमी के लिए मेले में आने का समय दोपहर 3:00 से शाम 8:00 तक के लिए रखा गया है।*

# शारदा हॉस्पिटल में मरीज सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन



**ग्रेटर नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा हॉस्पिटल में पेशेंट सेफ्टी वीक मनाया जा रहा है। इसकी थीम इंगेज पेशेंट्स फॉर पेशेंट सेफ्टी रखी गई। इस दौरान एमबीबीएस के स्टूडेंट्स ने पोस्टर और नुक्कड़ नाटक के जरिए मरीजों और स्टाफ को जागरूक किया जा रहा है। हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट एके गडपायले ने बताया कि सप्ताह के दौरान समस्त स्टाफको मरीजों की सुरक्षा संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर अस्पताल में आने वाले हर मरीज की सुरक्षा, बेहतर इलाज आदि के बारे में कर्मचारियों और पैरामेडिकल स्टॉफ को जानकारी दी जा रही है। मरीज की सुरक्षा से जुड़े व अन्य मुद्दों पर स्टाफ में जागरूकता विकसित किया जा रहा है। मेडिकेशन ऐप व मेडिकेशन सेफ्टी के मोमेंट्स के बारे में जानकारी देकर मरीजों को जागरूक किया जा रहा है। वीक के दौरान अलग अलग तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस वीक का उद्देश्य मरीजों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देने और चिकित्सा स्टाफको उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराना है।

# यमुना सिटी में बनेगी विदेशी स्पोर्ट्स रेस बाइक

## यमुना प्राधिकरण सेक्टर-10 में 500 एकड़ में विकसित करेगा ऑटो मोबाइल्स पार्क

**ग्रेटर नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। मोटोजीपी बाइक रेस में दुनिया की दिग्गज बाइक निर्माता कंपनियां भाग लेंगी। तमाम कंपनियां इसके स्पांसर में शामिल हैं। इसको देखते हुए यहां पर 24 सितंबर को विशेष कॉन्क्लेव 'इन्वेस्ट अप' होगा। इसमें ऑटो मोबाइल समेत तमाम क्षेत्रों की कंपनियों के 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। मोटोजीपी बाइक रेस भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव डालेगी। यहां ऑटो मोबाइल्स क्षेत्र की तमाम कंपनियां आ रही हैं। ये कंपनियां यहां पर निवेश करने की संभावनाओं को देखेंगी। इसको देखते हुए 24 सितंबर को यहां पर विशेष कान्क्लेव होगा। इसमें विभिन्न कंपनियों के 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें कान्क्लवे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भाग लेंगे। इस समिट में भाग लेने वाली कंपनियों में रेडबुल केटीएम फैक्ट्री रेसिंग, डुकाटी इंडिया, होंडा रेसिंग इंडिया, यामाहा मोटर इंडिया, अमेरिकन रेसिंग, एमटीएम इटालिया, आरएनएफ रेसिंग लिमिटेड, एलेक्स डिजाइन, एचजेसी हेलमेट'स आदि शामिल हैं।



- **बुद्ध सर्किट में 24 सितम्बर ऑटो मोबाइल्स कॉन्क्लेव इन्वेस्ट**
- **ऑटो मोबाइल समेत तमाम क्षेत्रों की 300 से अधिकारी कंपनियों के प्रतिनिधि लेंगे भाग**

यमुना प्राधिकरण इस समिट के जरिये निवेशकों को बुलाने की तैयारी की है। सेक्टर-10 में 500 एकड़ में ऑटो मोबाइल्स पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा कि अगर कंपनियां यहां पर निवेश की इच्छा जताती हैं तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बहुत कम समय में जमीन का आवंटन कर दिया जाएगा।

### मोटोजीपी बाइक रेस को लेकर यमुना एक्सप्रेसवे पर रैंप टोल रहेंगे फ्री

ग्रेटर नोएडा। मोटो जीपी बाइक रेस को ध्यान में रखते हुए बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) के सामने यमुना एक्सप्रेसवे पर बने रैंप टोल फ्री रहेंगे। यातायात व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए तीन दिन तक यह सुविधा आम जन को मिल सकेगी। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट बना हुआ है। सर्किट तक आने-जाने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर रैंप बने हुए हैं। रैंप से आने-जाने वाले वाहनों से टोल वसूला जाता है। मोटो जीपी बाइक रेस के दौरान वाहनों का दबाव बढ़ेगा। इसके चलते यातायात बाधित हो सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए बीआईसी के दो रैंप को टोल फ्री कर दिया गया है। 22 से 24 सितंबर तक इन रैंप पर टोल नहीं लिया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यातायात को व्यवस्थित तरीके से चलाने के लिए यह फैसला लिया गया है।

## मोटोजीपी को लेकर बीआईसी पर पहुंचने लगे दिग्गज राइडर्स

**मोटोजीपी भारत को लेकर तैयारियां करीब पूरी, अब रेस के रोमांच का इंतजार**

ग्रेटर नोएडा। मोटोजीपी बाइक रेस में शिरकत करने के लिए दिग्गज राइडर्स बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पहुंचने लगे हैं। यहां पहुंचकर राइडर्स ट्रैक की बारीकियों को समझ रहे हैं। मौजूदा मोटोजीपी विश्व चौंपियन फ्रांसेस्को बगानिया भारत आ गए। उन्होंने बीआईसी और इसके पैडॉक को देखा और ट्रैक को समझने की कोशिश की। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में 22 से 24 सितंबर तक भारत के पहले इंडियन ऑयल ग्रां प्री रेस होगी। इसके लिए ट्रैक पूरी तरह तैयार हो गया है। बाइक रेस में भाग लेने वाले राइडर्स भी यहां पहुंचने लगे हैं। मौजूदा मोटोजीपी विश्व चौंपियन फ्रांसेस्को 'पेको' बगानिया भारत आ गए। बुधवार को उन्होंने रेस से पहले बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और इसके पैडॉक का अनुभव किया। एलेक्स एस्परगारो और फैबियो डि जियानानटोनियो समेत तमाम राइडर्स इस रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हैं। वह यहां भारतीय संस्कृति और विरासत को भी जानेंगे। इटली के रहने वाले डुकाटी लेनोवो टीम के राइडर फ्रांसेस्को बगानिया 2018 मोटो-2 में खिताब का दावा करते हुए 2019 में मोटोजीपी में पहुंचे। 2021 में आरागॉन में पहली बार मोटो जीपी की जीत हुई। लेकिन, टाइटल चार्ज आखिरकार उनकी उंगलियों से फिसल गया। बगनिया ने 2022 की दूसरी छमाही में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें सीज़न के समापन में ताज हासिल करने की स्थिति में ला दिया। राइडर्स सर्किट में प्रैक्टिस सेसन में भी हिस्सा लेंगे। राइडर्स के साथ उनकी टीम के सदस्य भी आ रहे हैं। आयोजकों ने राइडर्स के लिए ट्रैक को पूरी तरह से तैयार कर दिया है। ताकि राइडर्स को किसी तरह की दिक्कत ना हो।

## हापुड व गाजियाबाद की घटना की निंदा कर न्यायिक कार्य का किया बहिष्कार

**जेवर,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। बार एसोसिएशन जेवर की बुधवार को आपात बैठक आयोजित की गई जिसमें हापुड व गाजियाबाद की घटना की निंदा करते हुये न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने हापुड पहुंचकर अपना समर्थन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार छौंकर ने तथा संचालन चन्द्रपाल सिंह ने किया। बार एसोसिएशन जेवर के अध्यक्ष अनिल कुमार छौंकर ने बताया कि बैठक में हापुड में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज व गाजियाबाद में चेम्बर में गोली मारकर हत्या करने की घटना की निंदा व भर्त्सना की गई। सर्वसम्मति से बुधवार को न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया गया। उसके बाद अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने हापुड पहुचकर अधिवक्ताओं को अपना समर्थन सौंपा।

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

रबूपुरा, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत हो गई। महिला का मौत से कुछ समय पहले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रसारित हो रहे वीडियो मे गांव मेहंदीपुर निवासी खान मोहम्मद की पत्नी सन्नो (35) अस्पताल के बिस्तर पर गंभीर हालत में गांव के ही एक व्यक्ति का नाम लेकर गोली खिलाने का आरोप लगा रही है। जहां उसके आसपास स्वजन और बच्चे भी वीडियो में नजर आ रहे हैं। बताते हैं कि इस वीडियो को बनाने के तुरंत बाद ही अस्पताल में ही महिला की मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है जांचोपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने थोरा में मेधावी छात्राओं को टाइटन की घड़ी से सम्मानित किया



जेवर, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बुधवार को श्रीराम मॉडल इंटर कालिज थोरा में हाईस्कूल व बारहवीं कक्षा की में बेहतर प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को टाइटन की वॉच भेंट कर सम्मानित किया तथा छात्राओं की मांग पर विधालय में तीन दिन में पच्चीस पंखे लगवाने तथा एक माह में पीने का शुद्व जल उपलब्ध कराने के लिये आरओ प्लांट व महिला टायलेट की सुविधा उपलब्ध कराने का वायदा किया। इस मौके पर उन्हाने 16 छात्राओं को सम्मानित करने के बाद संवाद करते हुये भविष्य में छात्राओं को अपने सपने साकार करने में पूर्ण सहयोग का वायदा किया। उन्होंने विद्यालय के छात्र व छात्राओं को सम्बोधित करते हुये जल संरक्षण, पानी के सदुपयोग व पर्यावरण को संतुलित बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने तथा लोगों को जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर विधालय के प्रधानाचार्य सतीष कुमार, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अमृता सिंह, साधना, निकिता, नौरतन सिंह, प्रेमवीर प्रधान, कारे व भिक्कू आदि मौजूद रहे।

## दादरी विधायक ने भू माफियाओ द्वारा धोखाधड़ी को लेकर प्राधिकरण में दी शिकायत



ग्रेटर नोएडा, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने छपरौला में हो रही गरीब मजदूरों के साथ हो रहीं धोखाधड़ी और भू-माफिया द्वारा अवैध कालोनी पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिख कर अवगत कराया है। इसी क्रम में दादरी विधायक नागर ने गौर सिटी के आस पास फुट ओवर ब्रिज, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में शमसान घाट, फायर स्टेशन व लिफ्ट एक्ट पर भी सज्ञान लेने हेतु प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को अवगत कराया है। भूमाफियाओ द्वारा समतल व सहारा ग्रुप की ज़मीन पर अवैध रूप से बड़े पैमाने पर कालोनी काटकर लोगो के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। दादरी विधायक नागर इन विभिन्न मुद्दों पर निरंतर आवाज उठाते आ रहे है और लखनऊ तक भी इस विकास कार्यो हेतु अधिकारियों से मुलाकात कर रहे है।

## दवा सुरक्षा और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 20 सितम्बर (देशबन्धु)। गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेजए ग्रेटर नोएडा ने भारतीय फार्माकोपिया आयोग भारत सरकार के तत्वावधान में दवा सुरक्षा और प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया, एडीआर निगरानी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सप्ताह के लिए सूचनात्मक और आकर्षक कार्यक्रमों की एक लाइनअप की योजना बनाई है। ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन और समर्थन में कार्यक्रमों की योजना बनाई गई थी। फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाने के लिए पूरे सप्ताह के कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। संस्थान में फार्माकोविजिलेन्स सप्ताह का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डा0 ब्रिगे0 राकेश गुप्ता के निर्देशन में एमबीबीएस छात्रों व संकाय द्वारा उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। समारोह में स्वास्थ्य देखभाल में फार्माकोविजिलेंस के महत्व पर जोर दिया और बताया गया कि यह रोगी सुरक्षा में कैसे योगदान देता है। साथ ही प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता पर बात की। इस अवसर पर एमबीबीएस छात्रों ने फार्माकोविजिलेंस जागरूकता पर अपने विचार प्रस्तुत किएए एमबीबीएस छात्रों ने दस-दस के समूहों में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और फार्माकोविजिलेंस के विषय से संबंधित अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



{ संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 21 सितम्बर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# महिला सम्मान पर बेनकाब हुई भाजपा

लोकसभा में लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का भारतीय जनता पार्टी को 2024 के लोकसभा चुनाव में लाभ मिलने की उम्मीद तो धूमिल पड़ ही गई है, उलटे लोकसभा में इस पर बुधवार को हुई प्रदीर्घ चर्चा ने उसके महिला सम्मान की कलई को खोलकर रख दिया है। मंगलवार को नये संसद भवन में जाने के बाद शाम को यह विधेयक पेश किया गया जिसके अनुसार यह 2026 में लागू होगा और इसका आधार भावी परिसीमन होगा। यानी इसका वास्तविक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों में ही मिलेगा। वह भी केवल 15 वर्षों के लिए। इसे तीन साल बाद अमल में लाने का कारण 2021 में जनगणना का न होना है। भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण जनगणना नहीं की थी। इसका मतलब जब जनगणना होगी, उसमें प्राप्त आंकड़ों के आधार पर आरक्षण होगा। जो भी हो, जिस प्रकार से बुधवार को इस प्रकार चर्चा हुई, उसने भाजपा सरकार को और भी ज्यादा परेशानी में डाल दिया है। आम चर्चा यही थी कि अगले वर्ष के आम चुनाव में महिला वोटरों को अपने पाले में लेने के लिये यह बिल लाया गया है, परन्तु ऐसा होता दिख नहीं रहा है क्योंकि भाजपा इसे भुनाने में शायद ही सफल हो।

सत्ता पक्ष के मंत्रियों एवं अनेक सदस्यों ने स्वाभाविकत: इसे लाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया लेकिन ज्यों-ज्यों विपक्षी नेताओं को बोलने के अवसर मिलते गये, यह साफ होता गया कि इसे एचडी देवेगौड़ा की सरकार ने पेश किया था लेकिन 2010 में इसे राज्यसभा में कांग्रेस के शासनकाल में पारित किया गया। लोकसभा में यह समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय जनता दल के विरोध के कारण पास न हो सका- इस ऐतिहासिक तथ्य से सारे परिचित हैं लेकिन सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए निशिकांत दुबे ने इस मतभेद को भुनाने का प्रयास किया। साथ ही, इसका श्रेय पहले तो गीता मुखर्जी एवं सुषमा स्वराज को दिया लेकिन अंत में सिर्फ मोदी को इसका श्रेय दिया। दुबे ने अनेक उन अप्रिय घटनाओं का जिक्र किया जो इस विधेयक के पिछली बार लाये जाने (2010 में) के दौरान हुई थीं, जिसका उद्देश्य दलगत विरोध को आगे ही बढ़ाना था। वे ऐसी बातें थीं जो तत्कालीन परिस्थितियों में हुई थीं जो आज शायद ही प्रासंगिक रह गई हैं। इसमें कुछ नेताओं द्वारा बिल के विरोध में यह कहना कि इससे परकटी महिलाएं ही आयेंगी, भी शामिल है। बेशक, ये बयान दुर्भाग्यजनक थे परन्तु उनका उल्लेख कर भाजपा के सदस्य यह साबित करने पर तुले थे कि प्रतिपक्ष विरोध करने के लिये विरोध कर रहा है जबकि वह वैसी संजीदा नहीं हैं जैसी भाजपा है, पर यह दांव चला नहीं।

सत्ता पक्ष के कुछ सदस्यों की ओर से इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा की बड़ी पहल साबित करने की कोशिश की गई परन्तु कई विपक्षी महिला सांसदों ने उनके ऐसे दावों की धज्जियां उड़ा दीं। पहले तो सोनिया गांधी ने बतलाया कि यह बिल उनके दिवंगत पति व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का सपना है जिन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी आरक्षण के जरिये सुनिश्चित की थी। उन्होंने इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की तथा उसका लाभ चुनाव-2024 में ही देने की वकालत की।

तृणमूल कांग्रेस की काकोली घोष दस्तीदार ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधेयक लाकर नारी सम्मान का दिखावा सरकार न करे। उन्होंने याद दिलाया कि संसद भवन से कुछ दूरी पर बने जंतर-मंतर पर यौन शोषण का शिकार हुई महिला पहलवानों की कोई सुनवाई सरकार द्वारा नहीं की गई। जिस व्यक्ति बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप हैं उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और वह अब भी इसी सदन का सदस्य है। जिस तरह से उन्हें पुलिस द्वारा घसीटा गया व उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, वह भी उन्होंने याद दिलाया। उन्होंने मणिपुर की घटना का भी जिक्र किया और उन्नाव, हाथरस आदि की उन वारदातों का स्मरण कराया जिनमें महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ। उन्होंने ध्यान में लाया कि पूरे भारत में इस वक्त केवल पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री हैं जबकि भाजपा के 16 राज्यों में सीएम हैं जिनमें एक भी महिला नहीं है। द्रविड मुनेत्र कषगम की कनिमोझी ने पेरियार को उद्धृत करते हुए लैंगिक समानता की बात की। उन्होंने बताया कि गीता मुखर्जी, सुषमा स्वराज के साथ साम्यवादी नेता वृंदा करात का भी इस विधेयक को लाने में योगदान था। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बड़ी ऊंचाई पर बैठने की चाहत नहीं बल्कि समानता का हक चाहिये। जब उन्होंने कहा कि अनेक महिला राजनीतिज्ञ हैं जो काफी ताकतवर हैं, तो सत्ता पक्ष की ओर से एक सांसद ने जयललिता (डीएमके की राजनैतिक विरोधी) का नाम लिया। इस पर कनिमोझी ने स्वीकार करते हुए कई नाम गिना डाले जो विपक्ष की हैं। इनमें उन्होंने मायावती, सोनिया गांधी, ममता बैनर्जी के नाम तो लिये ही, सुषमा स्वराज का भी नाम लेकर भाजपायी सदस्यों को निरूत्तर कर दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले ने भी इस विधेयक को इन शर्तों के साथ लाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि महिलाओं को इसके लिये और इंतज़ार कराना ठीक नहीं। उन्होंने भी इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाये।

बहुमत के बल पर इसे पारित तो होना ही था, लेकिन यह साफ हो गया कि इसे लाने का भाजपा का उद्देश्य महिलाओं के वोट पाना है। अनेक सदस्यों ने यह बात उजागर तो कर ही दी, महिलाओं के प्रति भाजपा कितनी असंवेदनशील है, यह भी लम्बी चर्चा में साबित हो गया। कुल जमा, भाजपा को इसका लाभ होना सम्भव ही नहीं लगता। उलटे वह महिला मुद्दे पर बेनकाब हो गई।

# कठपुतली मीडिया का दौर

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश के एक जाने-माने न्यूज चैनल की चर्चित पत्रकार ने हाल ही में अपना एआई अवतार दर्शकों के सामने पेश किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक से तैयार किया गया वर्चुअल एंकर या आभासी प्रस्तोता। अपने इस अवतार को उन्होंने अपने नाम के आगे 2.0 लगाकर संबोधित किया। जैसे क्लोनिंग के जरिए एक प्राणी को हूबहू तैयार कर दूसरा प्राणी बना लिया जाता है, कुछ वैसा ही एआई एंकर को कहा जा सकता है। फर्क इतना ही है कि क्लोनिंग में हाड़-मांस, रक्त -भावनाएं सब वैसी ही रहेंगी, क्योंकि उसमें जीवन होगा। जबकि एआई एंकर में जीवन का प्रवाह नहीं होगा, भावनाओं का संचार नहीं होगा, बल्कि कम्प्यूटर से भरे गए कमांड्स से वह संचालित होगा। जिस न्यूज़ चैनल ने एआई एंकर प्रस्तुत किया है, वह देश में सबसे तेज होने का दावा करता है। पत्रकारिता में गति का कितना स्थान होना चाहिए और हर वक्त भागते-दौड़ते रहने की क्या जरूरत है, यह सवाल अब कालातीत हो चुका है। किसी भी खबर को सबसे पहले ब्रेक करने की जो उन्मादी पत्रकारिता शुरु हो चुकी है, उसमें ऐसे सवाल बेकार ही समझे जाएंगे कि खबर को देख-परख कर, तथ्यों की पड़ताल के बाद, समाज पर उसके असर का विश्लेषण कर देने की जरूरत है या फिर बिना किसी पुष्टि के हड़बड़ाते और चिल्लाते हुए खबर लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए।

खबर ब्रेक करते-करते, फटाफट सौ-पचास खबरों को पेश करने के चक्कर में जनता और देश के असली हितों से जुड़ी खबरें कहां गायब हो गई हैं, इसकी परवाह अब बहुत कम लोगों को रह गई है। खबरों के मेले में दर्शकों को लुभाने वाले आइटम समाचार रोज करोड़ों व्यूज बटोर रहे हैं, जबकि मेले में गुमशुदा खबरों की तलाश करने वालों की पूछ-परख नहीं रह गई है। अजीबो-गरीब शीर्षकों के साथ, बिना सही जानकारी के अफवाहों के जैसी खबरें रोजाना दर्शकों के सामने परोसी जा रही हैं। बिल्कुल जंक फूड की तरह, जो देखने में भी आकर्षक होता है और जीभ के चटोरेपन को संतुष्टि भी देता है, लेकिन शरीर पर उसका दीर्घकालिक असर घातक होता है। जंक फूड के नुकसान को समझने के बावजूद विज्ञापनों के बूते देश के एक बड़े वर्ग को, खासकर युवा पीढ़ी को इसकी लत लगा दी गई है। ठीक ऐसा ही अब पत्रकारिता में किया जा रहा है। लोगों को जल्दी से जल्दी खबरें देखने की लत लगा दी गई है, फिर चाहे इससे धार्मिक-सांप्रदायिक उन्माद भड़के, किसी का चरित्र हनन हो या खबर से निकला सही संदेश जनता तक न पहुंचे, मीडिया में अब इसकी परवाह नहीं की जा रही। अगर कोई गलत खबर चला दी जाती है तो उस पर खेद प्रकट कर दिया या फिर उस वीडियो को हटाकर बात की खत्म कर देने की आदत चैनलों को हो गई है। क्योंकि चैनलों की प्राथमिकता लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र आवाज उठाना नहीं है, बल्कि पूंजी और सत्ता के हित साधना है।

पहले बड़ी पूंजी की मदद से कार्पोरेट सेक्टर ने चैनलों को खड़ा किया, या फिर खरीद लिया, अपने शेयर चैनलों में बढ़ा लिए और फिर मनमाने तरीके से खबरों के साथ खिलवाड़ शुरु हुआ। इन चैनलों में काम करने वाले पत्रकार अपने मालिकों के इशारों पर नाचते रहे, क्योंकि उनका वेतनमान नाचने की शर्त पर ही निर्धारित किया जाता है। कुछेक पत्रकारों ने नाचने से इंकार किया तो उन्हें चैनलों से किसी न किसी वजह से विदाई लेनी पड़ी। ऐसे कई पत्रकारों का आसरा अब यू ट्यूब जैसे प्लेटफार्म हैं। न्यूज़ चैनलों में खबरों से खिलवाड़ में राजनीतिक चलन के हिसाब से नियम बदलते रहे और हर चुनाव के पहले और सरकारों के गठन के बाद इन नियमों में फेरबदल होता ही है। शुरुआती दौर में हर वर्ग को अपना दर्शक बनाने के लिए न्यूज़ चैनलों ने कई तरह के प्रयोग किए। खेल, विज्ञान, व्यापार, तकनीकी आदि की खबरें तो दी ही जाती थीं, खबरों के नाम पर अंधविश्वास की घटनाओं और धारावाहिकों की खबरों की नाटकीय प्रस्तुति से भी गुरेज नहीं किया गया। खबरों को आकर्षक बनाने के लिए टीवी स्टूडियो में एंकर को कभी अंतरिक्ष यात्री जैसी पोशाक पहनाई गई, कभी युद्ध के मैदान में पहुंचाया गया, कभी क्रिकेट खेलते दिखा दिया गया। स्कूलों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं में कल्पना की जितनी उड़ानें नहीं भरी गई होंगी, उतनी सब न्यूज़ चैनलों के सेट्स में भर ली गईं।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा तो कांग्रेस को विपक्ष से भी हटाकर कांग्रेस मुक्त देश बनाने की कोशिश में मीडिया ने भाजपा का भरपूर साथ दिया। लेकिन ये कोशिश कामयाब नहीं हुई। कांग्रेस अकेले बढ़ती रही, उसके साथ विपक्ष का कारवां भी बढ़ता गया और अब इन सबने मिलकर इंडिया का गठन कर लिया है। इसी इंडिया ने पिछले दिनों कुछ चैनलों के कुछ एंकरों के नाम घोषित किए हैं कि हमारे नेता, प्रवक्ता इनके शो में नहीं जाएंगे। कह सकते हैं पतन के दौर से गुजर रही पत्रकारिता ने असहयोग और सविनय अवज्ञा का दौर भी देख लिया। ये दौर वाकई बहुत कठिन है, फिर भी यहां लड़ने-झगड़ने, सुलह करने, माफी मांगने और अंतत: सब कुछ ठीक हो जाने की उम्मीद है, क्योंकि आखिर में हैं तो सब इंसान ही। लेकिन अगर पत्रकारिता से इंसान ही गायब हो जाएंगे, तो फिर मानवीय कमजोरियों और गुणों के लिए भी जगह कहां बचेगी। क्या इंसान और तकनीक के बीच शुरु हो चुकी होड़ में मानवीय मूल्य और संवेदनाएं बच पाएंगे, ये एक कठिन सवाल इस वक्त समाज के सामने है।

सबसे तेज कहे जाने वाले चैनल की एंकर ने अपने एआई अवतार को प्रस्तुत करते हुए कहा कि अभी आने वाले वक्त में कितना काम है, चुनाव है, मुझे कई चुनावी क्षेत्रों का दौरा करना होगा, साक्षात्कार लेने होंगे, जनता के बीच जाना होगा, तो ऐसे में जब वो पत्रकारीय दायित्व निभाने के लिए क्षेत्र में रहेंगी तो स्टूडियो में उनका स्थान उनका एआई अवतार लेगी। ये वर्चुअल एंकर बिल्कुल उन्हीं की तरह दिखती और बोलती है। लेकिन उसका दिखना, बोलना सब कुछ तकनीकी है। मुमकिन है आगे निकलने की होड़ में अभी कुछ और चैनल इसी तरह के एआई एंकर स्टूडियो में ले कर आ जाएं। क्योंकि आभासी एंकर की खासियत है कि ये 24 घंटे बिना थके काम कर सकता है, क्योंकि मशीनें थकती नहीं हैं। आभासी एंकर्स में जिस भाषा की जानकारी भरी जाए, वह उसी भाषा में बात कर लेगा और वही बात करेगा, जो पहले से उसमें फीड की गई है। ये सब कुछेक वक्त के लिए अच्छा लग सकता है। चैनलों को भी फायदा रहेगा कि निर्धारित कीमत पर तैयार किए गए वर्चुअल एंकर न वेतन की बात करेंगे, न छुट्टी की, न उनकी अपनी कोई सोच होगी। बिल्कुल कठपुतली की तरह। लेकिन क्या कठपुतलियों के सहारे लोकतंत्र जिंदा रह पाएगा। वर्चुअल एंकर जब भावनाओं से शून्य आंखों के साथ समाचार देगा या देगी तो क्या दर्शकों तक समाचार पूरी तरह से संप्रेषित हो पाएगा। ये तमाम डर अब सिर उठाने लगे हैं। मुमकिन है इस डर को पूंजी के सहारे कुचला जाएगा, लेकिन उस डर का एहसास तो बना ही रहेगा।

जैसे फिल्मों में बहुत से दृश्य वर्चुअली तैयार किए जाते हैं और उनका डिस्क्लेमर दे दिया जाता है कि ये केवल कल्पना है, सच्चाई नहीं, वैसा ही दौर अब पत्रकारिता में शायद आ चुका है। अब शायद जल्दी ही खबर से पहले डिस्क्लेमर यानी अस्वीकरण आने लगेगा कि ये खबर इंसान द्वारा लिखी और प्रस्तुत की गई है, वर्चुअल एंकर द्वारा नहीं। खबरों में ऐसा डिस्क्लेमर समाज और लोकतंत्र दोनों के लिए ही अच्छा नहीं होगा। वैसे मीडिया में एआई के इस्तेमाल का बुरा असर अब रोजगार पर भी पड़ने लगा है। कुछ महीने पहले ही जर्मनी के सबसे बड़े टैबलॉयड बिल्ड ने अपने 200 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया, क्योंकि उनके काम अब एआई के जरिए होने लगे हैं। छंटनी का ये सिलसिला जल्द ही बाकी देशों में भी शुरु हो जाएगा। वक्त आ गया है कि हम एआई वरदान या अभिशाप जैसे विषय पर वाद-विवाद शुरु कर दें। क्योंकि बहसों में चाहे जितनी कड़वाहट हो, इंसान होने की गंध उनमें भरी होती है। यही सबसे जरूरी है।

मीडिया के इस नए दौर को लेकर कई मंचों से, कई तरह की चिंताएं जाहिर की गईं। पत्रकारिता का पतन हो गया है, अब निष्पक्ष पत्रकारिता इतिहास की बात हो गई, ऐसी बहुत सी बातें कही गईं। पिछले 9 सालों के मोदी सरकार के कार्यकाल में पत्रकारिता में पक्षपात को लेकर भी गंभीर सवाल उठे। कांग्रेस को सत्ता से हटाकर भी उसका खौफ बना रहा।

# विदेशी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य है भारत

■ नन्तु बनर्जी

संयुक्त राज्य अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि, सुश्री कैथरीनची ताई, शायद इस बात से पूरी तरह से अवगत नहीं हैं कि भारत में निर्यात किये जाने वाले वैश्विक अमेरिकी ब्रांडों के तहत लैपटॉप, टैबलेट और पर्सनल कंप्यूटर जैसे अधिकांश हाई-टेक मास मार्केट इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट अमेरिका में निर्मित नहीं होते हैं। इनका निर्माण अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) द्वारा चीन में किया जाता है और भारत को निर्यात किया जाता है। ऐसा लगता है कि वह भारत की नई लाइसेंसिंग व्यवस्था के बारे में अनावश्यक रूप से चिंतित हैं, जो एप्पल और डेल जैसी कंपनियों के भारत में शिपमेंट को प्रभावित कर सकती है और कंपनियों को भारत में उत्पाद बनाने के लिए मजबूर कर सकती है। नये नियम नवंबर से लागू होंगे।

कैथरीनची ताई हाल ही में जी 20 व्यापार मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए भारत में थीं। हालांकि, अमेरिकी कंपनियां स्वयं कम चिंतित हैं। उन्हें लगता है कि भारत में उनके ब्रांडों का बाजार अब अच्छा है और तेजी से बढ़ रहा है। भारत के लाभांश भुगतान और रॉयल्टी नियम चीन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक और खुले हैं। न्यायनिर्णयन प्रणाली अच्छी और विश्वसनीय है। एप्पल पहले से ही अपने ताइवानी अनुबंध निर्माता, फॉक्सकॉन के साथ आईफोन बनाने के लिए यहां मौजूद है। हो सकता है, आने वाले समय में, आईपैड, मैक, ऐप्पल वॉच, ऐप्पल टीवी और एयर पॉड्स जैसे अधिक ऐप्पल उत्पाद भी स्थानीय बाजार और निर्यात के लिए भारत में निर्मित किये जायेंगे। एप्पल के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के पीछे रहने की संभावना नहीं है।

एक ताइवानी आप्रवासी की बेटी कैथरीनची ताई को शायद इस बात की जानकारी नहीं होगी कि दुनिया भर में लगभग 30 कारखानों का दावा करने वाली 10 अरब अमेरिकी डॉलर की ताइवानी अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन सोचती है कि आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र जिसे चीन में बनाने में 30 साल से अधिक का समय लगा। उनकी इच्छा है कि भारत में बहुत तेजी से उभरें। ऐप्पल और फॉक्सकॉन पहले से ही यहां हैं, यह समय की बात है कि अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स दिग्गज भारत को अपना विनिर्माण आधार बनायें। फॉक्सकॉन के अध्यक्ष सह सीईओयंग लियू ने कथित तौर पर कहा था कि कंपनी भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी क्योंकि व्यवसाय उच्च उपभोक्ता अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बढ़ेगा।

लियू ने हाल ही में ताइवान में एक बयान में कंपनी की भारत की विकास योजनाओं की रूपरेखा बताते हुए कहा, 'फॉक्सकॉन ने उपभोक्ता जरूरतों के जवाब में भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार जारी रखा है।' उनका मानना है कि भारत 'एक नया विनिर्माण केंद्र बन जायेगा।' लियू निश्चित रूप से जानते हैं कि पिछले साल भारत के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार का आकार 73.73अरब डॉलर था। 2023 से 2030 तक बाजार के 6.8प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से विस्तार होने की उम्मीद है। भारत उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स खर्च में अल्पकालिक से मध्यम अवधि की वृद्धि के लिए विश्वव्यापी अवसर प्रदान करता है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं और चीन में प्रचलित नियमों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं। चीन में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए, उनकी सहायक कंपनियों से नकद प्रत्यावर्तन हमेशा एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है।

रिपोर्टों के अनुसार, चीन विदेशी मुद्रा नियंत्रण की सख्त व्यवस्था रखता है। युआन की विनिमय दर को मजबूती से बनाये रखा गया है। चीन में आने और जाने वाले फंड अत्यधिक विनियमित हैं। कानून और विनियम-जैसे कंपनी कानून, प्रासंगिक कर नियम, साथ ही चीन के स्थानांतरण मूल्य निर्धारण नियंत्रण-विदेशी प्रत्यावर्तन में अतिरिक्त बाधाएं लगाते हैं। ऐसे माहौल में, विदेशी निवेशकों को अपने द्वारा कमाये गये मुनाफे तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही लाभ प्रत्यावर्तन रणनीति को समझने और शामिल करने की आवश्यकता है।

एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की चीन स्थित इकाई कई शर्तों के अधीन विदेशी प्रोमोटरों को सीधे लाभांश का भुगतान कर सकती है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से नकदी भेजने के लिए अंतर-कंपनी भुगतान, जैसे सेवा शुल्क या रॉयल्टी का उपयोग करती हैं। कुछ लोग किसी विदेशी संबंधित कंपनी को, जिसके साथ उसका इक्विटी गठजोड़ है, ऋण देकर अवितरित लाभ भेजते हैं। चीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियां 'कैशट्रैप' नामक घटना का शिकार होती हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा चीन में अपने परिचालन के संबंध में ऐसा माना जाता है।

नकदी जाल का मतलब है कि, जबकि चीन में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सहयोगी या सहायक परिचालन लाभदायक हो सकते हैं, उन मुनाफे का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ नकदी को बाहर निकालने का कोई कानूनी और प्रभावी साधन नहीं है, ताकि एक तरह से मुनाफे का एक हिस्सा (नकद) प्रभावी रूप से देश में ही फंसा हुआ है। नकदी जाल की घटना इसलिए मौजूद है क्योंकि जिस तरह से चीनी नियमों की विभिन्न परतें-विदेशी मुद्रा नियम, विदेशी निवेश वाले उद्यमों पर कंपनी कानून, कर नियम, और, अंतिम लेकिन महत्वपूर्ण, चीन के हस्तांतरण मूल्य निर्धारण नियम-को चीन में कार्यरत बहुराष्ट्रीय कंपनियों के संदर्भ में एक दूसरे बातचीत के लिए लागू किया जाता है।

इसके विपरीत, विदेशी कंपनियों के लिए भारत के प्रत्यावर्तन नियम कम जटिल प्रतीत होंगे। भारत स्वयं पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी और उच्च-स्तरीय सेवाओं का शुद्ध आयातक रहा है। परिणामस्वरूप, भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां अक्सर प्रौद्योगिकियों के उपयोग और तकनीकी सेवाओं (एफटीएस) के लिए शुल्क के लिए संबंधित और असंबंधित विदेशी संस्थाओं को पर्याप्त रॉयल्टी का भुगतान करती हैं। भारत विदेशी बौद्धिक संपदा का आयात और उपयोग जारी रखता है। हाल ही में, भारत के लाइसेंस शुल्क भुगतान में तेजी से वृद्धि हुई है। 2021 में, इस तरह के भुगतान की राशि 8.63 अरब थी, जो 2015 में भुगतान की गई फीस से 72प्रतिशत अधिक है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि एस एंड पी 500 कंपनियों के बाजार मूल्य में आईपी का योगदान 1975 में 17प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 90प्रतिशत हो गया है। केवल अल्पकालिक वित्तीय प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करना अदूरदर्शी हो सकता है और आईपी के रणनीतिक और दीर्घकालिक मूल्य को पहचानने में विफल हो सकता है।

एचपी, डेल, एसर, आसुस, लेनोवो और एप्पल जैसी वैश्विक आईटी हार्डवेयर कंपनियों को भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने में अधिक समय लग सकता है। वे जिन समस्याओं का हवाला देते हैं उनमें भारत में घटकों के पारिस्थितिकी तंत्र की कमी, खराब आपूर्ति श्रृंखला और महंगी लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। लेकिन, स्थिति तेजी से बदल रही है। हालांकि इसे ठीक करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन सरकार चाहती है कि विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियां शुरुआत करें, जिससे मुद्दों को सुलझाने में मदद मिलेगी।

आखिरकार, कुछ वर्षों में, जब घटक विनिर्माण शुरू हो जायेगा और आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दों को सुलझा लिया जायेगा, तो यह सभी हितधारकों के लिए एक जीत की स्थिति होगी। वास्तव में, नवीनतम लाइसेंसिंग व्यवस्था विदेशी निवेशकों को बढ़ते भारतीय बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने के लिए चीन स्थित और इसी तरह के अन्य विदेशी निर्यातकों द्वारा 'डंपिंग' के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। फॉक्सकॉन के बॉस यंगलियू का भारत पर भरोसा कंपनी के वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के निर्णयों को प्रभावित करने की उम्मीद से है क्योंकि ताइवानी आईटी दिग्गज भारत में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए प्रमुख घटकों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करने की योजना बना रही है।

विदेशी और स्थानीय निर्माताओं के लिए बाजार का आकार मायने रखता है। एक विदेशी निवेशक के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण बात है करों और प्रत्यावर्तन व्यवस्थाओं से संबंधित सरकारी विनियमन, जिसमें लाभांश, प्रौद्योगिकी शुल्क, रॉयल्टी और प्रधान कार्यालय रखरखाव शुल्क और मुफ्त न्यायिक प्रणाली शामिल है। वर्तमान में, इन क्षेत्रों में भारत सरकार के नियम काफी हद तक निवेशकों के अनुकूल हैं।

## पावन प्रसंग

# समग्र विकास का साधन शिक्षा

भारत में शिक्षा को एक रामबाण औषधि के रूप में हर मर्ज की दवा मान लिया गया और उसके लिए विस्तार की कोशिश बिना यह जाने समझे शुरू हो गई कि इसके अनियंत्रित विस्तार के क्या परिणाम होंगे। सामाजिक परिवर्तन की मुहिम शुरू हुई और भारतीय समाज की प्रकृति को देशज दृष्टि से देखे बिना हस्तक्षेप शुरू हो गए। दुर्भाग्य से ये हस्तक्षेप अंग्रेजी उपनिवेश के विस्तार ही साबित हुए हैं। स्मरणीय है कि भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की श्रृंखला वाली समाज-पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेजी शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया था। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेलकर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था।

यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का ऐसा नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और उसे आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया।

ऐसा भी नहीं था कि असंगतियों-विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया। इनकी समीक्षा के लिए विचार-विमर्श हुआ और राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुतियां भी हुईं। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में हैं। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरू किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ, वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभामिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोक जीवन में टूटे, बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे-सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दरजे की ही है। कटु और कठोर वास्तविकता यह है कि ज्ञान-विज्ञान की अपनी परंपरा को अनावश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है। वहीं विदेशों के चलन की नकल करते हुए नए-नए विषय शुरू किए जा रहे हैं। ज्ञान की अंधी और महंगी दौड़ जारी है और हमें गंतव्य का पता नहीं है भूमंडलीकरण और वैश्वीकरण के बीच हमारी अपनी पहचान और अस्मिता का प्रश्न गौण हो चला है।

देशज ज्ञान परंपराओं को संदिग्ध की श्रेणी में डालकर पश्चिमी ज्ञान की प्रासंगिकता और आधुनिकता के कवच से सजाया गया है। उसके वर्चस्व को अभेद्य और सुरक्षित बनाया गया है। परिणामस्वरूप यहां का शिक्षा तरु जड़ों से कटता हुआ सूखने लगा है। उसकी जगह जो नया पौधा रोपा गया, उसने यहां का जो भी सहज और स्वाभाविक ज्ञान था, उसे खारिज कर दिया। अध्ययन की एक नई चाल है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तक़रीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत।

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है। पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गई है। परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए?

राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं। इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है, बल्कि कई जगह सड़कों की ख़राब हालत भी ज़िम्मेदार है। जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित ख़बरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है। दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है। जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में सामग्री को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द ख़राब होने की संभावना नहीं होती है। वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं। अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही ज़रूर होती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रास्तों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं। पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनाई जा रही हैं। जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है। इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं। साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है।

**गिरीश बिष्ट, रुद्रपुर, उत्तराखंड**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## चीन में शक्तिशाली तूफान आने से 5 की मौत

**नानजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत में दो टाउनशिप में शक्तिशाली तूफान आने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तूफान सुकियान शहर में डैक्सिंग टाउनशिप और नानकाई टाउनशिप में शाम करीब पांच बजे आया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि तूफान से 5,512 लोग प्रभावित हुए, 1,646 घरों को हानि पहुंची है और इनमें से 137 घर ढह गए। शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, कुल 41.8 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हो गई और 405 लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया।

# यूक्रेन ने युद्ध समाप्त करने को लेकर दुनिया से एकजुटता का किया आग्रह

### रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के लिए हो एकजुट

**कीव,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने देश के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के लिए विश्व से एकजुट होने का आग्रह किया है। न्यूयॉर्क में एक भावुक भाषण में, श्री ज़ेलेंस्की ने कहा कि मॉस्को को दुनिया को अंतिम युद्ध की ओर धकेलने से रोका जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस ने भोजन से लेकर ऊर्जा तक हर चीज को हथियार बनाया है। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन जैसी अन्य आम चुनौतियों पर बातचीत करने से पहले मास्को को युद्ध करने से रोकना चाहिए। श्री ज़ेलेंस्की ने महासभा के वार्षिक अधिवेशन में भाग लेने वाले विश्व नेताओं से कहा, यूक्रेन यह सुनिश्चित करने के प्रयास में लगा हुआ है



कि रूसी आक्रमण के बाद दुनिया में कोई भी देश, किसी भी देश पर हमला करने की हिम्मत न करे। उन्होंने कहा कि रूसी हथियारों पर लगाम लगाई जानी चाहिए। इस युद्ध शामिल लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। श्री जेलेंस्की ने कहा कि निर्वासित लोगों को घर वापस आना चाहिए और कब्जा करने वाले को अपनी भूमि पर लौट जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें इसे बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए और हम इसे करेंगे!

## रूस ने मॉस्को, प्योंगयांग में सैन्य समझौते की खबरों को खारिज किया

**सियोल।** सियोल में रूसी दूतावास ने बुधवार को उन रिपोर्टों का खंडन किया है, जिसमें जिक्र है कि मॉस्को और प्योंगयांग ने पिछले सप्ताह द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में सैन्य सहयोग पर चर्चा की थी। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर सम्मेलन के दौरान प्योंगयांग के साथ सैन्य सहयोग की मॉस्को की कथित चर्चा पर रूसी राजदूत एंड्री कुलिक को मंगलवार को सियोल के विदेश मंत्रालय में बुलाया गया था। मंत्रालय ने कहा कि पहले उप विदेश मंत्री चांग हो-जिन ने मॉस्को से उत्तर कोरिया से संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का पालन करने और प्योंगयांग के साथ सैन्य संबंध बनाने के कदम तुरंत बंद करने का आह्वान किया।

## पेरू के 544 जिलों में आपातकाल घोषित

**लिमा,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी अमेरिकी देश पेरू की सरकार ने 2023-24 के बीच अल नीनो के संभावित आगमन पर उत्पन्न होने वाली पानी की कमी के 'आसन्न खतरे' के देखते हुये 544 जिलों में 60 दिनों के लिए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी। एल पेरुआनो में प्रकाशित डिक्री में कहा गया, यह मौजूदा अत्यधिक उच्च जोखिम को कम करने के लिए तत्काल और आवश्यक आपातकालीन उपायों और कार्यों के निष्पादन की अनुमति देगा। राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा संस्थान और अन्य राज्य संस्थानों के तकनीकी समन्वय के साथ, क्षेत्रीय और स्थानीय सरकारें संबंधित उपायों को अपनाएंगी, जिन्हें 'आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित' किया जाएगा। इंडेसी और अन्य संस्थानों द्वारा 13 सितंबर को जारी की गयी रिपोर्ट के बाद यह घोषणा की गयी, जिसमें वर्तमान हाइड्रोलॉजिकल स्थितियों और जलाशयों की स्थिति के साथ-साथ 2024 की गर्मियों तक मध्य तथा पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में अल नीनो घटना की संभावना पर रिपोर्ट दी गई है।

## क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के निमंत्रण पर ली शी ने यात्रा की



**बीजिंग,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के निमंत्रण पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो के सदस्य ली शी ने 16 से 18 सितंबर तक क्यूबा की औपचारिक यात्रा की। क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रथम सचिव, राष्ट्रपति मिगुएल डियाज़-कैनेल बरमूडेज़ के साथ मुलाकात में ली शी ने शी चिनफिंग का स्नेहपूर्ण अभिवादन पहुंचाया। ली शी ने कहा कि चीन क्यूबा के साथ सर्वोच्च नेताओं के बीच संपन्न अहम सहमतियों का कार्यान्वयन कर पार्टी और देश के शासन में अनुभव का आदान-प्रदान और विभिन्न क्षेत्रों में व्यवहारिक सहयोग मजबूत करना चाहता है। मूल हितों के मामलों पर दोनों देशों को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए और पार्टी के निर्माण व समाजवादी कार्य का विकास बढ़ाना चाहिए। चीन क्यूबा के साथ विश्व विकास पहल, विश्व सुरक्षा पहल व विश्व सभ्यता पहल के कार्यान्वयन और मानव समुदाय के साझे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देना चाहता है। क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य मोरालेस के साथ मुलाकात में दोनों नेताओं ने आपसी राजनीतिक विश्वास, रणनीतिक सहयोग, विभिन्न क्षेत्रों में व्यवहारिक सहयोग और पार्टी के शासन व भ्रष्टाचार के खिलाफ आदान-प्रदान मजबूत करने पर सहमति बनाई।

## सुडोकू 6323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | 5 | 7 | | 3 | | |
| | 8 | | 9 | | | | | |
| | 4 | 3 | | | 1 | | | |
| | | 2 | 8 | | | | | 9 |
| | 6 | | 1 | | 9 | | 4 | |
| 9 | | | | | 2 | 1 | | |
| | | | 4 | | | 5 | 6 | |
| | | | | | 6 | | 9 | |
| | | 6 | | 9 | 5 | | 8 | 1 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 21 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अनोखी अनुभूति कराने वाला साबित होगा। गूढ़ और रहस्यमय विद्याएं सीखने में आप विशेष रुचि लेंगे। आध्यात्मिक सिद्धियां मिलने का योग है।

वृषभ - परिजनों के साथ सामाजिक कामों में या किसी पर्यटन-स्थल पर घूमने का आनंद प्राप्त कर सकेंगे। व्यापारियों की आय में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार बढ़ाने को लेकर भी आज बातचीत हो सकती है।

मिथुन - कार्य-सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त होने के लिए आज का दिन शुभ है। परिजनों के साथ आप आनंद-उल्लासपूर्ण वातावरण में सुखपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ की भी आज संभावना अधिक है।

कर्क - आज का दिन शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता में गुजरेगा। मित्रों और संतान के विषय में चिंता बनी रहेगी। आकस्मिक धन खर्च के योग हैं। विवादजनक प्रसंगों को आज टाल दें। संभव हो तो कहीं बाहर न जाएं।

सिंह - आज परिवार में मनमुटाव का वातावरण रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में नकारात्मक विचार आने से उदासी का अनुभव होगा। जमीन, मकान, वाहन आदि के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए दिन अच्छा नहीं है।

कन्या - शारीरिक- मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आप प्रेमपूर्ण संबंधों से अभिभूत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छी तरह समय व्यतीत होगा और उनसे लाभ भी मिलेगा। विरोधियों की चाल निष्फल रहेगी।

तुला - आज के दिन आपकी मानसिक स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी। ऐसे में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नए काम का आरंभ न करें। वाणी पर संयम रखने से परिजनों के साथ वाद-विवाद नहीं होगा। किसी काम के प्रति जिद्दी ना बने रहें।

वृश्चिक - परिजनों के साथ आज का दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात सफल और आनंददायक रहेगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें।

मकर - आज के लाभदायक दिन में घर में किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। किसी वस्तु की खरीदारी के लिए आज शुभ दिन है। शेयर-सट्टा की प्रवृत्तियों में धन लाभ होगा।

कुंभ - आज आप पर अधिकारी और बुजुर्ग की भी कृपादृष्टि रहेगी। आपके सभी काम सरलता से सम्पन्न होते हुए प्रतीत होंगे। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। आप मानसिक रूप से राहत महसूस करेंगे।

मीन - आज आप तन-मन से थकान तथा बेचैनी का अनुभव करेंगे। संतान की समस्या आपको चिंतित करेगी। नौकरी में उच्च पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद होने से उनकी नाराजगी झेलनी पड़ेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नशीली दवाओं की तस्करी में पकड़े गए अमेरिकी सैनिक

**सोल,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया में 'यूएस फोर्सेज कोरिया' (यूएसएफके) के मुख्यालय में अमेरिकी सैनिकों को सैन्य डाक के माध्यम से नशीली दवाओं की तस्करी करते हुए पकड़ा गया है। राजधानी सोल से लगभग 60 किमी दक्षिण में प्योंगटेक जहां 28,500 जवानों के साथ अमेरिकी सेना कोरिया (यूएसएफके) का मुख्यालय है। वहां से पुलिस ने 17 अमेरिकी सैनिकों, चार दक्षिण कोरियाई और एक फिलिपींस के सैनिक को पकड़ा गया। हिरासत में लिये गये इन जवानों में से फिलिपींस के 33 वर्षीय सैनिक और एक 27 वर्षीय दक्षिण कोरियाई महिला को हिरासत में लिया गया तथा अभियोग के लिए अभियोजन पक्ष में स्थानांतरित कर दिया गया। सत्रह (17) अमेरिकी सैनिकों और तीन दक्षिण कोरियाई लोगों पर बिना हिरासत के अभियोग लगाने के लिए अभियोजन पक्ष को सूचित किया गया है। एक 24 वर्षीय अमेरिकी सेवा सदस्य पर पिछले साल फरवरी और इस साल मई के बीच यूएसएफके मेल के माध्यम से 350 मिलीलीटर सिंथेटिक कैनबिस की अवैध रूप से तस्करी करने, धूम्रपान करने, बेचने और यूएसएफके सैनिकों तथा अन्य लोगों को वितरित करने का आरोप लगाया गया है।

## दक्षिण सूडान में सेना और नागरिकों के बीच झड़प में 10 लोगों की मौत

**जुबा,** 20 सितबर (एजेंसियां)। पूर्वी दक्षिण सूडान में ग्रेटर पिबोर प्रशासनिक क्षेत्र (जीपीएए) के पोचल्ला शहर में दो दिनों की झड़पों के बाद कम से कम दस नागरिक और सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दक्षिण सूडानी सेना के प्रवक्ता लुल रुई कोआंग ने शिन्हुआ को बताया कि रविवार को हुई झड़पें उस समय शुरू हुईं जब सेना ने हिरासत से भागे एक अधिकारी का पीछा किया। उन्होंने कहा कि भागने वाला व्यक्ति अपने पूर्व कमांडर, ओकोनी ओकवोम



ओथोव के घर में छिप गया था, जो खुद को दूसरे स्टेशन पर तैनात करने के आदेश से इनकार करने के बाद मई में ड्यूटी से भाग गया था।

## इजरायली हमले में 3 फिलिस्तीनियों की मौत

**जेरूसलम/रामल्लाह।** इजरायली हमले में मंगलवार रात को कब्जे वाले वेस्ट बैंक में जेनिन शरणार्थी शिविर में ड्रोन हमले में कम से कम तीन फिलिस्तीनी मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन मीडिया रिपोर्टों और इज़राइल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। इज़रायली सेना के एक प्रवक्ता ने एक बयान में पुष्टि की कि सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक में स्थित उग्रवादियों के गढ़ जेनिन शरणार्थी शिविर में एक अभियान चलाया, और कहा कि एक आईडीएफ (इज़राइल रक्षा बल) माओज़ ड्रोन ने क्षेत्र पर हमला किया।

## अफ्रीका पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 2,300 से अधिक पर्यटन मॉनिटर तैनात होंगे

**केपटाउन,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीकी देश में पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 2,300 से अधिक पर्यटन मॉनिटरों को प्रशिक्षित और तैनात करने जा रहा है। पर्यटन मंत्री पेट्रीसिया डी लिले ने बुधवार को यह जानकारी दी।



डी लिले ने पूर्वी केप प्रांत में 2023 पर्यटन ग्रीष्मकालीन अभियान के शुभारंभ पर यह घोषणा की। मंत्री ने कहा कि उनके विभाग के फोकस के प्राथमिक क्षेत्रों में से एक, सुरक्षा का मुद्दा है। क्योंकि यह पर्यटन के आंकड़ों को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा, हम जनता, घरेलू यात्रियों और निकट भविष्य में हमारे देश की यात्रा की योजना बना रहे, लोगों को स्पष्ट आश्वासन देना चाहते हैं कि हम सभी के लिए सुरक्षा बढ़ाने के अपने प्रयासों को सख्ती से आगे बढ़ा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सुरक्षा मुद्दे के समाधान के लिए भीषण गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले सभी प्रांतों में पर्यटक आकर्षण, हवाई अड्डे और राष्ट्रीय उद्यान पर मॉनिटर तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मॉनिटर की जिम्मेदारियों में पहचाने गए आकर्षणों पर गश्त करना, पर्यटन जागरूकता को बढ़ावा देना, पर्यटकों को आवश्यक जानकारी प्रदान करना और किसी भी आपराधिक घटना की तुरंत दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा (एसएपीएस) तथा अन्य प्रासंगिक प्रवर्तन एजेंसियों को रिपोर्ट करना शामिल है। मंत्री ने कहा कि उनकी तैनाती आगामी ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के अनुरूप अक्टूबर के अंत से नवंबर 2023 की शुरुआत तक निर्धारित है।

श्री डी लिले ने कहा, पर्यटन सुरक्षा बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र का एक मजबूत कदम सिकुरा नामक एक ऐप है, जिसे दक्षिण अफ्रीका के पर्यटन व्यवसाय परिषद द्वारा लॉन्च किया गया है। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों और पर्यटन हितधारकों को तत्काल सहायता दी जाती है।

## चीनी उप प्रधानमंत्री ने तिब्बत स्वायत्त प्रदेश का दौरा किया

**बीजिंग,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी उप प्रधानमंत्री ल्यू क्वोचोंग ने 17 से 19 सितंबर तक तिब्बत स्वायत्त प्रदेश का निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तिब्बत में गरीबी उन्मूलन में उपलब्धियों को समेकित और विस्तारित करने और ग्रामीण पुनरुद्धार से प्रभावी ढंग से जुड़ने जैसे कार्यों की जांच और अनुसंधान किया। उन्होंने छ्य्वीश्वेइ, पाईलांग, साक्या आदि काउंटियों में गरीबी से बाहर निकले परिवारों का दौरा किया, लोगों के स्थानांतरण के बाद अनुवर्ती सहायता, ग्रामीण बुनियादी संरचना निर्माण, आधारभूत सार्वजनिक सेवा, गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों के रोजगार और आय बढ़ोतरी आदि स्थिति को विस्तार से समझा। ल्यू ने बल देते हुए कहा कि गरीबी उन्मूलन में उपलब्धियां कड़ी मेहनत से हासिल की गई हैं और इन्हें समेकित और विस्तारित किया जाना चाहिए। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ग्रामीण निर्माण को बढ़ावा देना और धीरे-धीरे सभी जातियों के किसानों व चरवाहों को स्थानीय स्तर पर समृद्ध और खुशहाल जीवन जीने की अनुमति देना आवश्यक है। ल्यू क्वोचोंग ने शरद ऋतु में हाईलैंड जौ की फसल का निरीक्षण किया और मकई, काले गेहूं आदि के प्रायोगिक रोपण की प्रगति के बारे में जानने के लिए आधुनिक कृषि प्रदर्शन पार्क में चले गए।

## वर्ग पहेली 6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अनुपस्थिति, गैरहाजिरी
४. नामुमकिन
६. रक्तपान करने वाला
७. जिसके नेत्र लाल रंग के हों
८. रूपवती, कोमलांगी (उर्दू)
१०. पराजित होना
११. प्रशासन, राजा, हुकूमत
१३. एक खट्टे-मीठे स्वाद वाला फल
१४. आदेश, हुक्म
१५. किसी आकृति तल के ठीक ऊपरी भाग में एक कोण
१७. अनाथ (उर्दू)
१९. ऊपर उठना, उन्नति, युद्ध, सेना
२१. मशविरा, राय (उर्दू)
२२. केसर (उर्दू)
२४. लकड़ियां काटकर जीवनयापन करने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. प्रेमी, आसक्त, संतुष्ट, लाल
२. अप्रत्यक्ष कर
३. कत्लेआम
४. स्वीकार करना, अपना बनाना
५. बहन
९. शहर में प्रवेश करना
११. खुशी के साथ, प्रसन्नतापूर्वक
१२. वजह
१३. वहन, श्रम, शंका
१४. नि:शस्त्र, जिसके हाथ में कुछ न हो
१५. सिर के बल खड़े होने का आसन
१६. शोरगुल
१८. तृतीय
१९. वीरान, जनशून्य
२०. दृश्य (उर्दू)
२३. पर्वत

### वर्ग पहेली-6322

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ आ | प | २ बी | ती | ■ | ■ | ३ से | ना | ४ प | ति |
| श्वा | ■ | न | ■ | ५ अ | पि | तु | ■ | वि | ■ |
| ६ स | ब | ब | ■ | व | ■ | व | ■ | ७ बं | ८ पा |
| न | ■ | जा | ■ | ९ स | ड़ां | ध | ■ | ■ | र्थ |
| ■ | १० पा | ना | ११ गा | र | ■ | ■ | १२ ला | ल | सा |
| ■ | की | ■ | र | ■ | १३ इ | ला | ज | ■ | र |
| १४ न | जा | १५ क | त | ■ | त्या | ■ | ■ | १६ सा | १७ थी |
| शे | ■ | र्ज | ■ | १८ वि | दि | १९ त | ■ | ई | ■ |
| २० म | र्या | दा | ■ | का | ■ | २१ र | स | दा | २२ र |
| न | ■ | २३ र | क्त | स | मू | ह | ■ | ■ | ब |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1784 -अमेरिका का पहली बार दैनिक अखबार (पेनसिलवेनिया पैकेट एंड जनरल एडवरटाइजर) छपा।
1790 - पालघाट ने जनरल मेडोव के नेतृत्व में ब्रिटिश टुकड़ी के समक्ष 60 बंदूकों के साथ आत्मसमर्पण किया।
1815 - किंग विलियम प्रथम ने ब्रूसेल्स में शपथ ली।
1857 - बहादुर शाह द्वितीय ने अंग्रेजों के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
1885 - नीदरलैंड के लोगों ने चुनावों में मतदान के अधिकार के लिये प्रदर्शन किया।
1905 - %अटलांटा लाइफ इंश्योरेंस% कंपनी गठित हुई।
1928 -' माय विकली रीडर' मैगज़ीन की शुरुआत।
1938 - चक्रवाती तूफान(183 मील प्रति घंटे की रफ्तार) से न्यू इंगलैंड में 700 लोगों की मौत।
1942 - नाज़ियों ने यूक्रेन, डुनेवट्सी में 2588 यहूदियों की हत्या की।
1942 - बोइंग बी-29 सुपरफोर्ट्रेस ने अपनी पहली उड़ान भरी।
1964 - माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
1966 - मिहीर सेन ने बासफोरस चैनल तैरकर पार किया।
1999 - मध्य ताइवान में ची-ची भूकंप से 2400 लोगों की मृत्यु।
2013 - नैरोबी के वेस्टगेट शापिंग मॉल में आतंकवादी संगठन अल शबाब के हमले में 67 लोगों की मौत।
1979 - मध्य अफ्रीकी गणराज्य के तथाकथित सम्राट बोकासा सैनिक क्रान्ति में अपदस्थ।
1984 - ब्रुनेई संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1998 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और मोनिका लेविंस्की के प्रेम प्रकरण से संबंधित वीडियो टेप जारी।
1991 - अर्मेनिया को सोवियत संघ से स्वतंत्रता मिली।
2000 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच बेहतर संबंध के लिए %लिबरल डेमोक्रेटिक फ्रेंड्स आफ इंडिया सोसायटी% की स्थापना।
2001 - अफ़गानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान शासन और और नार्दन एलाएंस में लड़ाई शुरू।

**आतंकवाद** | *पंजाब में पन्नून पर 22 आपराधिक मामलें है दर्ज*

# सिख फॉर जस्टिस प्रमुख पन्नून सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर

**नई दिल्ली, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। पिछले कुछ महीनों में तीन खूंखार खालिस्तान समर्थक आतंकवादियों की हत्या/मौत के बाद खालिस्तानी आतंकवादी और प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नून का नाम सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर अब सबसे ऊपर है। पंजाब में राजद्रोह के तीन सहित 22 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे पन्नून को खालिस्तानी आतंकवादियों के सुरक्षित पनाहगाह कनाडा से संचालित करने के लिए जाना जाता है। 6 मई को खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के प्रमुख खालिस्तानी नेता परमजीत सिंह पंजवार की लाहौर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।**

15 जून को खालिस्तान समर्थक और अलगाववादी अमृतपाल सिंह के 'गुरु' अवतार सिंह खंडा की ब्रिटेन के एक अस्पताल में कैंसर से मौत हो गई। तीन दिन बाद 18 जून को, कनाडाई नागरिक और प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केआईएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी थी। चाहे वह पिछले साल मोहाली में पंजाब पुलिस के खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट चालित ग्रेनेड हमला हो, एक ऑडियो संदेश में श्रीनगर में रहने वाले कश्मीरी मुसलमानों को दिल्ली जाने और जी 20 शिखर सम्मेलन को बाधित करने के लिए कहा गया हो, या कई मुख्यमंत्रियों और अन्य लोगों को टेलीफोन के



■ कनाडा में बैठक आतंकी घटनाओं को कर रहे हैं संचालित

माध्यम से हत्या की धमकी दी गई हो, ये सभी ऑडियो संदेश पन्नून द्वारा स्थापित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) से जुड़े हुए हैं। पिछले हफ्ते ही पन्नुन ने पिछले हफ्ते शहीद निज्जर की हत्या पर भारत जनमत संग्रह कराने की घोषणा की थी। उसका सवाल है क्या भारतीय उच्चायुक्त वर्मा हरदीप सिंह निज्जर की 'हत्या' के लिए जिम्मेदार हैं? उन्होंने 29 अक्टूबर को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तान जनमत संग्रह-द्वितीय आयोजित करने की भी घोषणा की।

खालिस्तान समर्थक नेता निज्जर, जिसे भारत सरकार ने %वांछित आतंकवादी% घोषित किया था, की दो अज्ञात बंदूकधारियों ने पंजाबी बहुल सरे शहर में 18 जून को गुरु नानक सिख गुरुद्वारा के परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके वह प्रमुख थे। .

निज्जर की हत्या के बाद से कई कट्टरपंथी कार्यकर्ता सवाल उठा रहे हैं क्योंकि एक महीने के भीतर सिख अलगाववादियों की तीन हत्याएं हुई। उनका कहना है- क्या तीन खालिस्तानी आतंकियों की अचानक हत्या में कोई पैटर्न है?

## दुनिया को जानें

### कम वेतन पाने वाले पुरुषों में हृदय रोग का खतरा दोगुना

**न्यूयॉर्क,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए शोध से यह बात सामने आई है कि तनावपूर्ण नौकरियों और कम वेतन पाने वाले पुरुषों में अन्यों के मुकाबले हृदय रोग का खतरा दोगुना होता है। जर्नल 'सर्कुलेशन: कार्डियोवस्कुलर क्वालिटी एंड आउटकम्स' में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि काम पर मनोसामाजिक तनाव हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा सकते हैं। कनाडा के क्यूबेक में सीएचयू डे क्यूबेक-यूनिवर्सिटी लावल रिसर्च सेंटर के मैथिल्डे लविग्ने-रोबिचौड ने कहा, काम पर बिताए जाने वाले महत्वपूर्ण समय को ध्यान में रखते हुए, काम के तनाव और हृदय स्वास्थ्य के बीच संबंध को समझना स्वास्थ्य और कार्यबल की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। अध्ययन से पता चला जो पुरुष नौकरी के तनाव या कम वेतन की समस्या को झेल रहे हैं, उनमें अन्य पुरुषों की तुलना में हृदय रोग का खतरा 49 प्रतिशत बढ़ जाता है। हालांकि, नौकरी के तनाव और वेतन असंतुलन दोनों को रिपोर्ट करने वाले पुरुषों में हृदय रोग का खतरा दोगुना था, जिन्होंने संयुक्त तनाव का अनुभव नहीं किया था।

# प्रादेशिकी

## हिसार में कोरोना संक्रमण का मामला

**हिसार**, 20 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार जिला डिप्टी सिविल सर्जन डॉ सुभाष खतरेजा ने बुधवार को बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण का एक नया मामला सामने आया है। डॉ खतरेजा के अनुसार जिले में 10,09421 लोगों की जांच की जा चुकी है जिसमें संक्रमण के कुल 64671 मामले सामने आ चुके हैं। अब तक कुल 63479 मरीज कोरोना से रिकवर हो चुके हैं। कोविड-19 की पहली लहर में 327, दूसरी लहर में 814, तीसरी लहर में 45 तथा चौथी लहर में पांच संक्रमितों की मृत्यु हुई है।

# पाखरो टाइगर सफारी प्रकरण पर सीबीआई जांच को तैयार सरकार

- अवैध निर्माण-पेड़ कटान पर जांच के घेरे में अफसर
- हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने लिया निर्णय
- विभाग के अफसरों में मचा हडकंप



**देहरादून,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में पाखरो टाइगर सफारी के नाम पर हुए अवैध निर्माण और पेड़ कटान के मामले में सरकार सीबीआई (सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) जांच को तैयार है। धामी सरकार ने इस मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ न जाने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय से विभाग के साथ ही संबंधित अफसरों में भी हड़कंप मचना तय है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पाखरो टाइगर सफारी के नाम पर हुए अवैध निर्माण और पेड़ कटान के मामले में सीबीआई जांच के जो आदेश किए थे, उस पर सरकार ने फाइनली अपना फैसला ले लिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने हाल ही में मामले की सुनवाई के बाद सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जांच के आदेश दिए थे, जिस पर राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जाने को लेकर विचार किए जाने की बात कही थी। अब सरकार ने विचार करने के बाद अंतिम फैसला ले लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं करने का मन बनाया है। खास बात यह है कि इस मामले में उत्तराखंड की सीबीआई (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) पहले ही जांच कर रही है और तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत से लेकर विभाग के कई आईएफएस अधिकारी भी इसकी जांच के घेरे में हैं। बड़ी बात यह है कि शासन स्तर पर वित्तीय मंजूरी दिए जाने के विषय पर भी कुछ बड़े अधिकारियों के नाम सामने आ रहे हैं और सीबीआई जांच के दौरान शासन के अधिकारी भी पूछताछ के दायरे में आ सकते हैं।कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के बफर जोन में हुए निर्माण और पेड़ कटान पर ऐसे कई फैसले हैं, जो नियम कानून के खिलाफ हुए हैं। बड़ी बात यह है कि जांच के दौरान कई ऐसे अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं, जिन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में सीबीआई जांच शुरू होने के बाद शासन से लेकर वन विभाग के बड़े अधिकारी नप सकते हैं। क्योंकि उनकी स्वीकृतियां जांच के दायरे में होंगी, जिस कारण वो सीबीआई के कटघरे में खड़े होंगे।

### क्या है पूरा मामला

साल 2019-20 में तत्कालीन त्रिवेंद्र सरकार के कार्यकाल में कॉर्बेट नेशनल पार्क की कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग के पाखरो में 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी के निर्माण को मंजूरी मिली थी। हालांकि कुछ समय बाद ही पाखरो टाइगर सफारी पर ग्रहण लग गया और ये योजना पूरी होने से विवाद में आ गई। दरअसल, पाखरो टाइगर सफारी के निर्माण को लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर कुछ सवाल खड़े किए गए। आरोप ये है कि पाखरो टाइगर सफारी के निर्माण में पर्यावरणीय मानकों को दरकिनार किया गया है और बड़े पैमाने पर पेड़ों का कटान किया गया है। सच का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टीम ने खुद मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की जांच में आरोप सही पाए गए थे। बाद में विभागीय जांच कराई गई तो उसमें भी आरोप सही पाए गए। इस मामले में तत्कालीन मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक जेएस सुहाग और कालागढ़ के तत्कालीन डीएफओ किशन चंद पर गाज गिरी थी। दोनों अधिकारियों को इस मामले में सस्पेंड किया गया था। फिलहाल दोनों अधिकारी रिटायर हो चुके हैं। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट के सीईसी यानी सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी ने भी इस प्रकरण पर कड़ा रुख अपनाया था। पाखरो टाइगर सफारी में कितने पेड़ काटे गए, इसकी सही जानकारी के लिए भारतीय वन सर्वेक्षण से इलाके का सर्वे भी कराया गया था।

भारतीय वन सर्वेक्षण के सर्वे में जो बात निकलकर सामने आयी, उसके मुताबिक पखरो टाइगर सफारी के लिए 163 पेड़ों को काटने की अनुमति दी गई थी, लेकिन वहां पर 6093 पेड़ काट दिए गए। 21 अक्टूबर 2022 को एनजीटी ने पाखरो टाइगर सफारी के निर्माण पर रोक लगा दी थी। साथ ही सभी पहलुओं की जांच के लिए कमेठी भी गठित की थी। तीन सदस्यों की इस कमेठी ने मार्च 2023 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी को करीब 128 पेज की रिपोर्ट सौंपी, जिसमें अवैध कार्यों की पूरी जानकारी दी गई। इस रिपोर्ट में वन विभाग के कुछ बड़े अधिकारियों के नाम भी दिए गए थे। साथ ही तत्कालीन वन मंत्री हरक सिंह रावत पर भी सवाल खडे किए गए थे।

# कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति का कोटद्वार बंद रहा सफल

- पसरा सन्नाटा, बसें और टैक्सियां भी नहीं चलीं
- मांगों को लेकर संघर्ष समिति ने किया बंद का आह्वान



**कोटद्वार,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। कण्व नगरी कोटद्वार से जुड़ी आम समस्या को लेकर कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति ने आज 20 सितंबर को बंद का आह्वान किया। जिसके बाद आज कोटद्वार का बाजार पूरी तरह से बंद है। बाजार बंद होने के कारण पूरे शहर में सन्नाटा पसरा हुआ है।कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति की मांग है कि अंग्रेजों के समय के ऐतिहासिक रामनगर-कालागढ़-पाखरों-कोटद्वार लालढांग-हरिद्वार सड़क मार्ग पर चलने वाली गढ़वाल मोटर्स ऑनर्स कम्पनी की सेवा को बहाल किया जाए। अंग्रेजों की दी गई सौगात भारत नामदेव भूमि कण्वाश्रम एक्सप्रेस रेलगाड़ी बहाल हो।

इसके साथ ही कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति की मांग है कि उत्तराखंड निर्माण से पूर्व यूपी द्वारा मोटर नगर की आधुनिक बस अड्डा बनाने के लिए भूमि अदालत से मुक्त की जाए। कोटद्वार की सीवरेज की समुचित व्यवस्था कर उत्तर प्रदेश सरकार से पूर्व की भांति लीज की भूमि बहाल की जाए।पूर्व की भांति कोटद्वार सुखरो नदी के तट पर बने राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से क्षेत्रीय जनता को कूड़ा डम्पिग जोन से उठने वाली दुर्गन्ध से मुक्ति दिलाई जाए। इन सभी मांगों को लेकर कोटद्वार शहर का बाजार, देवी मंदिर बाजार, दुर्गापुर बाजार और किशनपुर बाजार बंद रहा।

कोटद्वार संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कोटद्वार उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी के माध्यम से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को ज्ञापन भी भेजा है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों से आए यात्रियों को बाजार बंद होने की वजह से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोटद्वार बंद के कारण जीप, टैक्सी और जीएमओयू कम्पनी की बसें भी नहीं चली।टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दीपक रावत ने बताया कि कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर कोटद्वार से टैक्सी संचालन बंद रहा। जीएमओयू कम्पनी के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल ने बताया कि कम्पनी की एक भी बस का संचालन नहीं किया गया।

## सार संक्षेप

### एक्सईएन, क्लर्क, लेखा लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हिसार।** हरियाणा में हिसार की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता, क्लर्क और लेखा लिपिक को मंगलवार रात रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों ने बिल पास कराने की एवज में बधावड़ के ठेकेदार जितेंद्र से 45000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। जितेंद्र ने बाद में इसकी ब्यूरो में शिकायत कर दी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने वर्ष 2022 में गांव में एक ड्रेन खोदने का कार्य ठेके पर लिया था। कार्य के पूरा होने पर भी विभाग की ओर से 22 लाख रुपए का भुगतान नहीं हो रहा था। इसके लिये सिंचाई विभाग के क्लर्क सुखविंदर ने रिश्वत की मांग की। पहले 23500 लेकर 10 लाख का बिल पास कराया और इसके बाद 12 लाख रुपए के बिल पास कराने के लिए इन्होंने 45000 रुपए की मांग की। बाद में 35000 रुपए में सौदा तय हो गया। शिकायत के आधार पर ब्यूरो की टीम ने क्लर्क सुखविंदर को 35000 रूपये लेते हुये रंगे हाथ दबोच लिया। ब्यूरो की टीम ने इसके बाद सिंचाई विभाग में लेखाकार लिपिक जगदीश चंद्र को भी टीम ने हिसार के ग्लोबल स्पेस से काबू किया। वहीं, कार्यकारी अभियंता को नहर कॉलोनी हिसार से काबू किया गया। ब्यूरो ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है तथा इनसे पूछताछ चल रही है।

### संगीत से किया भारतीय संस्कृति का प्रस्तुतिकरण

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा स्थित चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण निदेशालय द्वारा संगीत, नृत्य और थियेटर की 10 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह में युवा कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति का बैहतरीन ढंग से प्रस्तृतिकरण किया गया। कलाकारों ने समुह नृत्य, जाागों, हरियाणवी नृत्य, माईम, स्कीट, व भंगड़ा आदि विधाओं के माध्यम से जल बचाओं, सामाजिक कुरुतियों को दूर करने का संदेश देने के साथ-साथ अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाने के लिए भी उपस्थित जनों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुरेश गहलावत ने कहा कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के दिशा निदेज़्शण में युवाओं की ऊजाज़् को चैनलाईज करने का कायज़् युवा कल्याण निदेशालय बढ़े ही बैहतरीन ढंग से कर रहा है। उन्होने कहा कि शीध्र ही 10वां त्रिवेणी युवा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों के सम्पूणज़् व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रत्येक विद्यार्थी को किसी न किसी सांस्कृतिक गतिविधि में अवश्य भाग लेना चाहिए। बच्चों ने गत 10 दिनों में संगीत, नृत्य व थियेटर की विभिन्न विद्याओं को बारिकीयों से जाना और अभ्यास किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन युवा कल्याण निदेशक डॉ. मन्जु नेहरा द्वारा किया गया था।

### सुडोकू 6323 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 4 |
| 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 |

# नारी शक्ति वंदन विधेयक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : निशंक

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं हरिद्वार के सांसद डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने लोकसभा में प्रस्तुत महिला आरक्षण बिल को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसका स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को मजबूत करने के लिए मंगलवार को संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया। इस बिल के जरिए सरकार ने लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि करते हुए कहा है कि भारतीय महिलाओं के प्रति समर्पण और सम्मान के एक नए प्रतीक के रूप में, भारतीय संसद ने महिला आरक्षण बिल को गणेश चतुर्थी के दिन 19 सितंबर को नए संसद भवन में सरकार ने दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर महिला आरक्षण बिल पेश किया जाना भारतीय इतिहास का गौरवमयी पल है । उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह बिल देश



**यह ऐतिहासिक कदम हमारे समाज की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के रूप में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और उन्हें सम्मानित करने का प्रतीक है : डॉ. रमेश पोखरियाल**

के यशवस्वी प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार की महिला सशक्तिकरण और कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है। लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। डॉ निशंक ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम हमारे समाज की गुरुत्वाकर्षण शक्ति के रूप में महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और उन्हें सम्मानित करने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि हमारी महिलाएं देश के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, चाहे वो शिक्षा, विज्ञान, अनुसंधान, प्रशासन, या राजनीति हो। उनकी साक्षरता, समर्पण, और साहस के साथ वे देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान कर रही हैं। महिला आरक्षण बिल के पारित होने से, हम आगे बढ़कर उन महिलाओं को समर्थन और मौके प्रदान करने का संकल्प लेते हैं, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए उत्कृष्टता की ओर बढ़ रही हैं। डॉ निशंक ने भरोसा जताया कि किया कि यह बिल हमारे देश की महिलाओं को उनके योग्यता और सामर्थ्य के आधार पर सशक्त बनाएगा और समाज को एक नई दिशा में ले जाने में मदद करेगा। डॉ निशंक ने कहा आज हम सभी महिलाओं को नमन करते हैंजिन्होंने हमारे देश को गर्वित किया है। महिला आरक्षण बिल का पारित होना हमारे समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है और हम इसके फलस्वरूप हमारे भारतीय समाज के साथ साथ दुनिया के समक्ष भी गर्व के साथ खड़े होते हैं।

# हिमाचल के 51 छात्रों को अनुराग ठाकुर ने घुमाई नई संसद

**शिमला/नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश- हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय के लॉ इंडिट्यूट के छात्र दिल्ली में संसद भवन घूमने आए। केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सभी 51 छात्रों को नई व पुरानी संसद का भ्रमण कराया व महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में चल रही कार्यवाही को भी दिखाया। हिमाचल प्रदेश विश्व विद्यालय के सभी छात्रों ने अंतिम समय में भी केंद्रीय मंत्री के अथक प्रयासों से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने का अवसर मिलने पर उनका आभार प्रकट किया।



**केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से अंतिम समय में कानून के छात्रों ने देखी लोकसभा की कार्यवाही**

लॉ इंडिट्यूट के डायरेक्टर श्री शिव कुमार डोगरा जो छात्रों के साथ संसद भ्रमण पर थे उन्होंने कहा, आज नई संसद घूमने और लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा को देखना बहुत सुखद था और यह केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर जी के सहयोग के बिना संभव नहीं था। हम सभी छात्रों के साथ पुराने संसद की लाइब्रेरी में थे और वहीं से अनुराग जी से मिलने का अनुरोध किया। वो ना सिर्फ़ हमसे मिलने आये बल्कि अपने प्रयासों से अंतिम क्षणों में लोकसभा की कार्यवाही दिखाने भी ले गये। यह हम सब के लिए अविश्वसनीय क्षण था। छात्रों को नई संसद घूमना और कार्यवाही देखना बहुत ही अच्छा लगा। हम इसके लिए अनुराग जी के बहुत आभारी हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल अपार प्रतिभाओं व संभावनाओं का घर है। आज संसद में अपनी देवभूमि के अलग अलग ज़िलों से आए क़ानून के 51 कुशाग्र छात्रों से भेंट करने व उनसे चर्चा कर मौजूदा घटनाक्रम के बारे में उनके विचारों को समझने का अवसर मिला। क़ानून के इन छात्रों ने वो जगह देखी जहां क़ानूनों को अमलीजामा पहनाया जाता है । नई संसद घूमना व लोकसभा की कार्यवाही देखना छात्रों के लिए अलग अनुभव था। नया संसद बहुत ही सुन्दर बना है, इसमें हमारे भारतीय संस्कृति और गौरवमयी इतिहास की झलक देखने को मिलती है। विरासत भी विकास भी का यह अनुपम उदाहरण है।

# किसानों को बरसात से हुए सब्जियों के नुकसान पर मुआवजा देगी सरकार



**शिमला,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। लाहौल स्पीति के किसानों को बरसात से हुए सब्जियों के नुकसान पर सरकार मुआवजा देगी। सरकार इस दिशा में सोच रही है और सरकार ने एक राहत पैकेज लाने की तैयारी की है। यह बात सदन में नियम 62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में कृषि मंत्री चौधरी चन्द्र कुमार ने दी। सदन में विधायक रवि ठाकुर मामला लाए थे। चन्द्र कुमार ने कहा कि फसल बीमा में सब्जियों की मुआवजा देने का प्रावधान नहीं है लिहाजा सरकार अपने बजट से कुछ मुआवजा देने की सोच रही है। हाल ही में सरकार ने यह तय भी किया है और राहत मैन्यूल में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि फसलों का काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। भारी बारिश के कारण सडकें बंद हो गई और कुल्लू मनाली की सडकों के बंद होने से लाहौल स्पीति का मटर व अन्य सब्जियों वहां से मंडियों तक नहीं पहुंच सकी। उन्होंने कहा कि सब्जियों को रखने के लिए कोई स्टोरेज भी नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों का 2.8 करोड रूपए तक का नुकसान आंका गया है। उनका कहना था कि सेब को समर्थन मूल्य है मगर सब्जियों के लिए नहीं है मगर सरकार सभी किसानों को राहत देने के लिए कृतसंकल्प है जिसपर आने वाले दिनों में काम किया जाएगा। मामले को उठाते हुए रवि ठाकुर ने कहा कि लाहौल स्पीति का मटर व दूसरी सब्जियां पूरी तरह से नष्ट हो गई। कुल्लू व मंडी में सडकें पूरी तरह से बंद पडी हुई थी और अब तक भी सही तरह से नहीं खुल पाई है।

# मरीजों को मिलेगा जेनेरिक दवाओं का लाभ

**देहरादून,** 20 सितंबर (देशबन्धु) उत्तराखंड के सबसे बड़े राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के परिसर में आज 20 सितंबर को जन औषधि केंद्र खोला गया, जिसका शुभारंभ सूबे के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने किया। इससे पहले जन औषधि केंद्र मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के ओपीडी भवन के ग्राउंड फ्लोर पर अस्थाई रूप से संचालित किया जा रहा था। आज से अस्पताल के फुट ओवर ब्रिज के निकट जन औषधि केंद्र विधिवत रूप से संचालित हो गया।औषधि केंद्र के उद्घाटन अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के अलावा देहरादून मेयर सुनील उनियाल गामा, देहरादून के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन समेत अस्पताल प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि अभी जन औषधि केंद्र में 2,500 दवाइयां उपलब्ध हैं, लेकिन आने वाले समय में करीब 800 दवाइयों का मरीज सस्ती दर पर लाभ उठा पाएंगे।

# मेले व पर्व से हमारी समृद्ध संस्कृति को मिलता है बढ़ावा : शुक्ल



**शिमला,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोलन जिले के अर्की उपमंडल में आयोजित राज्य स्तरीय सायर मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मेले और त्यौहारों के माध्यम से न केवल हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा मिलता है बल्कि उनका संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि सदियों से चली आ रही परंपराओं को लोगों ने आज भी कायम रखा है।

राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से राज्य को भारी नुकसान होने के बावजूद प्रदेश तीव्र गति इस स्थिति से उबर रहा है और अब स्थितियां सामान्य हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का हर व्यक्ति इस आपदा में सहयोग देने के लिए आगे आ रहा है। उन्होंने कहा प्रदेश के लोग बुलंद हौंसले के साथ राज्य के पुनर्निर्माण अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सायर मेला लोगों की आस्था से जुड़ा है जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हमारी समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करने का होना चाहिए और युवा पीढ़ी को भी संस्कृति से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को हमारी सभ्यता और संस्कृति का न केवल ज्ञान बल्कि उस पर गर्व भी होना चाहिए, तभी देश आगे बढ़ेगा और दुनिया में अपनी पहचान बनायेगा। मेले न केवल सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों के केंद्र होते हैं, बल्कि इनके माध्यम से राज्य की लोक संस्कृति, कला और शिल्प को जानने और समझने का अवसर भी मिलता है।

# देश व प्रदेश के विकास में नाबार्ड बैंक का अहम योगदान : सिंह

**शिमला,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा ऐतिहासिक रिज के पदम् देव काम्प्लेक्स में आयोजित तीन दिवसीय नाबार्ड उड़ान मेला 2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड का देश तथा प्रदेश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड बैंक लोगों को अनुदान प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर प्रदान करता है, वहीं प्रदेश को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए विकास की दृष्टि से हर क्षेत्र में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है जिसमें हमको सड़के, पानी, पुल, सीवरेज जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बैंक प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी उड़ान मेले का आयोजन किया जा रहा है जो महिला सशक्तिकरण को बढ़वा देने के लिए एक अत्यंत सरहानीय पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका की दृष्टि से शिमला में लिफ्ट के समीप शिमला हाट का भी निर्माण किया जायेगा जहाँ पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने उत्पादों की विक्री करेंगी।



मंत्री ने कहा कि नाबार्ड की देश के कोने-कोने तक करोड़ों लोगों में आशा, साहस और सृजनशीलता जगाने की अपनी परंपरा पर गर्व है। भारत में ग्रामीण विकास के क्षेत्र नाबार्ड की भूमिका अभूतपूर्व कृषि कुटीर उद्योग और ग्रामीण उद्योगों के विकास के लिए ऋण प्रवाह को सुविधाजनक बनाने और विकास को बढ़ावा देने के अधिदेश के साथ भारत सरकार ने राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना एक शीर्षस्थ विकास बैंक के रूप में की गई। नाबार्ड का लक्ष्य है कि सतत और न्यायसंगत कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए सहभागी वित्तीय और गैर हस्तक्षेपों वित्तीय, नवाचारों, प्रौद्योगिकी और संस्थागत विकास के माध्यम से समृद्धि हासिल करना है। नाबार्ड अपनी वित्तीय विकासात्मक और पर्यवेक्षी भूमिका के आधार पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लगभग हर पहलू को छू रहा हैद्य इनसे पुनर्वित्त सहायता प्रदान करना, ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण, जिला स्तर की ऋण योजना तैयार करना, ऋण लक्ष्यों को प्राप्त करने में बैंकिंग उद्योग को मार्गदर्शन और प्रेरित करना, सहकारी बैंकों व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की निगरानी करना, सुदृढ़ बैंकिंग प्रथाओं को विकसित करना, ग्रामीण विकास के लिए नई परियोजनाओं को डिजाइन करना, भारत सरकार की विकास योजनाओं को लागू करना, हस्तशिल्प कारीगरों को प्रशिक्षण देना एवं उन्हें अपने उत्पाद बेचने के लिए एक विपणन मंच प्रदान करना आदि शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय-शिमला द्वारा स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह एवं कृषक उत्पादक संघ के उत्पादों के प्रदर्शन के लिए इस तीन दिवसीय उड़ान मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। हिमाचल राज्य के विभिन्न जिलों के पहाड़ी मसाले, दालों, शहद, अखरोट, मशहूर उनी हैंडलूम जैसे शॉल, टोपी एवं मफलर जो ग्रामीण महिलाओं द्वारा हाथ से तैयार किये जाते हैं, इस प्रदर्शनी में उपलब्ध रहेंगे।

नाबार्ड इन प्रदर्शनियों के माध्यम से स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूहों एवं कृषक उत्पादक संघ को अपने उत्पादों की बिक्री कर अपनी आय में वृद्धि करने का एक अवसर प्रदान कर रहा है। नाबार्ड उड़ान मेला 2023 में विभिन्न जिलों से कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूहों एवं कृषक उत्पादक संघों से 40 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रदर्शनी में चम्बा जिला से हैंडलूम उत्पाद जैसे की शॉल, मफलर, पहाड़ी टोपी, केसर, शहद आदि, सिरमौर जिला से मसाले, अचार, दालें आदि, कांगड़ा जिला से जूट के उत्पाद, हैंडमेड साबुन, बैग आदि, मंडी जिला से मंडला आर्ट, मंडी का देशी घी आदि तथा सोलन जिला से सेनेटरी पैड, धूप-बत्ति, अनारदाना आदि उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# राज्यपाल के आदेश पर हो सकेगा कुलपति का निलंबन

**शिमला,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश कृषि, औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय पालमपुर से संबंधित संशोधन विधेयक कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने विधानसभा में पुरस्थापित किया। संशोधन विधेयक के प्रारुप के अनुसार राज्यपाल जो कि विश्वविद्यालय का कुलाधिपति भी होता है, वह साधारण या विशेष आदेश के माध्यम से कुलपति (वाइस चांसलर) को निलंबित कर सके गा। कुलपति की नियुक्ति सामान्यत 5 वर्षों के लिए होगी तथा वह अगले 5 वर्षों तक पदों पर बना रह सकता है, बशर्ते उसकी आयु 65 वर्ष से अधिक न हो। इसके अलावा कुलपति अपना कार्यकाल पूरा होने पर कुलाधिपति की अनुमति से अपने पद पर बना रहा सकता है, लेकिन यह अवधि 1 वर्ष से अधिक नहीं होगी। इसके अलावा कुलपति पर आरोप लगने पर उसके खिलाफ जांच करने एवं पद से हटाने सहित अन्य तरह के प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किए गए हैं। हालांकि कुलपति पर आरोप लगने के बाद उसे जांच रिपोर्ट की 1 प्रति उपलब्ध करवाकर उसे सुनवाई का अवसर भी दिया जाएगा। साथ ही कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति के गठन का प्रावधान भी संशोधन विधेयक में किया गया है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में बदहाली के आंसू बहा रही सातनपुर आलू मंडी सड़क

**फर्रुखाबाद,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। सातनपुर आलू मंडी रोड बेहद ही दुर्दशा ग्रस्त है। जनपद मे विकास की तस्वीर खोल रही यह गड्ढा कीचड़ युक्त सड़क जनप्रतिनिधियों की लचर कार्यशैली की कहानी साफ-साफ बया कर रही है। जब कि गड्ढा मुक्त सड़को के दावे हो रहे हैं। कई सालों से टूटी यह सड़क पर आए दिन वाहन फंसते हैं। तथा गहरे गहरे गड्ढे में गिरकर पलट भी चुके हैं। आला अधिकारी शासन से बजट ना आने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। गौरतलब है। कि सातनपुर आलू मंडी मे फर्रुखाबाद जनपद के हजारो किसान आलू लेकर आते हैं। इसके बाबजूद सातनपुर आलू मंडी रोड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। सड़क पर जगह जगह गहरे गहरे कीचड व गंदे पानी से लबालब गड्ढे जिले के जनप्रतिनिधियो की कार्यशैली की तस्वीर साफ साफ बया कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में युवाओं को अधिक से अधिक प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ें : अग्रवाल

### समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर जताई कड़ी नाराजगी

**लखनऊ,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को कौशल विकास मिशन कार्यालय लखनऊ में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की।



उन्होंने प्रशिक्षण प्रदाताओं को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार से जोड़ने का कार्य पूरी ईमानदारी से करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि दिए गए लक्ष्यों को निर्धारित समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देने में लापरवाही करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए कौशल विकास मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सेवायोजित होने वाले युवाओं की नियमित रूप से ट्रेकिंग की जाए, जिससे यह पता चल सके कि सेवायोजित युवा सम्बन्धित कम्पनी में कार्य कर रहे या नहीं।

> नियमित रूप से करें रोजगार मेलों का आयोजन : कपिलदेव अग्रवाल

उन्होंने निर्देश दिया कि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाए। उन्होंने रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कम्प्यूटरिंग, ग्रीन इनर्जी जैसे क्षेत्रों मे युवाओं को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि दिए गए दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें, लापरवाही किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण योजनाओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिलाना है इसलिए प्रशिक्षण देने वाली एजेन्सीज को अपने दायित्व को निर्वहन करें।

कौशल विकास मंत्री अग्रवाल ने कहा कि टैक्नोलॉजी के विस्तार ने नए-नए क्षेत्रों में रोजगार के अवसर व आवश्यकताओं को जन्म दिया है। इसलिए भविष्य में रोजगार की संभावना के क्षेत्रों को चिन्हित कर उनमें प्रशिक्षण दिलाने की विशेष कार्य योजना तैयार करे।

### प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कौशल विकास मंत्री अग्रवाल ने बैठक के उपरान्त कौशल विकास मंत्री ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले टॉप 6 प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शन्भुगा सुन्दरम एवं मिशन निदेशक कौशल विकास रमेश रंजन द्वारा कौशल विकास मंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। विशेष सचिव अभिषेक सिंह, निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन कुणाल सिल्कु सहित प्रशिक्षण प्रदाता व विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## पूर्व आईपीएस ने विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा

**मेरठ,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर बुधवार को मेरठ पहुंचे हैं। यहां सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्यमंत्री और हस्तिनापुर विधायक दिनेश खटीक भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोला। पूर्व आईपीएस ने राज्यमंत्री पर अपने पद का दुरुपयोग करने और सरकारी कामों का ठेका अपने का दुरुपयोग करने और सरकारी कामों का ठेका अपने बहनोई, साले को दिलवाकर सरकारी नियमों के उल्लंघन करने, अवैध कालोनी निर्माण में हिस्सेदारी सहित तमाम आरोप लगाए हैं।

> सगे संबंधियों को ठेके दिलाने का लगाया आरोप

सर्किट हाउस में मीडिया को जानकारी देते हुए अमिताभ ठाकुर ने कहा कि यूपी शासकीय नियमावली के अनुसार कोई विधायक, मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कामों या सरकारी लाभ के लिए ठेका किसी सगे संबंधी, रिश्तेदार को नहीं दे सकता। इसके बावजूद भाजपा के राज्यमंत्री दिनेश खटीक अपने पद का दुरुपयोग कर नियमों के विपरीत जाकर सगे रिश्तेदारों को काम दिलवा रहे हैं।

## नए संसद भवन में पहुंची शोभित विवि की छात्राएं व शिक्षिकाएं



**मेरठ,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को शोभित विश्वविद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं को भारत के नवनिर्मित पार्लियामेंट हाउस ऑफ इंडिया परिसर पहुंचे। इस मौके पर सभी राज्यसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर हो रही उत्साहवर्धक और महत्वपूर्ण बहस को सुना। संसद में चल रही बातचीत में में राज्यसभा सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने सभी सम्मानित सदस्यों के ध्यान को लॉबी की ओर आकर्षित करते हुए लॉबी में बैठी नारी शक्ति एवं विश्वविद्यालय की यूनिफॉर्म में बैठी शोभित विश्वविद्यालय की छात्राओं की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांसद राजेंद्र अग्रवाल से भी मुलाकात की। इस अवसर पर, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.जयानंद ने छात्राओं और शिक्षिकाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की प्रशंसा करते हुए और आने वाले समृद्धि भरे अनुभवों की और उनकी सकारात्मक भागीदारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की छात्राओं और शिक्षिकाओं की भागीदारी हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का स्रोत है। क्योंकि शोभित विवि हमेशा से महिला सशक्तिकरण के पक्षधर रहे है। विश्वविद्यालय की ओर से इस दल में शामिल डॉ निधि त्यागी, डॉ प्रीती गर्ग और अर्पणा त्यागी और विवि की छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं और शिक्षिकाओं ने इस अद्वितीय पल का साक्षी बनने पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलपति प्रो.जयानंद और विश्वविद्यालय का आभार व्यकत किया।

- महिला आरक्षण बिल की विशेष चर्चा के हिस्सा बनी छात्राएं
- उत्साह के साथ बहस को सुना, गदगद दिखीं सभी
- यूनिफॉर्म में बैठी छात्राओं की हुई प्रशंसा

## सार संक्षेप

### गृहस्थियों के शत-प्रतिशत बनाए जाएं आयुष्मान कार्ड

**मवाना।** बुधवार को तहसील के सभागार में उपजिलाधिकारी के अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम के साथ आशा और एएनएम को पात्र लोगो के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम अखिलेश यादव ने आयुष्मान तहसीत के सभागार में चिकित्सा संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई। बैठक में सीएचसी प्रभारी डॉ.अरूण कुमार ने अधिकारी आयुष्मान आपके द्वार 3.0 में उन पात्र कर्मचारियों को पात्र गृहस्थियों की लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाये।

### विनयवान व्यक्ति ही सभी गुणों से सम्पंन

**मवाना/हस्तिनापुर।** श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मन्दिर के मल्लिनाथ भगवान के समवशरण में दशलक्षण महापर्व के द्वितीय दिवस पर मुख्य वेदी में विराजमान त्रय तीर्थंकरों का जलाभिषेक किया गया। तदोपरान्त् विधान की मांगलिक क्रियाएं पं. आशीष जैन शास्त्री द्वारा प्रारम्भ की गई। शान्तिधारा करने का सौभाग्य विधान संयोजक विजय कुमार जैन तरूण जैन निलांजना जैन को प्राप्त हुआ। विधान के मध्य आयोजित धर्मसभा में विधान के मध्य मुनि 108 भाव भूषण महाराज ने उत्तम मार्दव धर्म पर मंगलमय प्रवचन देते हुए कहा कि -मान, घमंड, अभिमान को छोड़ो क्योंकि यह नीच गति मे ले जाने वाला है। मान को महान विष की संज्ञा दी गई कि जिस प्रकार से विष व्यकित का सर्वनाश कर देता है उसी प्रकार से मान (घमंड) करने वाले का भी सर्वनाश हो जाता है। चाहें हम कितने ही धनवान, ज्ञानवान, बलवान हो परन्तु इसका घमंड न करें।

### व्यापारी को दी जान से मारने की धमकी

**मवाना।** मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल निवासी व्यापारी संजय ने बुधवार को अन्य व्यापारियों के साथ थाने पहुंच कर दी गई तहरीर में पुलिस से बताया की उसका पड़ोसी व्यापारी अपनी दुकान तोड़ रहा है इस दौरान पीड़ित की दुकान में भी काफी नुकसान हुआ है। जिसका विरोध करने पर पड़ोसी व्यापारी के साथियों द्वारा पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित व्यापारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी दुकान नगर के बाजार में स्थित है। पीड़ित ने तोड़फोड़ धीरे से करने के लिए कहा तो वह व्यापारी लड़ने को तैयार हो गया ओर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे दी। मामले की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

### तैराकी प्रतियोगिता में मेरठ की दीपा यादव अव्वल

**मेरठ।** कैलाश प्रकाश स्टेडियम में खेल विभाग उप्र के निर्देशन में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय महिला राज्य स्तरीय तैराकी व टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता का समापन हो गया। 200 और 400 मीटर फ्री-स्टाइल तैराकी और 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में मेरठ की दीपा यादव अव्वल रहीं। जबकि टेबिल टेनिस टीम चौम्पियनशिप में प्रयागराज मंडल विजेता रही, युगल स्पर्धा में लखनऊ मंडल के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।

## बीएजेएमसी के छात्रों ने जानी विज्ञापन की बारीकियां

**मेरठ,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग द्वारा बीएजेएमसी के छात्र-छात्राओं के लिए सपना फिल्म्स सीने आईज में भ्रमण का आयोजन किया, जिसको विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, उन्होंने छात्र छात्राओं को रवाना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलती है तथा भविष्य में उन्हे इंडस्ट्री में कार्य करने में आसानी रहती है। इस दौरान संस्थान के निदेशक इंजी. विकास कुमार, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर प्रवीन शर्मा, बीएजेएमसी सहायक प्रोफेसर रंजित सिंह एवं डॉक्यूमेंट्स विभागाध्यक्ष कपिल कुमार उपस्थित थे। इस भ्रमण के दौरान सचिन अरोड़ा, नेशनल हेड, सपना फिल्म्स सीने आईज ने छात्र-छात्राओं को सिनेमा, टीवी, रेडियो, डिजिटल विज्ञापन से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया विज्ञापन प्रिंट मीडिया में और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कैसे-कैसे प्रकाशित एवं प्रसारित किया जाता है उन्होंने उन्हें आयु वर्ग के अनुसार विज्ञापनों के बारे में जानकारी दी।



## संजय गांधी अस्पताल की सरकारी बंदी के बाद चार सौ कर्मचारी बेरोजगार

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**अमेठी,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। संजय गांधी अस्पताल की सरकारी बंदी के बाद चार सौ कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। जिससे बेरोजगार कर्मचारियों ने बुधवार को अमेठी के कलेक्टर राकेश कुमार मिश्र को अस्पताल खुलवाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा है।

बाकी कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने भी जिलाधिकारी से मिलकर अस्पताल खुलवाने के लिए राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। अमेठी की जनता संजय गांधी अस्पताल को मेडिकल कॉलेज मानती है।

जिससे सुल्तानपुर, रायबरेली, लखनऊ और इलाहाबाद जाने के पहले संजय गांधी अस्पताल जाते हैं। कारण अस्पताल में सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद हैं। यही वजह से आपातकालीन सेवा के मरीजों का दिन रात आना जाना लगा रहता है। लेकिन अस्पताल बंद होने से मरीज इलाहाबाद, लखनऊ जाने को मजबूर हो गए हैं।



- कर्मचारियों ने कलेक्टर को अस्पताल खुलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन
- अस्पताल बंद होने से प्रदेश के अन्य जिलों में जाने को मरीज मजबूर

कांग्रेस के पूर्व विधायक दीपक सिंह ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डाक्टर और आपातकालीन सेवाओं का हाल किसी से छिपा नहीं है। संजय गांधी अस्पताल बंद होने से मरीज बेहाल है। जनता परेशान हैं। कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं।

### घर के करीब कम पैसों में मिल जाता था बेहतर इलाज

सपा के चौधरी सुखराम यादव ने कहा कि घर के करीब कम पैसों में बेहतर इलाज मिल जाता था। लेकिन अब लखनऊ जाना पड़ेगा। यहां आसपास इलाज की कोई व्यवस्था नहीं है। भाजपा के एक सीनियर नेता ने कहा कि दोषियों को सजा देने के बजाय जनता को सजा सुनाई गई है। अस्पताल सभी के लिए होता है। राजनीति के लिए हजारों मुद्दे पड़े हैं। इससे कांग्रेस को फायदा होगा।

## छात्रों के बिना विश्वविद्यालय होता है अधूरा : संगीता शुक्ला



**मेरठ,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। छात्रों के बिना विश्वविद्यालय अधूरा है छात्रों के हित के लिए विश्वविद्यालय हमेशा तत्पर रहता है किसी भी छात्र को किसी भी समय कोई समस्या है तो विवि परिवार समाधान के लिए हमेशा तैयार है जो छात्र हॉस्टल में रहते हैं वह कभी अपने को अकेला ना समझे यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने छात्रावास में छात्रों से बातचीत के दौरान कही। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि छात्रों को अपने परिवार से बातचीत करते रहना चाहिए आप छात्रावास में रह रहे हैं इसीलिए अपने को अकेला ना समझे विवि आपके परिवार की तरह है अपनी समस्या को अपने शिक्षक अपने वार्डन को बताएं।

## एक हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिला रोजगार : राजीव

**मेरठ,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कम्पनी साटा विकास लि. द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव का आयोजन किया गया। जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 226 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 37 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किए। वेंक्टेश्वरा समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं समूह चेयरमैन के प्रधान सलाहकार प्रो0 वी0पी0एस0 अरोड़ा ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है। हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओ को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढसंकल्पित है। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के डॉ.सीवी रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोड़ा, प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश यादव, साटा विकास लि. के वरिष्ठ प्रबन्धक विजेन्द्र सिंह चौहान, सलिल जैन आदि ने किया।



- वेंक्टेश्वरा में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राइव का हुआ आयोजन
- नौकरी पाकर खिले चहेरे, चार अक्टूबर से होगी नियुक्ति

## कॉलेज से लौट रहे छात्र के ऊपर जानलेवा हमला

**मवाना,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को कॉलेज से लौट रहे छात्र के ऊपर युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया मारपीट में पीड़ित छात्र को गंभीर चोट आई है। गांव मीवा निवासी छात्र भूपेंद्र ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह बुधवार को कॉलेज से वापस लौट रहा था।

इस दौरान उसके ऊपर रास्ते में पहले से ही मौजूद युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया हमले में पीड़ित के सिर पर चोट लगने के कारण वह घायल हो गया घटना के बाद पीड़ित ने थाने पर मामले की तहरीर दी है। छात्र को पुलिस ने उपचार के लिए नगर के सीएचसी पर डाक्टरी के लिए भेजा है।

## संचारी रोग के बारे में स्कूली बच्चों को किया जाए जागरूक : संजय

### जिलाधिकारी ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा

**फर्रुखाबाद,**20 सितम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी में समस्त चिकित्सा अधिकारियों सम्बंधित एसडीएम/ खण्ड विकास अधिकारी की उपस्थिति में संचारी अभियान बैठक कराने के निर्देश दिए।

संचारी अभियान की बैठक में ग्राम प्रधानों की सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। 27 सितम्बर 2023 तक सभी संबंधित विभागों को माइक्रो प्लान बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। स्कूलों में बच्चों को संचारी रोग के दौरान क्या करे क्या न करे के संबंध में जागरूक किया जाए। भ्रमण के दौरान डेंगू, मलेरिया, टीवी, कुष्ठ रोग, कुपोषित बच्चों आदि की सूची तैयार की जाए। संक्रमित क्षेत्रों में रेपिड रिस्पॉन्स टीम का भ्रमण कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को बेहतर साफ सफाई कराने के साथ साथ संचारी अभियान के मानकों पर पूर्ण कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। स्कूलों में रनिंग वाटर जमा ना हो, गंदगी ना दिखे यह सुनिश्चित कराया जाए। संचारी रोग अभियान में सभी संबंधित विभाग सक्रिय भूमिका निभाए। मलेरिया नोटीफाइड डिसिज है यदि किसी के घरों के सामने पानी भरा पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नोटिस/जुर्माना की कार्यवाही की जाए।



## परमवीर चक्र विभूषित कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव को मिलेगा श्री शारदा शताब्दी सम्मान

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या/नोएडा,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे 28 विभूतियों को श्री शारदा शताब्दी सम्मान से नवाजा जाएगा। सम्मान का यह 12वां आयोजन है जो की दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के शारदा विश्वविद्यालय में 22 और 23 सितम्बर को किया जा रहा है। दो दिवसीय समारोह के विभिन्न सत्रों में तय विषयों पर विद्वान चर्चा करेंगे। इस आयोजन के पृष्ठभूमि में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित शारदा शक्तिपीठ को मुक्त करने की भी मंशा समाहित है। पीठ की अनादि परंपरा के सातत्व को बनाए रखने के लिए शारदा सर्वज्ञ पीठ न्यास नियमित सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसके तहत ना सिर्फ पीठ के आम्नाय को प्रतिष्ठित रखने के प्रयास होते हैं बल्कि पीठ की परंपरा से समाज के विभिन्न वर्गों के विलक्षण प्रतिभाओं को जोड़ने का शुभ संकल्प सिद्ध होता है। इसी क्रम में विगत 12 वर्षों से भारत के सांस्कृतिक परिक्षेत्र में मानव कल्याण के संकल्प को लेकर अद्वितीय कार्य करने वाले विभिन्न कार्य क्षेत्र व परंपरा के 21 व्यक्तियों या संस्था को श्री शारदा शताब्दी सम्मान प्रदान किया जाता है। सम्मान का यह 12वां आयोजन है जो की दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय शारदा विश्वविद्यालय में शारदा सर्वज्ञ पीठ पीठाधीश्वर के पावन सानिध्य में होगा। इसमें विभिन्न विषयों के विद्वानों, धर्माचार्य, संतो, विज्ञानियों, लोकप्रशासकों, खिलाड़ियों व कलाकारों को विभूषित किया जाएगा। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ का दिग्विजय अभियान पिछले 18 वर्षों से सारस्वत है। वे श्री शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के गौरवशाली सनातन धर्म परंपरा को संचालित करते हुए इसे पाकिस्तान से मुक्त करने के संसदीय प्रस्ताव को क्रियान्वित करने के अभियान में गतिशील हैं। वैदिक ज्ञान, योग, तंत्र मंत्र व आध्यात्मिक शक्तियों की सिद्धि के लिए कश्मीर की यह शारदा सर्वज्ञ पीठ विश्व भर के साधकों का आकर्षण बन गई थी। पाकिस्तान के कब्जे में आने के बाद हिंदू इस शक्तिपीठ पर नहीं जा पा रहे हैं। भारतीय सनातन धर्म की परंपरा और इतिहास में इस शक्ति पीठ के तुल्य दूसरा कोई अन्य स्थान नहीं है। इस महाशक्ति पीठ पर विश्व का सबसे बड़ा पुस्तकालय था। ऐसा माना जाता है कि पृथ्वी से जब भी वैदिक ज्ञान का लोप हो जाए तो ऋषि लोग सूर्य उपासना से पुन: उस लुप्त ज्ञान को प्राप्त कर लेते हैं। इसी कारण शारदा पीठ को निष्कलाम्नाय का नाम दिया गया है। शारदा पीठ को भारतीय तीर्थ श्रृंखला से जोड़े रखने के लिए श्रीमद् जगतगुरु शारदा सर्वज्ञ पीठ पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रयासरत है।शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम 22 और 23 सितंबर को शारदा यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। एनसीआर में पहली बार इसका आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। पहले दिन 22 सितंबर को उद्घाटन समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, सांसद डॉ. महेश शर्मा, ब्रह्म सागर समिति के अध्यक्ष कैप्टन एसके द्विवेदी, शारदा यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके गुप्ता और प्रो चांसलर वाईके गुप्ता मौजूद रहेंगे और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। सम्मानित होने वालों में कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव (परमवीर चक्र विभूषित), सैन्य सेवा, डॉ. आरके ग्रोवर (पद्मश्री विभूषित कैंसर विज्ञानी व पूर्व संस्थापक निदेशक दिल्ली राज्य कैंसर चिकित्सा संस्थान), कैंसर चिकित्सा, सुनील जोगी (पद्मश्री विभूषित ख्यात कवि), साहित्य, प्रो. मनोज दीक्षित (कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर), सांस्कृतिक पुनर्जागरण, डॉ. बीआर मणि (महानिदेशक राष्ट्रीय संग्रहालय व कुलपति, भारतीय धरोहर संस्थान), धरोहर संरक्षण, प्रो. मुरली मनोहर पाठक (कुलपति लालबहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय), संस्कृत उन्नयन, डॉ. तनुजा मनोज नेसारी (निदेशक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान), आयुर्वेद, अवधेश बिहारी माथुर (सदस्य, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा, पांडुरंग पोले (मुख्य निर्वाचन अधिकारी जम्मू व कश्मीर), लोकसेवा, डॉ.ब्रह्मदेव राम त्रिपाठी (मुख्य निर्वाचन अधिकारी मेघालय तथा आयुक्त एवं सचिव महामहिम राज्यपाल), संस्कृत उन्नयन, डॉ. राघव लंगर (सचिव, जम्मू व कश्मीर शासन) लोकसेवा, डॉ.अरुणवीर सिंह (सीईओ, यमुना एक्सप्रेस-वे विकास प्राधिकरण), लोकसेवा, डॉ. रश्मि सिंह (आयुक्त व एडमिनेस्ट्रेटिव सेक्रेटरी जम्मू-कश्मीर शासन), लोकसेवा, सचिन गुप्ता (कुलाधिपति संस्कृति विश्वविद्यालय), शिक्षा आदि शामिल हैं।

- पद्म श्री आरके ग्रोवर, पर्यटन विशेषज्ञ मनोज दीक्षित, युवा संत मानसदास सहित 28 विभूतियों को भी मिलेगा सम्मान
- पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त हो कश्मीर स्थित श्री शारदा शक्तिपीठ

## मुझे टाइपकास्ट होने का डर नहीं है: वरुण शर्मा

मुंबई, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेता वरुण शर्मा 'फुकरे' फ्रेंचाइजी की अपकमिंग थर्ड इंस्टॉलमेंट 'फुकरे 3' में चूचा के अपने आइकोनिक किरदार के साथ वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्हें टाइपकास्ट होने का डर नहीं है। वरुण ने पिछले कुछ सालों में चूचा और सेक्सा के अपने किरदारों के लिए काफी सराहना बटोरी है। इंडस्ट्री में अब तक के अपने सफर को याद करते हुए एक्टर ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें 'फुकरे' में चूचा जैसे किरदार के साथ डेब्यू करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, 'कोई भी अभिनेता जो फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रहा है, वह चाहता है कि दर्शक उसे स्वीकार करें और प्यार करें। मैं भाग्यशाली हूं कि यह चूचा के साथ हुआ और फिर सेक्सा के साथ।

# त्वचा रोग से हो सकती है पाचन संबंधी समस्या



■ एक नए शोध से यह बात सामने आई है कि त्वचा संबंधी बीमारी एटोपिक डर्मेटाइटिस (एक्जिमा) से इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (पाचन से संबंधित बीमारी) का खतरा बढ़ सकता है

न्यूयॉर्क, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एक नए शोध से यह बात सामने आई है कि त्वचा संबंधी बीमारी एटोपिक डर्मेटाइटिस (एक्जिमा) से इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (पाचन से संबंधित बीमारी) का खतरा बढ़ सकता है। जेएएमए डर्मेटोलॉजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि एटोपिक डर्मेटाइटिस (त्वचा संबंधी बीमारी) वाले वयस्कों में इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (पाचन से संबंधित बीमारी) विकसित होने का जोखिम 34 प्रतिशत बढ़ जाता है, वहीं बच्चों में यह 44 प्रतिशत बढ़ जाता है।

एटोपिक डर्मेटाइटिस सूजन एक पुरानी बीमारी है, जो त्वचा की सूजन, लालिमा और जलन का कारण बनती है। इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज में अल्सरेटिव कोलाइटिस (अल्सर) और सूजन आंत्र रोग शामिल हैं, जो पुरानी पाचन तंत्र की सूजन से जुड़े विकार हैं। जबकि इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज (आईबीडी) आंत में स्थित है और एटोपिक डर्मेटाइटिस सूजन त्वचा को प्रभावित करती है, दोनों रोग प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा संचालित होते हैं और गंभीर सूजन द्वारा वर्गीकृत होते हैं।

अमेरिका में पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के जोएल एम गेलफैंड ने कहा, 'चिकित्सकों के लिए एटोपिक डर्मेटाइटिस के रोगियों की देखभाल के सर्वोत्तम मानक को समझना जरूरी है।'

उन्होंने कहा कि एटोपिक डर्मेटाइटिस और इंफ्लेमेटरी बाउल डिजीज पुरानी सूजन और त्वचा और आंत बाधा में शिथिलता का कारण बन सकते हैं। विशिष्ट साइटोकिन्स, कुछ प्रकार के प्रोटीन भी होते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली की गतिविधि में भूमिका निभाते हैं। टीम ने 1



मिलियन से अधिक बच्चों (1 वर्ष से कम उम्र से लेकर 18 वर्ष तक के प्रतिभागियों) और एटोपिक डर्मेटाइटिस (त्वचा संबंधी बीमारी) वाले वयस्कों का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि त्वचा की स्थिति बच्चों में उच्च अल्सरेटिव कोलाइटिस से जुड़ी नहीं थी, जब तक कि बच्चों में एटोपिक डर्मेटाइटिस गंभीर मामला न हो। हालांकि, एटोपिक डर्मेटाइटिस से पीड़ित बच्चों में सूजन आंत्र रोग का जोखिम 54 से 97 प्रतिशत तक बढ़ गया था। वहीं, गंभीर एटोपिक डर्मेटाइटिस से पीड़ित बच्चों में यह लगभग पांच गुना अधिक था।

इसके अलावा, एटोपिक डर्मेटाइटिस की सूजन वाले वयस्कों में अल्सरेटिव कोलाइटिस (अल्सर) का जोखिम 32 प्रतिशत और सूजन आंत्र रोग का जोखिम 36 प्रतिशत बढ़ गया था।

गेलफैंड ने कहा, 'त्वचा रोगों और अन्य रोगों के बीच संबंधों की जांच करने से न केवल इस बात की नई जानकारी मिलती है कि ये रोग दोनों के साथ एक रोगी को कैसे प्रभावित कर सकते हैं, बल्कि ये अध्ययन विशेष रूप से शक्तिशाली हैं क्योंकि वे प्रत्येक बीमारी कैसे असर करती है, इसकी जानकारी पर भी प्रकाश डालते हैं।'

## गणेशोत्सव पर वरुण धवन ने लालबागचा राजा के किए दर्शन, गणपति बप्पा से लिया आशीर्वाद

**मुंबई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्टर वरुण धवन ने गणेशोत्सव के दूसरे दिन लालबागचा राजा के दर्शन किए। एक्टर ने अपने फॉलोअर्स के लिए इंस्टाग्राम पर अपनी यात्रा की फोटो शेयर कीं, जिसमें वह येलो कलर का एथनिक कुर्ता पहने नजर आ रहे हैं और बप्पा से आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। उनके माथे पर लाल टीका है। वह भगवान गणपति की विशाल मूर्ति के सामने पोज दे रहे हैं। वीडियो में उन्हें भगवान से प्रार्थना करते हुए दिखाया गया है। वरुण ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'आज लालबागचा राजा में सबसे अच्छे दर्शन हुए।' वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण फिलहाल अपने अगले प्रोजेक्ट 'वीडी 18' की शूटिंग कर रहे हैं। जुलाई में, सिने 1 स्टूडियोज और ए फॉर एप्पल स्टूडियोज ने वरुण की मुख्य भूमिका वाली सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म के लिए हाथ मिलाया था। यह कलीस द्वारा लिखित और निर्देशित है, और मुराद खेतानी और प्रिया एटली द्वारा निर्मित है। फिल्म 'वीडी 18' एटली द्वारा प्रस्तुत की गई है।



## सलमान खान ने भांजी के साथ की गणेश आरती



मुंबई। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपने परिवार और करीबी लोगों के साथ गणेश चतुर्थी मनायी। इंस्टेंट बॉलीवुड नामक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक सेलिब्रिटी पैप पेज द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में दिखाया गया है कि सलमान अपने परिवार के साथ भगवान गणेश के आगमन का जश्न मनाने के लिए मुंबई में अपनी बहन अर्पिता खान शर्मा के घर गए। वहां उन्होंने गणपति बप्पा की आरती भी की। वीडियो और तस्वीरों में सलमान को अपनी भांजी अर्पिता और आयुष शर्मा की बेटी आयत को गोद में लिए देखा जा सकता है। वह पूजा की थाली पकड़े हुए भी दिखाई दे रहे हैं। सलमान और उनकी भांजी आयत पूजा करते नजर आ रहे हैं और उनके आसपास लोग आरती गा रहे हैं। सलमान के पिता और दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान और मां सलमा खान की भी झलक देखने को मिली।

# 'कथा अनकही' में अदिति देव शर्मा का ब्राइडल लुक कियारा आडवाणी से प्रेरित

**मुंबई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अदिति देव शर्मा शो 'कथा अनकही' में कथा के रूप में अपनी भूमिका के लिए फैंस की पसंदीदा बन गई हैं। वह अपकमिंग वेडिंग सीक्वेंस के लिए ट्रेंडी लुक अपनाएंगी। कथा का ब्राइडल लुक बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत दुल्हनों में से एक कियारा आडवाणी से मैच करता है।

वेडिंग सीक्वेंस के लिए, कथा सुंदर कढ़ाई, आकर्षक आभूषण और मिनिमल मेकअप के साथ एक सुंदर पेस्टल पिंक लहंगा पहने हुए दिखाई देगी। उनकी इस लहंगे में एक तस्वीर जमकर वायरल हो रही है। इस दुल्हन के लुक को लेकर उत्साहित अदिति ने कहा, 'टीम और मैंने आउटफिट को हल्का रखने का फैसला किया क्योंकि कथा ने हमेशा सादगी में सांत्वना पाई है। कथा के लिए यह सिर्फ एक शादी नहीं है, बल्कि दूसरे मौके का जश्न और उस प्यार का जश्न भी है जो वह वियान के लिए महसूस



एक्ट्रेस अदिति देव शर्मा शो 'कथा अनकही' में कथा के रूप में अपनी भूमिका के लिए फैंस की पसंदीदा बन गई हैं। वह अपकमिंग वेडिंग सीक्वेंस के लिए ट्रेंडी लुक अपनाएंगी। कथा का ब्राइडल लुक बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत दुल्हनों में से एक कियारा आडवाणी से मैच करता है

करती है।' 'गंगा' फेम अभिनेत्री ने कहा, 'इसलिए, हम पिंक, वाइट और क्रीम कलर्स के साथ एक सिंपल आउटफिट के साथ आगे बढ़े, जो प्यार और खुशी का प्रतीक है। अलग-अलग शादी समारोहों में, आपको ये सभी रंग देखने को मिलेंगे, साथ ही, इन दिनों हम जो नया ट्रेंड देख रहे हैं, यह उसके अनुरूप है।' उन्होंने आगे कहा, 'शादी का लंहगा डिजाइन करते समय कियारा आडवाणी की दुल्हन की इमेज पर विचार किया गया था। वह अपने पेस्टल पिंक लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जब मैंने शादी की तस्वीरें देखीं तो मैं उनकी दिवानी हो गई।' मैं वास्तव में कथा को एक खूबसूरत दुल्हन में बदलने के प्रयासों के लिए 'कथा अनकही' की पूरी टीम की सराहना करती हूं। इस सीन को निभाते हुए मुझे पुरानी यादें ताजा हो गईं क्योंकि यह मुझे मेरी शादी के दिन की याद दिला गया और इस सीन ने मुझे एक बार फिर दुल्हन जैसा महसूस कराया। मुझे आशा है कि फैंस को विवाह उत्सव देखने में उतना ही आनंद आएगा जितना हमें इसे बनाने में आया।'

# ऑस्टियोपेट्रोसिस से पीड़ित पाकिस्तानी बच्ची का बेंगलुरु में बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**बेंगलुरु,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। ऑस्टियोपेट्रोसिस से पीड़ित पाकिस्तान की पांच महीने की बच्ची का एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया। शिशु ऑस्टियोपोरोसिस, जिसे अक्सर 'मार्बल बोन डिजीज' के रूप में जाना जाता है, इसमें हड्डी की कठोरता और मोटाई बढ़ जाती है। एक दशक के इंतजार के बाद कराची स्थित एक जोड़े के घर बेबी समाविया का जन्म हुआ। वह सिर्फ दो महीने की थी, जब उसके माता-पिता उसे दूध पिलाने में दिक्कत के कारण पाकिस्तान के अस्पताल ले गए, जहां उन्हें पता चला कि वह एक आनुवंशिक स्थिति से पीड़ित है। उसकी स्थिति ने आंखों, कानों और यहां तक कि उसके मस्तिष्क को भी प्रभावित किया, जिसके लिए जटिल प्रक्रियाओं की एक श्रृंखला की आवश्यकता हुई, जिसके लिए उसके माता-पिता बेंगलुरु के नारायण हेल्थ सिटी में डॉक्टरों के पास पहुंचे। इस साल मार्च में मूल्यांकन के बाद, सामाविया को हल्की दृष्टि हानि की समस्या



आई। जिससे बाद उसका इलाज किया गया। जिसके बाद सावधानीपूर्वक प्री-ट्रांसप्लांट तैयारी की गई। 16 मई को पिता की स्टेम कोशिकाओं का उपयोग करके ट्रांसप्लांट किया गया। अस्वीकृति और जटिलताओं के महत्वपूर्ण जोखिमों के साथ बोन मैरो ट्रांसप्लांट इलाज की आशा प्रदान करता है। इस प्रकार, डॉक्टरों ने नवीन टीसीआर अल्फा बीटा और सीडी 45 आरए डिप्लेशन तकनीक का उपयोग किया। पूर्ण मिलान दाताओं के बिना रोगियों के लिए तैयार की गई अत्याधुनिक पद्धति ने उल्लेखनीय सफलता दिखाई है। ऑन्कोलॉजी के उपाध्यक्ष और नारायण हेल्थ सिटी में पीडियाट्रिक हेमेटोलॉजी ऑन्कोलॉजी और बीएमटी के निदेशक और प्रमुख सुनील भट्ट ने आईएएनएस को बताया, 'शिशु ऑस्टियोपेट्रोसिस एक दुर्लभ आनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण घनी हड्डियां, दृष्टि हानि और अंधापन, सुनने की समस्या, बोन मैरो आदि समस्या आती है। यह जीवन के कुछ वर्षों के भीतर घातक हो जाती है। इसका एकमात्र उपचारात्मक विकल्प बोन मैरो ट्रांसप्लांट है, जो तकनीकी रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण है। डॉक्टरों ने एक बयान में कहा, 'ट्रांसप्लांट के चार महीने बाद, समविया को ऑस्टियोपोरोसिस से मुक्त घोषित कर दिया गया है। उसके ठीक होने की यात्रा चल रही है, और उसकी हड्डी का पुनर्निर्माण सकारात्मक रूप से प्रगति कर रहा है।' भट्ट ने कहा, 'अब हमें उम्मीद है कि वह भी किसी अन्य सामान्य बच्चे की तरह होगी और इस खतरनाक बीमारी से ठीक हो जाएगी।'

# तमिलनाडु में घनी आबादी वाले चाय बागान के पास देखा गया टस्कर 'एरीकोम्बन'

**चेन्नई,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। टस्कर 'एरीकोम्बन', जिसे केरल के चिन्नाकनाल से तमिलनाडु के गहरे जंगलों में स्थानांतरित किया गया था, अब तमिलनाडु के मंचोलिल में घनी आबादी वाले चाय बागान के पास वापस आ गया है। चावल के लिए घरों और राशन की दुकानों में घुसने के बाद टस्कर ने चिन्नाकनाल क्षेत्र में कई समस्याएं पैदा कर दी थीं। चावल के प्रति इसकी रुचि के कारण टस्कर का नाम 'एरीकोम्बन' रखा गया। मलयालम में चावल को 'अरी' कहा जाता है और 'कोम्बन' का अर्थ टस्कर होता है। हाथी ने चिन्नाकनाल में कुछ लोगों को मार डाला था और अंततः 29 अप्रैल



को डॉ. अरुण जकारिया के नेतृत्व में केरल वन विभाग के पशु चिकित्सकों की एक टीम ने उसे बेहोश कर दिया था।

फिर 'एरीकोम्बन' को थेनी और कंबुम क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन, हाथी कम्बम शहर तक पहुंच गया और उत्पात मचाया। इस घटना में एक दोपहिया वाहन चालक, पॉलराज, जो एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान में निजी सुरक्षा अधिकारी था, गंभीर रूप से घायल हो गया। चार दिनों तक इलाज के बाद पॉलराज ने दम तोड़ दिया। इसके बाद तमिलनाडु में हाथी को पकड़ने के लिए हंगामा मच गया और आखिरकार उसे तमिलनाडु के वन विभाग ने बेहाश करके पकड़ लिया। हाथी को कलक्कड़ मुंडनथुराई टाइगर रिजर्व के तिरुनेलवेली वन रेंज के पास स्थानांतरित किया गया और तिरुनेलवेली और कन्नियाकुमारी जिलों में स्थित किया गया। 5 जून से, हाथी को गहरे वन क्षेत्र में स्थानांतरित करने के बाद, तमिलनाडु वन विभाग ने बयान जारी किया कि जानवर जंगल के साथ अच्छी तरह से अनुकूलित हो गया है और भोजन और पानी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

## श्रीनगर के प्रमुख प्रसूति अस्पताल में ढोंगी ने 3 दिनों तक किया मरीज का इलाज

**श्रीनगर,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एक चौंकाने वाली घटना में एक ढोंगी व्यक्ति ने खुद को डॉक्टर बताकर श्रीनगर के प्रमुख प्रसूति अस्पताल में तीन दिनों तक मरीजों का 'इलाज' किया, जिसके बाद उसे बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ढोंगी ने तीन दिनों तक लाल डेड अस्पताल के लेबर रूम में महिला मरीजों का इलाज किया। सुरक्षा के इस उल्लंघन ने आम जनता को चौंका दिया है, क्योंकि इसने



अस्पताल में मरीजों के जीवन को खतरे में डाल दिया है, जहां आपातकालीन स्थिति में मातृत्व संबंधी समस्याओं के साथ पूरी घाटी से मरीजों को लाया जाता है। चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. मुजफ्फर शेरवानी ने कहा कि धोखेबाज अस्पताल के लेबर रूम में पाया गया, जहां वह राउंड ले रहा था और मरीजों की जांच कर रहा था। उन्होंने कहा, 'जब पूछताछ की गई, तो धोखेबाज ने कहा कि वह अनंतनाग के डायलगाम इलाके का एक डॉक्टर है। वह खुद के हृदय रोग विशेषज्ञ होने का दावा करता है। जब हमने उससे अपनी योग्यता साबित करने के लिए दस्तावेज मांगे, तो वह ऐसा करने में असमर्थ रहा।

## मस्क के न्यूरालिंक ने ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस के अपने पहले मानव परीक्षण के लिए भर्ती शुरू की

सैन फ्रांसिस्को, 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क के स्वामित्व वाली ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस कंपनी न्यूरालिंक अब लकवा नियंत्रण उपकरणों वाले लोगों की मदद के लिए अपने पहले मानव परीक्षण के लिए भर्ती कर रही है। कंपनी ने कहा कि उसे उसके पहले मानव नैदानिक परीक्षण के लिए भर्ती शुरू करने के लिए समीक्षा करने वाले स्वतंत्र संस्थागत समीक्षा बोर्ड और पहले अस्पताल साइट से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा, 'प्राइम अध्ययन (सटीक रोबोटिक रूप से प्रत्यारोपित ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफ़ेस का संक्षिप्त रूप) का उद्देश्य हमारे प्रत्यारोपण (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन करना और पक्षाघात से पीड़ित लोगों को बाहरी उपकरणों को अपनी सोच से नियंत्रित करने में सक्षम करने के लिए हमारे वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना है। अध्ययन के दौरान, आर1 रोबोट का उपयोग एन1 इंप्लांट के अति सूक्ष्म और लचीले थ्रेड्स को शल्य चिकित्सा द्वारा मस्तिष्क के उस क्षेत्र में रखने के लिए किया जाएगा जो हलचल के इरादे




को नियंत्रित करता है। एक बार स्थापित होने के बाद एन1 इम्प्लांट कॉस्मेटिक रूप से अदृश्य हो जाता है और इसका उद्देश्य मस्तिष्क के संकेतों को वायरलेस तरीके से एक ऐप पर रिकॉर्ड करना और प्रसारित करना है जो हलचल के इरादे को डिकोड करता है।

न्यूरालिंक ने कहा, 'हमारे बीसीआई का प्रारंभिक लक्ष्य लोगों को अकेले अपने विचारों का उपयोग करके कंप्यूटर कर्सर या कीबोर्ड को नियंत्रित करने की क्षमता प्रदान करना है।' मई 2023 में एफडीए द्वारा प्रदान की गई जांच उपकरण छूट (आईडीई) के तहत प्राइम अध्ययन किया जा रहा है।

# स्मृति हानि और स्यूडो-डिमेंशिया से संबंधित बढ़ रहे मामले

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में 50 साल से कम उम्र की युवा आबादी में स्मृति हानि और स्यूडो-डिमेंशिया से संबंधित लगभग प्रति माह 50 मामले मिल रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है इन मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। स्यूडो-डेमेंटिया का उपयोग उस स्थिति का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिसमें अवसाद मनोभ्रंश के रूप में सामने आता है। मरीजों को अक्सर याददाश्त और एकाग्रता में कठिनाई पेश आती है।

गुरुग्राम के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के न्यूरोलॉजी निदेशक डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा, 'युवा आबादी में स्यूडो-डिमेंशिया के मामले बढ़ रहे हैं। एक महीने में लगभग 50 मामले मिलते हैं, जहां 50 वर्ष से कम उम्र के मरीज स्मृति हानि और स्यूडो-डिमेंशिया से संबंधित मदद मांगते हैं।' स्यूडो-डिमेंशिया और स्मृति हानि से पीड़ित मरीजों को भूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है कि जैसे उन्होंने कार की



चाबियां कहां रखी हैं, किराने की दुकान पर कोई वस्तु लेने के लिए याद नहीं रखना, किसी मित्र के फोन कॉल का जवाब देना भूल जाना और यहां तक कि वे जो कहने वाले थे, उसे भी भूल जाना, ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं। करियर, अधिक काम, सामाजिक स्थिति से संबंधित अधिक तनाव लेने जैसे कारकों के कारण मस्तिष्क पर दबाव बढ़ रहा है जो मस्तिष्क को जानकारी को पूरी तरह से संसाधित करने से रोकता है, जिसके कारण यह स्थायी स्मृति तक नहीं पहुंच पाता है। डॉ. गुप्ता ने कहा, 'एक ही समय में बहुत अधिक जानकारी संसाधित करने से भी फोकस और स्मृति हानि हो रही है।'

**दिल्ली-एनसीआर में 50 वर्ष से कम उम्र के लोगों की याददाश्त हो रही है कम : डॉक्टर**

तनाव का उच्च स्तर होने से मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप स्मृति हानि की समस्या हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, 'स्यूडो-डिमेंशिया और स्मृति हानि दोनों का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है और इसका जल्द से जल्द निदान किया जाना चाहिए।' कॉरपोरेट सेक्टर में काम करने वाले 35 और 45 साल के दो मरीज, निधि और अनिकेत, डॉ. गुप्ता के पास लोगों के नाम भूलने और यहां तक कि घर और कार की चाबियां कहां रखते हैं, यह भूलने की शिकायत लेकर आए थे। डॉक्टरों ने पाया कि अधिक काम, तनावपूर्ण नौकरियों और मल्टी-टास्किंग के कारण उनमें अटेंशन डेफिसिट डिसऑर्डर विकसित हो गया है, जिससे मेमोरी लॉस और स्यूडो-डिमेंशिया की समस्या हो जाती है। इन स्थितियों का इलाज देखभाल, दवा और परामर्श से किया जा सकता है। मेदांता अस्पताल में न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. विपुल रस्तोगी ने कहा, 'तनाव स्यूडो-डिमेंशिया का प्रमुख कारण है। अधिक से अधिक युवा अपने जीवन के तनावों को प्रबंधित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, चाहे वह व्यक्तिगत हो, पेशेवर हो या वित्त से संबंधित हो। यह बहुत चिंताजनक है लेकिन पर्याप्त जानकारी और जागरूकता के साथ इसे रोका जा सकता है।'

## व्हाट्सएप ने एप्पल आईपैड के लिए अपने आईओएस ऐप का परीक्षण शुरू किया

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने अपने आईओएस ऐप के एक संस्करण का परीक्षण शुरू किया है जो ऐप्पल आईपैड के लिए भी अनुकूल है। डब्ल्यूएबीटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, आईपैड के लिए व्हाट्सएप अभी परीक्षण के अधीन है, जिसे अब सभी बीटा टेस्टर्स टेस्टफ्लाइट ऐप के माध्यम से इंस्टॉल कर सकते हैं। व्हाट्सएप के टेस्टफ्लाइट ऐप के संस्करण 23.19.1.71 में नया आईपैड शामिल है। अपने आईपैड पर व्हाट्सएप सेट करने के लिए आपको अपने आईफोन और आईपैड पर ऐप का बीटा



आईओएस संस्करण इंस्टॉल करना होगा। अपने आईपैड को अपने आईफोन से लिंक करने के बाद आप अपने फोन को इंटरनेट से कनेक्ट किए बिना अपने आईपैड पर स्वतंत्र रूप से व्हाट्सएप का उपयोग कर पाएंगे, 'जो उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है जो अपने टैबलेट पर काम करते हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि कंपेनियन मोड का उपयोग करते समय आपके संदेश और कॉल अभी भी एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ सुरक्षित होंगे।

चूंकि कंपेनियन मोड अभी भी बीटा में है, इसलिए कुछ सुविधाएं अभी भी ठीक से काम नहीं कर सकती हैं जैसे स्टेटस अपडेट देखने और पोस्ट करने की क्षमता और लाइव लोकेशन के संबंध में कुछ कार्यक्षमता। व्हाट्सएप ने ऐप के भविष्य के अपडेट में बग फिक्स और कई सुधार पेश करके इन मुद्दों का समाधान करने की योजना बनाई है।

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एचडीएफसी | 4.00 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.60 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.21 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.94 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.65 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.32 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.61 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.45 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.24 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.22 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**चीनी-गुड़**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम मंगलवार को भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन 30 दिनों के भीतर : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि अगले 30 तीनों के भीतर डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन किया जाएगा।

डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम को अमल में लाने को लेकर आईटी राज्यमंत्री यहां उद्योग और उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों एवं नीति निर्माण और विधि विशेषज्ञों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डाटा संरक्षण बोर्ड का गठन करने के साथ-साथ डीपीडीपी अधिनिमय के तहत जरूरी नियमों का दिशा-निर्देश भी एक महीने के भीतर जारी किया जाएगा।



स्टार्टअप एवं एमएसएमई और अस्पताल जैसे प्रतिष्ठान जो लोगों के डेटा को संभालते हैं उन्हें कानून के तहत नियमों के अनुपालन के लिए ज्यादा समय दिया जा सकता है, क्योंकि उनको बड़े डाटा ट्रस्टी की तरह डेटा को संभालने का उतना अनुभव नहीं हो सकता है। इसलिए, वे नियमों को सीखने और उनका पालन करने के लिए अधिक समय मांग सकते हैं :-**राजीव चंद्रशेखर**

डीपीडीपी अधिनियम बनने के बाद केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर पहली बार इस कानून को लेकर यहां डिजिटल इंडिया डायलॉग के तहत हितधारकों के साथ परिचर्चा कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने इस ऐतिहासिक कानून के निर्माण की यात्रा को याद किया।

आईटी राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानून निर्माण में हितधारकों के परामर्श को विशेष महत्व देते हैं और यह कानून इसकी एक मिसाल है। उन्होंने इस परिचर्चा के दौरान उद्योग जगत के लोगों के साथ दूसरे का डाटा विश्वास के आधार पर रखने वालों के लिए नए नियम अपनाने के लिए व्यवस्था परिवर्तन अवधि सीमा पर भी बात की।

उन्होंने कहा, ''स्टार्टअप एवं एमएसएमई और अस्पताल जैसे प्रतिष्ठान जो लोगों के डेटा को संभालते हैं उन्हें कानून के तहत नियमों के अनुपालन के लिए ज्यादा समय दिया जा सकता है, क्योंकि उनको बड़े डाटा ट्रस्टी की तरह डेटा को संभालने का उतना अनुभव नहीं हो सकता है। इसलिए, वे नियमों को सीखने और उनका पालन करने के लिए अधिक समय मांग सकते हैं।''

उन्होंने कहा कि किसी दूसरे का डेटा विश्वास के आधार पर संभालने वाली इकाइयों को नियमों के अनुपालन के लिए कितना समय चाहिए इसके लिए वैध तर्क होना चाहिए।

इस संवाद सत्र में उद्योग संघों, स्टार्टअप, आईटी पेशेवरों, शोध संस्थानों और विधि-विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों के एक सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## इंटर्न के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद इनमोबी ने दिया निष्पक्ष निष्कर्ष का आश्वासन

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। सॉफ्टबैंक समर्थित मोबाइल विज्ञापन दिग्गज इनमोबी की एक इंटर्न द्वारा टीम के उत्पाद प्रबंधक पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाए जाने के बाद कंपनी ने बुधवार को कहा कि वह कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेती है और इस मामले में एक निष्पक्ष निष्कर्ष सुनिश्चित किया जायेगा। आईएएनएस को दिए एक बयान में इनमोबी, जिसके पास लॉक-स्क्रीन प्लेटफॉर्म ग्लांस का भी स्वामित्व है, ने कहा कि कार्यस्थल में उत्पीड़न के बारे में शिकायतों पर प्रतिक्रिया के लिए स्थापित प्रक्रिया व्यापक है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, इंटर्न ने आरोप लगाया था कि उत्पाद प्रबंधक ने उसके साथ जबरदस्ती की और गलत तरीके से छुआ, जिसकी शिकायत उसने ह्यूमन रिसोर्स और प्रबंधन से की लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इनमोबी और ग्लांस के सीएचआरओ साहिल माथुर ने कहा कि कंपनी के पास लंबे समय से चली आ रही उत्पीड़न विरोधी समिति सहित किसी भी क्षमता की शिकायतों को संभालने के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित प्रक्रिया है।

माथुर ने बताया, प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हमें इसमें शामिल सभी पक्षों को निष्पक्ष तरीके से सुनने की ज़रूरत है। इस स्थिति के लिए हमने शिकायत प्राप्त होने के 12 घंटे के भीतर जवाब दिया और कार्यवाही शुरू की। उन्होंने कहा, हमने शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटे के भीतर शिकायतकर्ता को परामर्श सहायता की पेशकश की। पिछले 12 दिन में समिति इसमें शामिल कर्मियों के साथ चार जांच बैठकें कर चुकी है।

विपणन और मुद्रीकरण प्रौद्योगिकियों में अग्रणी इनमोबी का मुख्यालय सिंगापुर में है। ग्लांस लॉक स्क्रीन वर्तमान में दुनिया भर में 45 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर उपलब्ध है। माथुर के अनुसार, वे सहानुभूति, तत्परता, परिश्रम के साथ प्रक्रिया चलाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम इन मामलों के लिए कानूनी समय सीमा से कम समय में उचित निष्कर्ष पर पहुंचें।

## स्पाइसजेट का विमान एहतियातन कोलकाता हवाईअड्डे पर उतरा



**कोलकाता,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। स्पाइसजेट के एक विमान की खिड़की के शीशे में दरार का पता चलने के बाद बुधवार को एहतियातन नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतारा गया।

विमान में 176 यात्री और छह केबिन क्रू सवार थे। विमान की सुरक्षित लैंडिंग की गई। हालांकि, अचानक हुए घटनाक्रम से यात्रियों में घबराहट पैदा हो गई थी। फ्लाइट एसजी-515 ने बुधवार सुबह 6.17 बजे कोलकाता एयरपोर्ट से मुंबई के लिए उड़ान भरी। हालांकि, इस बीच हवा में केबिन-क्रू को विमान की खिड़की के शीशे में दरार नजर आई। केबिन-क्रू ने इसकी जानकारी तुरंत पायलट को दी। इसके बाद बिना कोई जोखिम उठाए नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के हवाई-ट्रैफिक नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क किया और वहां इमरजेंसी लैंडिंग करने की अनुमति मांगी।अनुमति मिलने पर पायलट विमान को वापस कोलकाता ले गया और वहां लैंडिंग कराई। यात्री सुरक्षित उतर गए और जरूरी मरम्मत कार्य किया गया।

## मदर डेयरी के बूथ दिखेंगे नये डिजाइन में



**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मीनेश शाह ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद वितरक कंपनी मदर डेयरी के नये जमाने के बूथ डिजाइन का उद्घाटन किया।

मदर डेयरी की एक विज्ञप्ति के अनुसार मदर डेयरी ने दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अपने बूथों पर उपभोक्ता खरीदारी के अनुभव को बदलने की यात्रा शुरू की है और एक समकालीन संरचना पेश की है, जिसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन - भारत के प्रमुख डिजाइन के सहयोग से विकसित किया गया है।

नोएडा के सेक्टर-79 में नये डिज़ाइन के किए गए पहले बूथ का उद्घाटन पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) के महानिदेशक मेजर जनरल शरद कपूर और मदर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष बंदलिश की उपस्थिति में किया गया।

मदर डेयरी ने कहा है कि उसके ब्रांड रंगों - नीले और सफेद - में विकसित, नया डिज़ाइन किया गया बूथ दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर दृश्यता, पहचान और एक व्यापक अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो मदर डेयरी की विविध उत्पाद श्रृंखला प्रदान करता है।

अब मदर डेयरी का प्रसिद्ध टोकन मिल्क बिल्कुल नये रूप है। पारदर्शी ग्लास डिज़ाइन में स्थापित बूथ पर उपभोक्ता अब भंडारण इकाई से कंटेनर तक दूध की यात्रा देख सकेंगे। एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ शाह ने कहा, मदर डेयरी किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए अनुभव विकसित करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। जबकि कृषि-स्तर पर कई हस्तक्षेप किए जा रहे हैं, नया बूथ डिजाइन बाजार-स्तर पर अनुभवों को बढ़ाने का कंपनी का ईमानदार प्रयास है। मुझे विश्वास है कि मदर डेयरी के उपभोक्ताओं को उनकी खरीदारी के अनुभव में वैसा ही आनंद मिलेगा जैसा उन्हें मदर डेयरी के हर उत्पाद में मिलता है।

**सार संक्षेप**

### पीट्रॉन की रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच लॉंच

**नई दिल्ली।** किफायती डिजिटल लाइफस्टाइल, ऑडियो और वियरेबल्स एसेसरीज बनाने वाली कंपनी पीट्रॉन ने स्मार्टवॉच सेगमेंट के तहत अपने नवीनतम उत्पाद को लॉंच किया है जिसकी कीमत 899 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि मेड इन इंडिया ब्रांड पीट्रॉन अपनी नवीनतम इनोवेशन रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच के लॉन्च की घोषणा करते हुए बेहद रोमांचित है। एक अभिनव डिजाइन और प्रोफेशनल-ग्रेड फीचर्स को शामिल करते हुए रिफ्लेक्ट कॉल्ज स्मार्टवॉच बाजार में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार है, जो एडवांस्ड फीचर्स, बेहतर सुविधा और शानदार मनोरंजन अनुभव प्रदान करती है। इस प्रकार पीट्रॉन बेहद वाजिब कीमत पर %मेड इन इंडिया% विरासत को गर्व के साथ आगे बढ़ा रहा है। उसने कहा कि वियरेबल फैशन-फ्रेंडली खूबियों के साथ बिल्ट-इन गेम्स, फुल-टच लार्जेस्ट एचडी डिस्प्ले और मैटेलिक एवं सिलिकॉन स्ट्रैप के साथ आती है।

### ऐको का नया अभियान

**बेंगलुरु।** टेक आधारित बीमा कंपनी ऐको ने अपना नया अभियान 'हेल्थ इंश्योरेंस की सुबह हो गई मामू' शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शत प्रतिशत बिल भुगतान, तनाव मुक्त दावा प्रक्रिया के लिए बीमारियों का पूरा खुलासा प्रदान करने के लाभ और दावे दाखिल करने में आसानी के बारे में शिक्षित करने पर यह अभियान केंद्रित है। फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित 'हेल्थ इंश्योरेंस की सुबह हो गई मामू' नामक अभियान में संजय दत्त और अरशद वारसी अपनी मूल भूमिकाओं को दोहराते हुए हैं और वर्तमान स्वास्थ्य बीमा प्रणाली पर सवाल उठाते दिखेंगें।

### एडीबी ने वित्त वर्ष 2023 के विकास अनुमान को घटाया

**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने वित्त वर्ष 2023 में भारत के विकास अनुमान को 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है लेकिन वित्त वर्ष 2024 के विकास अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर यथावत बनाये रखा है। एडीबी ने आज सितंबर 2023 के लिए आर्थिक अनुमान में यह बात कही है। उसने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने रही है। हालांकि आगे महंगाई बढ़ने की आशंका है जिससे विकास पर दबाव बनने का अनुमान है। उसने कहा कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई अनुमान को 5.0 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि अगले वित्त वर्ष के महंगाई अनुमान को 4.5 प्रतिशत से कम कर 4.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

## एचडीएफसी बैंक की चार फीसदी गिरावट से शेयर बाजार में कोहराम

**मुंबई** 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर चल रही बैठक का निर्णय आने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक समेत 23 कंपनियों में चार प्रतिशत तक की गिरावट से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 796 अंक अर्थात 1.18 प्रतिशत का गोता लगाकर 67 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 66800.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 231.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत लुढ़ककर 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 19901.40 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर 32,313.01 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत टूटकर 37,410.50 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3803 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2110 में बिकवाली जबकि 1550 में लिवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 11 तेजी पर रही। बीएसई के सभी 18 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.57, ऊर्जा 0.75, एफएमसीजी 0.42, वित्तीय सेवाएं 1.39, हेल्थकेयर 0.56, इंडस्ट्रियल्स 0.41, आईटी 0.47, दूरसंचार 0.95, ऑटो 0.51, बैंकिंग 1.05, कैपिटल गुड्स 0.41, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41, धातु 1.25, तेल एवं गैस 0.68, रियल्टी 1.20, टेक 0.47 और सर्विसेज




समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत लुढ़क गये।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74 और जर्मनी का डैक्स 0.62 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत गिर गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 517 अंक का गोता लगाकर 67,080.18 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,294.16 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 66,728.14 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,596.84 के मुकाबले 1.18 प्रतिशत की गिरावट लेकर 66,800.84 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 153 अंक गिरकर 19,980.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,050.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,878.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,133.30 अंक की तुलना में 1.15 प्रतिशत टूटकर 19,901.40 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 23 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक ने सबसे अधिक 4.00 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.60, रिलायंस 2.21, अल्ट्रासिमको 1.94, टाटा स्टील 1.65, मारुति 1.65, विप्रो 1.41, टेक महिंद्रा 1.18, इंडसइंड बैंक 1.14, भारती एयरटेल 1.02, टाइटन 0.96, एलटी 0.95, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.80, नेस्ले इंडिया 0.77, एचसीएल टेक 0.68, एसबीआई 0.48, टाटा मोटर्स 0.36, आईसीआईसीआई बैंक 0.34, कोटक बैंक 0.31, बजाज फिनसर्व 0.28, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.27, बजाज फाइनेंस 0.07 और इंफोसिस के शेयर 0.07 प्रतिशत गिर गये।

वहीं, पावरग्रिड 2.32, एशियन पेंट 0.61, सन फार्मा 0.45, आईटीसी 0.24, एक्सिस बैंक 0.22, एनटीपीसी 0.15 और टीसीएस के शयरों ने 0.05 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, अधिकांश दालें सस्ती



**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अधिकांश दालें सस्ती हो गई वहीं अनाज में मिलाजुला रुख रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 25 रिंगिट गिरकर 3675 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट की तेजी के साथ 60.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 350 रुपये, उड़द दाल 400 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, चना, दाल चना और मूंग दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चावल 100 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

### अगस्त में जापान का व्यापार घाटा 6.3 अरब डॉलर

**टोक्यो,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। निर्यात और आयात में गिरावट के बीच, जापान ने अगस्त में 6.3 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने बताया कि रिकॉर्डिंग पीरियड में देश का व्यापार घाटा 930.5 अरब येन (6.3 अरब अमेरिकी डॉलर) था, क्योंकि निर्यात में गिरावट जारी रही, जो 0.8 प्रतिशत घटकर 7.99 लाख करोड़ येन रह गया।

इस बीच, मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि आयात लगातार पांचवें महीने घटकर 8.92 लाख करोड़ येन रह गया, जो साल-दर-साल 17.8 प्रतिशत कम है।

## अकासा एयर को अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए मिली मंजूरी

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। किफायती विमान सेवा कंपनी अकासा एयर को अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित करने के लिए नियामक अनुमति मिल गई है। सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर उड़ानें शुरू करने के लिए तैयार है। उसके शुरुआती गंतव्य खाड़ी के देश होंगे। हालाँकि, एयरलाइन को सरकार द्वारा यातायात अधिकारों के आवंटन और उसके बाद संबंधित देशों से मंजूरी का इंतजार है। ये यातायात अधिकार आमतौर पर सरकारों द्वारा अपने-अपने देशों की एयरलाइनों को द्विपक्षीय आधार पर पारस्परिक रूप से प्रदान किए जाते हैं। ध्यान देने योग्य है कि दुबई और दोहा जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए मौजूदा यातायात अधिकारों का पहले से ही पूरी तरह से उपयोग किया जा रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अवर सचिव एस.पी.आर. त्रिपाठी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है, अकासा एयर ने एक अनुसूचित अंतरराष्ट्रीय वाहक के रूप में मंजूरी मांगी थी और बाद में यातायात अधिकारों के आवंटन के लिए अनुरोध किया था। डीजीसीए के परामर्श से प्रस्ताव की जांच की गई और सक्षम की मंजूरी के साथ इस पर निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, डीजीसीए के अनुसार, अकासा एयर अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित हवाई परिवहन सेवाओं के लिए आवेदन करने के लिए पात्र है। हालांकि यह भी सूचित किया जाता है कि इस मंत्रालय द्वारा अकासा एयर (मैसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) को यातायात अधिकार आवंटित किए




जाएंगे। पत्र में कहा गया है, अकासा एयर (मैसर्स एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड) को निर्धारित अंतरराष्ट्रीय परिचालन संचालित करने की अनुमति देने से पहले डीजीसीए द्वारा सीएआर धारा -3, भाग- ढ्ढढ्ढ के अनुसार देश विशिष्ट तैयारियों की जांच की जाएगी।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अकासा एयर के परिचालन की ताकत को पहचाना है और हमें एक अंतरराष्ट्रीय अनुसूचित ऑपरेटर के रूप में नामित किया गया है। यह हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भरने की अनुमति देगा, जिससे हम इस साल के अंत में पहले अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के अपने सपने के एक कदम और करीब पहुंच सकेंगे। हम अब यातायात अधिकारों के लिए अपने अनुरोध पर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं और जल्द ही उस अंतरराष्ट्रीय गंतव्य की घोषणा करने में सक्षम होंगे जहां हम उड़ान भरेंगे।

हम भारत से दक्षिण एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में 737 मैक्स की सीमा के भीतर गंतव्यों को लक्षित कर रहे हैं। हम बढ़ती यात्रा मांग पूरी करने के लिए इस साल के अंत तक 100 से ज्यादा विमान ऑर्डर की घोषणा करने की राह पर हैं। हमने विस्तृत योजना और एक अनुभवी टीम के माध्यम से हमेशा विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता दी है, जिससे हम नागरिक उड्डयन इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ती एयरलाइनों में से एक बन गए हैं।

# खेल जगत

## ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता है : इगा स्वीयाटेक

**पेरिस ( फ्रांस ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व नंबर 2 इगा स्वीयाटेक ने 2024 ओलंपिक खेलों में खेलने के लिए अपनी प्राथमिकता साझा की, और रौलां गैरो 2024 से ठीक पहले पेरिस ओलम्पिक शेड्यूल करने के लिए विश्व टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) पर निराशा भी व्यक्त की। रौलां गैरो( फ्रेंच ओपन), जो 28 मई से 9 जून 2024 तक पेरिस के स्टेट रौलां गैरो में निर्धारित है, 26 जुलाई से 11 अगस्त तक निर्धारित ओलंपिक खेलों से ठीक पहले खेला जाएगा।

स्वीयाटेक ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मुझे अपने शरीर की बात सुनने की ज़रूरत है और सीज़न बहुत व्यस्त है – हमारी नंबर एक प्राथमिकता इसे अच्छे स्वास्थ्य के साथ अंत तक खेलना और समझदारी से योजना बनाना है ताकि हमें चोट लगने का खतरा न हो। ओलंपिक खेल स्पष्ट रूप से एक प्राथमिकता हैं, लेकिन विशेष रूप से इन प्रतियोगिताओं के लिए अच्छी स्थिति में रहना मुश्किल होगा।



# आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले जारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। आईसीसी वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले बुधवार को जारी किया। इस गीत को श्लोक लाल और सावरी वर्मा ने लिखा है और इसके संगीतकार प्रीतम है। जाने माने सुपरस्टार रणवीर सिंह इस गीत के विडियो में गाते दिखाई दे रहे हैं जबकि इस गीत का संगीत प्रीतम का है। प्रीतम, नक्श अजीज, श्रीराम चंद्र, अमित मिश्रा, जोनिता गांधी और आकासा, चरण ने गाया है। यह गीत एक रैप है और इसकी रचना और प्रस्तुति चरण ने की है।




यह गीत दिल जश्न बोले क्रिकेट प्रशंसकों को वन डे एक्सप्रेस पर भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर ले जाता है। इस गीत में क्रिकेट प्रशसंकों को अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले कभी न देखे जश्न से रूबरू होते हैं। वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले सपोटीफाई, एपल म्युजिक, गाना, हंगामा, रेसो , विंक, अमेजन, फेसबुक , इंस्टाग्राम और यू टयूब पर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले गीत को जारी करने की बाबत सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कहा, स्टार सपोटर्स परिवार और क्रिकेट के जूनुनी प्रशंसक होने के नाते विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत दिल जश्न बोले का हिस्सा बन वाकई मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। यह उस खेल का जश्न है जिसे हम सभी दिल से प्यार करते हैं।

संगीतकार प्रीतम ने कहा, क्रिकेट भारत का सबसे बड़ा जुनून है और वन डे पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का आधिकारिक गीत 'दिल जश्न बोले' गीत का संगीत तैयार करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह गीत न केवल 1.4 अरब भारतीय क्रिकेट प्रशंसको के लिए है बल्कि इस वन डे विश्व कप को देखने भारत आने वाले दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसको का इस सबसे बड़े जश्न का हिस्सा बनने के लिए है।

इस गीत का म्यूजिक विडियो दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के समुदाय की भावनाओं को समाहित करता ही है। यह विडियो अलग अलग संस्कृतियों वाले देशों और प्रशसंको को एक सूत्र में पिरोता है। क्रिकेट प्रशंसकों पर केंद्रित यह गीत ऐसे जश्न की नुमाइंदगी करता जिसे दिलों को झंकृत करने और आत्माओं को जागृत करने के लिए तैयार किया है।

आईसीसी की जनरल मैनेजर-विपणन एवं संचार क्लेरी फुर्लांग ने कहा, आइसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप साबित होने वाला है और दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक इस हिस्सा बनने को तैयार हैं। विश्व कप यह गीत भारत और प्रशंसकों के जुनून और उर्जा को शानदार ढंग से दर्शाता है जो इसे बेहद खास बनाते हैं।

स्टार स्पोटर्स के प्रवक्ता ने कहा, हमें आईसीसी वन डे विश्व कप के आधिकारिक गीत के उसके साथ जुड़ सहयोग कर बेहद खुशी हो रही है। विश्व कप का यह गीत भावनाओं और उर्जा की अभिव्यक्ति है।

# भारत के मोहम्मद सिराज बने आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली, 20 सितंबर (देशबन्धु)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (694 रेटिंग अंक) वनडे एशिया कप क्रिकेट फाइनल में मेजबान श्रीलंका के खिलाफ मात्र 21 रन देकर छह विकेट चटका कर अपनी टीम को दस विकेट से जीत दिलाने के साथ आठ पायदान उपर चढ़ कर आईसीसी वन डे रैंकिंग में फिर वापस दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव भी एशिया कप में स्पिन का जाल बुन कर कुल नौ विकेट चटकाने के बावजूद तीन पायदान खिसकने के बावजूद आईसीसी वनडे गेंदबाजी की रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और अभी भी शीर्ष दस में बने हुए हैं। सिराज पहली बार इस साल जनवरी में आईसीसी वनडे रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज बने थे। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (678 रेटिंग अंक) ने इस साल मार्च में उन्हें पीछे छोड़ कर वन डे में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए थे। बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज( 599 रेटिंग अंक) अपने देश में मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम दो वनडे मैचों में धारदार गेंदबाजी कर दक्षिण अफ्रीका को पिछड़ने के बाद पांच वनडे मैचों की सीरीज जिताने के साथ भारत में होने वाले आईसीसी वनडे विश्व कप से एक पखवाड़े पहले जारी आईसीसी पुरुष क्रिकेटरों की गेंदबाजी रैंकिंग में नौ पायदान की छलांग लगा कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



■ कुलदीप यादव गेंदबाजी रैंकिंग में नौंवे स्थान पर

आईसीसी वनडे रैंकिंग में अन्य गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान(657 रेटिंग अंक) दो पायदान उपर चढ़ कर चौथे और रशीद खान (655 रेटिंग अंक)तीन पायदान उपर चढ़ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए।वही इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स 11 वें स्थान पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एंगिडी 21वें स्थान पर है।

एशिया कप में एक-एक शतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बाबर आजम ( 857 रेटिंग अंक) आईसीसी की वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर तथा भारत के शुभमन गिल (814 रेटिंग अंक) में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि विराट कोहली (708 रेटिंग अंक) एक पायदान ऊपर चढ़ कर आठवें और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन(698 रेटिंग अंक) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेंचुरियन में वनडे में 174 रन की भी एक पायदान ऊपर चढ़ कर नौवें और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (697 रेटिंग अंक) दसवें स्थान पर बरकरार हैं।

## अमेरिका और वेस्ट इंडीज की मेजबानी में होगा टी 20 विश्वकप

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में वर्ष 2024 का टी20 विश्व कप खेला जायेगा। अमेरिका के डलास, फ्लोरिडा और न्यूयॉर्क पहली बार किसी विश्वकप के आयोजन की मेजबानी करेंगे।

आईसीसी ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में होने वाली चैंपियनशिप में 20 टीमें भाग लेंगी। आईसीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार इसके लिए न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में आइजनहावर पार्क में 34 हजार सीटों वाला स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके तहत फ्लोरिडा में ग्रांड प्रेयरी, डलास और ब्रोवार्ड काउंटी में मौजूदा स्थानों का आकार बढ़ाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी बोर्ड ने नवंबर 2021 में वेस्ट इंडीज और अमेरिका को आयोजन की मेजबानी सौंपी।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, अमेरिका रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण बाजार है और ये स्थान हमें दुनिया के सबसे बड़े खेल बाजार में अपनी पहचान बनाने का शानदार मौका हैं।

उन्होंने कहा कि आईसीसी ने कई विकल्पों के बारे में विस्तृत और व्यापक मूल्यांकन के बाद अमेरिका के स्थानों का चयन किया है। हमने देश में कई संभावित स्थलों के विकल्पों का पता लगाया और हम संभावित मेजबानों के बीच उत्पन्न उत्साह से बेहद खुश थे, इससे क्रिकेट के प्रशंसकों और विभिन्न समुदायों को एकजुट करने और क्रिकेट को लेकर बढ़ती जागरूकता को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# जेसन रॉय को विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वाकई कठिन था : जोस बटलर

**लंदन,** 20 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि सलामी बल्लेबाज और अपने अच्छे दोस्त जेसन रॉय को आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर किए जाने के बारे में बताना वास्तव में कठिन फैसला था। 32 वर्षीय रॉय अपनी आक्रामक पारियों से घरेलू धरती पर 2019 पुरुष वनडे विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण सदस्य थे। पिछले दो वर्षों में, उन्हें खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा और महत्वपूर्ण बात यह है कि वह पीठ की ऐंठन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हालिया वनडे सीरीज के सभी चार मैचों में नहीं खेल पाए। रॉय के स्थान पर आए बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान ने 54, 96 और 127 रन बनाकर विश्व कप चयन के लिए अपना मामला मजबूत कर लिया और खुद की टीम में जगह पक्की करने के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी हासिल किया। मलान द्वारा अपनी जगह पक्की करने के बाद, रॉय को टीम से बाहर कर दिया गया और फॉर्म में चल रहे युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को टीम में शामिल कर लिया गया। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समय आसान होता है। यह कप्तान के रूप में काम का हिस्सा है जो आनंददायक नहीं है, चाहे वे अच्छे दोस्त हों या नहीं, यह करना अच्छा काम नहीं है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह समाचार देना मेरी ज़िम्मेदारी है। स्काई स्पोर्ट्स ने बटलर के हवाले से कहा, वह मेरा बहुत अच्छा साथी है इसलिए यह निर्णय लेना वाकई कठिन था। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संकेत दिया कि रॉय विश्व कप के लिए स्टैंडबाय पर होंगे और अगर शीर्ष क्रम के किसी खिलाड़ी को चोट लगती है तो उन्हें फिर से टीम में शामिल किया जा सकता है। जेसन निश्चित रूप से शीर्ष क्रम का रिजर्व होगा। हैरी, हमें लगता है कि यह हमें बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है – वह बल्लेबाजी क्रम में एक से छह तक को कवर कर सकता है जो स्पष्ट रूप से एक टीम में फायदेमंद है। लेकिन अच्छे खिलाड़ी चूक जाते हैं, यह खेल की बहुत ही क्रूर प्रकृति है। 15 के बाहर बहुत सारे लोग हैं जिन्होंने महसूस किया होगा कि उनके पास एक स्थान के लिए वास्तव में अच्छा मौका था।



# अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियन पैरिश को धूल चटाई

**बेलग्रेड ( सर्बिया ),** 20 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की युवा पहलवान अंतिम पंघाल ने क्वालीफिकेशन दौर में बुधवार को यहां अमेरिका की मौजूदा विश्व चैंपियन ओलिविया डोमिनिक पैरिश को धूल चटाकर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पहलवान पंघाल एक समय पहले दौर में इस मुकाबले में 0-2 से पीछे चल रही थी, लेकिन भारतीय महिला पहलवान ने इसके बाद जबरदस्त वापसी करके 3-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी पहलवान पैरिश शुरूआत में भारतीय पहलवान पर हावी थी। पैरिश ने पंघाल के दाएं पांव को पकड़कर उसे नीचे गिराकर दो अंक हासिल किए। इसके बाद हालांकि भारतीय 19 वर्षीय पहलवान का रक्षण काफी मजबूत था और उन्होंने दो अन्य प्रयासों को नाकाम करके पहले दौर में आगे अपना कोई अंक नहीं गंवाया। पंघाल ने इसके बाद भी अपना मजबूत रक्षण बरकरार रखा और पैरिश को किसी तरह से हमला नहीं करने दिया। भारतीय पहलवान ने इसके बाद अमेरिकी पहलवान का बायां पांव पकड़ कर नीचे गिराकर दो अंक हासिल करके मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। पैरिश इसके बाद कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी और उसने अपना एक अंक गंवाया। पंघाल ने अपनी इस मामूली बढ़त को आखिर तक बरकरार रखा और विश्व चैंपियन पर जीत हासिल की। भारत की हालांकि पांच महिला और 10 पुरुष फ्री स्टाइल पहलवान पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। वे ओलंपिक कोटा हासिल करने या गैर ओलंपिक वर्गों में पदक जीतने में पूरी तरह से वंचित रहे।



## रोहित शर्मा अश्विन को मैच विजेता के रूप में देखते हैं : सबा करीम

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (आईएएनएस)। पूर्व क्रिकेटर सबा करीम ने रविचंद्रन अश्विन की भारत की वनडे टीम में वापसी पर खुशी जताई।

करीम ने जियोसिनेमा को बताया, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा रविचंद्रन अश्विन को एक मैच विजेता के रूप में देखते हैं और वह सफेद गेंद क्रिकेट में जिस तरह का दृष्टिकोण दिखाना चाहते हैं, उसे लेकर वह बहुत स्पष्ट हैं। अब विश्व कप आने के साथ वह एक दिवसीय क्रिकेट की गतिशीलता को अच्छी तरह से समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें ऐसे खिलाड़ियों को चुनना होगा जिनकी उस तरह की आक्रामक मानसिकता हो।

उन्होंने कहा, वह यह भी जानते हैं कि उनकी गेंदबाजी लाइनअप में, उन्हें छह में से कम से कम पांच विकेट लेने वाले विकल्प रखने होंगे और अगर उनके पास ग्यारह में अश्विन हैं, तो वह आक्रामक विकल्प उपलब्ध है। यदि आप अन्य सभी खिलाड़ियों को देखें जो रिजर्व में हैं – तो उन सभी की मानसिकता आक्रामक है। इसलिए, मुझे लगता है कि रोहित शर्मा उस आक्रामक दृष्टिकोण को जारी रखना चाहते हैं जिसे हमने एशियाई चुनौती में भारतीय टीम को खेलते हुए देखा था। करीम ने आगे श्रेयस अय्यर के टीम में चयन को लेकर भी बात की।



उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि वे श्रेयस अय्यर के साथ बने हुए हैं। यह वास्तव में दर्शाता है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता उन पर कितना भरोसा करते हैं। और वनडे सेटअप में श्रेयस ने काफी अहम भूमिका निभाई है. इसलिए, मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि वे विश्व कप टीम की घोषणा होने तक उनका समर्थन कर रहे हैं।

मुझे नहीं लगता कि अगर वह फिट है तो उसे टीम का हिस्सा बनने में कोई समस्या होनी चाहिए, भले ही वह इन दो या तीन मैचों में रन न बनाए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना : सविता

**नई दिल्ली,** 20 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक ओलंपियन सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम हांगजू (चीन) में होने 19 वें एशियाई खेलों में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से मंगलवार देर रात हागजू रवाना हो गई। भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में पूल ए में दक्षिण कोरिया, मलयेशिया, हांगकांग और सिंगापुर के साथ है। जापान, चीन, थाईलैंड, कजाकिस्तान और इंडोनिया की टीमें पूल बी में हैं। दोनों पूल से दो-दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान का आगाज 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ मैच से करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम के बेंगलुरू से हांगजू रवाना होने से पहले टीम से एशियाई खेलों में उम्मीदों की बाबत कप्तान सविता ने कहा, हमें एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन और सकारात्मक नतीजों की आस है। हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत कर सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करना है। हम इसीलिए एशियाई खेलों की अहमियत जानते ही हैं, हमें यह भी मालूम है कि अपने मकसद को पाने के लिए क्या करना है। हमने अपनी ताकत के मुताबिक अपनी रणनीति तैयार की है। हमने अपने प्रतिद्वंद्वियों की ताकत का आकलन करने के साथ उनकी खेल शैली को समझने की भी कोशिश की है। हमारा बेंगलुरू में लगा राष्ट्रीय शिविर लंबा और खासा मशक्कत भरा रहा। हमने इस शिविर में हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेहनत की।



■ एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन व सकारात्मक नतीजों की आस

■ एशियई खेलों की अहमियत जानते हैं, मालूम है मकसद को पाने के लिए क्या करना है

### हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब : दीपग्रेस एक्का

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, जहां तक एशियाई खेलों की चुनी गई हमारी टीम के संयोजन की बात है तो हमने अनुभवी और नौजवान खिलाडियों की मिली जुली बढिया टीम है। हमारी संभी खिलाड़ी जेहनी तौर पर बढिया स्थिति में हैं । हमारी टीम की सभी खिलाड़ी मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ करने और अपनी प्रतिभा दिखाने को बेताब हैं। हम सभी इस बात से वाकिफ हैं कि हमारे पूल में कुछ मजबूत टीमें हैं। हमारी टीम हम सभी सभी इन एशियाई खेलों को यह आंकने के रूप में देख रहे हैं कि वे निजी और टीम के रूप में कितना परिपक्व हुए हैं। हम यह भी जानते हैं कि हमें वहां की स्थितियों से खुद को जल्द से जल्द ढालना होगा और हम इसके लिए तैयार हैं। हमारा कोशिश रहेगी कि हमारा ध्यान पूरी तरह हमारे खेल पर रहे।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम

**गोलरक्षक** : सविता (कप्तान)और बिच्छू देवी खरीबम।

**रक्षापंक्ति** : दीप ग्रेस एक्का (उपकप्तान), इशिका चौधरी, निकी प्रधान व उदिता।

**मध्यपंक्ति** : सुशीला चानू, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा गोयल, निशा वारसी, सलीमा टेटे, सोनिका, वैष्णवी विल फाल्के।

**अग्रिम पंक्ति** : वंदना कटारिया, दीपिका, ललरेमसियामी,संगीता कुमारी।

## सार संक्षेप

### एशियन गेम्स : भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने कंबोडिया को 3-0 से हराया

**हांगझाऊ (चीन)।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम ने मंगलवार को हांगझाऊ में सीएक्ससी जिम्नेजियम में पूल सी में कंबोडिया पर 3-0 से जीत के साथ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत की। मिली जानकारी के मुताबिक, भारत ने यह मैच 3-0 (25-14, 25-13, 25-19) से जीता। बुधवार को भारत का मुकाबला दुनिया के 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया से होगा। हांगझाऊ खेलों में पुरुष वॉलीबॉल में कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक, भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई खेलों में अब तक कुल तीन वॉलीबॉल पदक जीते हैं। 1962 में वे उपविजेता रहे। भारत के अन्य दो पदक 1958 और 1986 में जीते गए कांस्य थे।

### टिम साउदी के क्रिकेट विश्वकप खेलने पर संशय

**वेलिंगटन।** हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ एक मैच के दौरान कैच पकड़ने के प्रयास में चोटिल हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी के विश्व कप में खेलने पर संशय है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि साउदी को अंगूठे की सर्जरी करानी पड़ेगी, इसलिये पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले विश्व कप में साउदी के खेलने के बारे में फैसला अगले सप्ताह लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच के दौरान एक कैच पकड़ने का प्रयास में 34 वर्षीय खिलाड़ी का अंगूठा चोटिल हो गया था। इंग्लैंड विश्वकप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। विश्व कप के पहले मैच से दो सप्ताह पहले गुरुवार को साउदी की सर्जरी होगी।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हमारे लिए अपनी क्षमता दिखाने का अच्छा मौका है : पॉल स्टर्लिंग

**लीड्स।** आयरलैंड के अंतरिम कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार शाम से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच से पहले उत्साहित है। स्टर्लिंग के पास पिछली बार एकदिवसीय मैच में दोनों टीमों के बीच हुई अच्छी यादें हैं - उन्होंने 2020 में साउथम्प्टन में आयरलैंड के लिए सात विकेट की जीत में 142 रन बनाए थे - एक रोमांचक मैच जिसमें आयरलैंड ने जीत के लिए 329 रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया था। क्रिकेट आयरलैंड ने स्टर्लिंग के हवाले से कहा,हम जानते हैं कि जो भी (इंग्लैंड के लिए) खेलेंगे वे गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर बनेंगे। मुझे लगता है कि इंग्लैंड हाल ही में इतनी अच्छी टीम इसलिए रही है क्योंकि गहराई में उनकी ताकत इतनी अधिक है। मुझे लगता है कि वे संभवत- अपने शीर्ष एकादश में से किसी एक की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को ले सकते हैं और यह बहुत भिन्न नहीं होगा कि वे अपना काम कैसे करते हैं।